श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 23 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 333, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्यूट्रान तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद 14
सिंघम के प्रदर्शन के 13 साल सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी 13

मोदी ने कहा- विपक्ष ने स्वार्थ के लिए संसद का दुरुपयोग किया, कांग्रेस बोली- प्रधानमंत्री ने 10 साल तक देश का गला घोंटा

# संसद सत्र के पहले ही दिन ठनी

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के पहले दिन ही लोकसभा में भाजपा और विपक्षी दलों के बीच गहमागहमी देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर नकारात्मक राजनीति करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संसद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया तथा कहा कि संसद किसी दल के लिए नहीं बल्कि देश के लिए है। इस पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि मानसून सत्र की शुरुआत के मौके पर विपक्ष को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की गई है, जबकि उन्होंने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज दबाई जिसकी सजा जनता ने हालिया लोकसभा चुनाव में उन्हें दी।

संसद सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मंगलवार को पेश होने वाला केंद्रीय बजट अगले पांच वर्षों में सरकार की यात्रा की दिशा तय करेगा और 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने की नींव रखेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद के पिछले सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष ने ढाई घंटे तक देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का प्रयास किया। मोदी ने कहा कि लोगों ने लोकसभा चुनाव में अपना फैसला दे दिया है और अब सभी राजनीतिक दलों को अगले पांच साल देश के लिए मिलकर लड़ना होगा। वहीं कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को मोदी सरकार शब्द के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए। संसद के मानसून सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा ने कहा जिस व्यक्ति ने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज़ दबाई, वो आज प्रतिपक्ष के आवाज उठाने पर रुदन करता हुआ बेहद कमजोर दिख रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिपक्ष पर अशोभनीय टिप्पणी के साथ आज मानसून सत्र की शुरुआत की।



राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ व अमित शाह।

### बिहार को विशेष दर्जे की मांग, सरकार ने नकारा

**नयी दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठाये जाने के बीच सरकार ने 2012 में तैयार एक अंतर-मंत्रालयी समूह की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सोमवार को कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई मामला नहीं बनता है। वहीं राज्यसभा में विशेष दर्जा और पैकेज की मांग उठाई।

### पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड न बनाए जाएं : अखिलेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में प्रश्न काल में सपा के अखिलेश यादव ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर कहा कि सरकार क्या पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड बनाएगी। यादव ने कहा कि अनेक परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं, पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड न बनाये जाएं। नीट पेपर लीक मामले को लेकर पूरे देश के विद्यार्थी आंदोलित हैं।



### नीट मुद्दे को लेकर राहुल और धर्मेंद्र प्रधान आमने-सामने

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान नीट मुद्दे पर बोलने की अनुमति न दिए जाने का विरोध करते हुए विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। प्रश्न काल की कार्यवाही के दौरान सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपनी जगह पर खड़े होकर नीट पेपर लीक का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान अपने को छोड़कर इससे जुड़े प्रत्येक व्यक्ति पर आरोप लगा रहे हैं। परीक्षाओं को लेकर क्या चल रहा है, उसे मंत्री महोदय समझ नहीं रहे हैं। नौकरियों और प्रवेश परीक्षाओं के पेपर लीक होने से लाखों विद्यार्थी प्रभावित हो रहे हैं। विद्यार्थी बहुत चिंतित हैं कि यह क्या हो रहा है। विद्यार्थी मान बैठे हैं कि देश में परीक्षा प्रणाली में धोखाधड़ी होती है। इस पर प्रधान ने कहा कि उन्हें ओडिशा के उनके निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं ने चुनकर यहां भेजा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्री बनाया है। उन्हें किसी से प्रमाण-पत्र नहीं चाहिये। इसके बाद गांधी सहित अन्य विपक्षी सदस्य कुछ कहना चाहते थे, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अनुमति नहीं दी।

- **शिक्षा मंत्री बोले- कोर्ट में है मामला, जो निर्देश होगा हम उसे मानेंगे**

# आर्थिक सर्वेक्षण में जीडीपी ग्रोथ 7.0% रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत और वैश्विक उठापटक को झेलने में सक्षम बताते हुए आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 की तस्वीर पेश की। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है। वहीं भारत में बढ़ते कार्यबल की रोजगार की जरूरत पूरी करने के लिए गैर कृषि क्षेत्र में 2030 तक प्रति वर्ष 78.5 लाख नौकरियों के अवसर बनाने की जरूरत है।

सीतारमण ने कहा कि आर्थिक दृष्टि के लिहाज से जोखिम काफी हद तक संतुलित हैं और बाजार में उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। अनेक तरह की विदेशी चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 में हासिल की गई भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की तेज गति वित्त वर्ष 2023-24 में भी बरकरार रही। वृहद आर्थिक स्थिरता पर फोकस करने से यह सुनिश्चित हुआ कि विदेशी चुनौतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा। वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत रही, वित्त वर्ष 2023-24 की चार तिमाहियों में से तीन तिमाहियों में विकास दर आठ प्रतिशत से अधिक रही।



- **सर्वेक्षण में दिखी अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर, वित्त मंत्री आज पेश करेंगी बजट 78.5 लाख नौकरियों की जरूरत**

### आर्थिक समीक्षा अर्थव्यवस्था की ताकत को दिखाती है : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद में पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को रेखांकित करता है और सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा यह आगे के विकास और प्रगति के क्षेत्रों की भी पहचान करता है क्योंकि हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रह हैं।

## एक नजर

### अखिलेश कुमार संयुक्त निर्वाचन आयुक्त बने

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने सोमवार को तीन आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ अखिलेश कुमार मिश्र को राज्य निर्वाचन आयोग में संयुक्त निर्वाचन आयुक्त बनाया गया है। रीजनल फूड कंट्रोलर मुरादाबाद मनोज कुमार के पद पर तैनात रहे मनोज कुमार को अपर आयुक्त बरेली मंडल बनाया गया है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार को रीजनल फूड कंट्रोलर मुरादाबाद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शासन के सूत्रों ने बताया कि पंचायतों के उप चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग में संयुक्त निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति की गई है। अभी तक यह पद खाली चल रहा था।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया को उनकी पूर्व में दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया था, उस दौरान ही विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश पारित किया। अदालत ने 30 अप्रैल को जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### निपाह : संपर्क में आए 350 लोगों में संक्रमण का खतरा

**कोझिकोड।** दुर्लभ संक्रमण से जान गंवाने वाले 14 वर्षीय लड़के के संपर्क में आने के कारण निपाह वायरस से संक्रमित होने के खतरे का सामना करने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 350 हो गई है, जिनमें से 101 से भी ज्यादा लोग उच्च जोखिम की श्रेणी में हैं। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने सोमवार को यह जानकारी दी। केरल का स्वास्थ्य विभाग 13 लोगों के परीक्षण के परिणामों की प्रतीक्षा कर रहा है, जिनके नमूने परीक्षण के लिए कोझिकोड मेडिकल कॉलेज की विषाणु विज्ञान प्रयोगशाला और तिरुवनंतपुरम के एडवांस्ड वायरोलॉजी इंस्टीट्यूट में भेजे गए थे।

### आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग, नाविक लापता

**मुंबई।** पोतगाह में नौसेना के बहुउद्देशीय युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग लगने के बाद एक नाविक लापता है। एक आधिकारिक ने जानकारी दी कि भारतीय नौसेना के बहुउद्देशीय युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में 21 जुलाई की शाम उस समय आग लग गई थी, जब नौसेना के मुंबई स्थित पोतगाह में उसकी मरम्मत की जा रही थी। इसमें कहा गया जहाज के चालक दल ने अग्निशमनकर्मियों की मदद से 22 जुलाई सुबह तक आग पर काबू पा लिया।

# कांवड़ मार्गों पर नाम प्रदर्शित करने के आदेश पर रोक

सुप्रीम कोर्ट ने उप्र, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस किया जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने भाजपा शासित उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों द्वारा जारी उन निर्देशों पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी, जिनमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकारों के इन निर्देशों का उद्देश्य धार्मिक भेदभाव को बढ़ावा देना है।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी किया और उनसे निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने को कहा। मध्य प्रदेश में उज्जैन नगर निगम ने भी दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर नाम और मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने का शनिवार को निर्देश दिया था। पीठ ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी करने के साथ ही कहा कि भोजनालयों के लिए यह प्रदर्शित करना आवश्यक किया जा सकता है कि वे किस प्रकार का भोजन परोस रहे हैं, जैसे कि वे शाकाहारी हैं या मांसाहारी। पीठ ने इस मामले पर आगे की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी।



### सिंघवी ने कहा- परोक्ष रूप से आदेश पारित किया गया

पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या इस मामले में कोई औपचारिक आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में एक परोक्ष आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने संबंधी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड का आदेश पहचान के आधार पर बहिष्कार है और यह संविधान के खिलाफ है। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह ने कहा कि राज्य के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि आदेश का अनुपालन स्वैच्छिक है, लेकिन इसे बलपूर्वक लागू किया जा रहा है।

# नीट-यूजी: कोर्ट ने टीम बनाकर प्रश्न के सही उत्तर पर रिपोर्ट सौंपने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने विवादों में घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई शुरू की और आईआईटी-दिल्ली के निदेशक से तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने को कहा, जो इस परीक्षा में पूछे गए एक विशेष प्रश्न पर विचार करेगी और मंगलवार दोपहर तक सही उत्तर पर एक रिपोर्ट पेश करेगी।

शीर्ष अदालत ने कुछ अभ्यर्थियों की उस दलील पर गौर किया कि परमाणु और उसकी विशेषताओं से संबंधित एक प्रश्न के दो सही उत्तर थे और परीक्षार्थियों के एक समूह, जिन्होंने दो सही उत्तरों में से एक विशेष उत्तर दिया था, उन्हें चार अंक दिए गए। याचिकाकर्ताओं ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष दलील दी कि इसका सफल उम्मीदवारों की अंतिम मेधा सूची पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।



### व्यापक स्तर पर पेपर लीक का रिकॉर्ड नहीं

पीठ ने नीट-यूजी 2024 को रद करने का अनुरोध कर रहे याचिकाकर्ताओं से यह दर्शाने को कहा कि परीक्षा आयोजित करने में व्यवस्थागत विफलता हुई थी। पीठ ने कहा कि अब तक रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जो यह दर्शाए कि प्रश्नपत्र लीक व्यापक स्तर पर हुआ था। उसने कहा कि पटना और हजारीबाग में कुछ गलत कृत्यों के उदाहरण हैं, लेकिन वे व्यवस्थागत विफलता को दर्शाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

# पूर्व सैनिक ने परिवार के छह सदस्यों की हत्या की

अंबाला, एजेंसी

- **वारदात को अंजाम देने के बाद शवों को जलाने की भी कोशिश**

हरियाणा में अंबाला जिले के नारायणगढ़ में एक पूर्व सैनिक ने भूमि विवाद के चलते अपनी मां और भतीजे-भतीजी समेत अपने परिवार के छह सदस्यों की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात नारायणगढ के रटोर गांव में हुई।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने शवों को जलाने की भी कोशिश की। हमले में गंभीर रूप से घायल हुई पूर्व सैनिक की भतीजी की बाद में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त जवान भूषण कुमार ने परिवार के सदस्यों की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हत्या कर दी और अपने पिता को भी घायल कर दिया। वारदात के समय पीड़ित सो रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दो भाइयों के बीच कथित भूमि विवाद के कारण यह घटना हुई। मृतकों की पहचान कुमार की मां सरूपी देवी (65), भाई हरीश कुमार (35), हरीश की पत्नी सोनिया (32) और उनके तीन बच्चों - सात वर्षीय परी, पांच वर्षीय यशिका और छह माह के मयंक के रूप में हुई है।

# 1500 करोड़ से रेलवे बना रहा ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **ट्रैक पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने में होगी आसानी, हर एक किलोमीटर पर खुद लगेगा सिग्नल**

**अमृत विचारः** मुरादाबाद-गाजियाबाद रेलखंड को स्मार्ट बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। 110 किलोमीटर के इस रेलखंड में हर किलोमीटर पर एक सिग्नल लगाया जाएगा। जिससे ट्रैक पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने में आसानी हो जाएगी। इससे ट्रेनों की गति और समय पालन में भी सुधार होगा।

जिसके लिए रेलवे ने जगह-जगह नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य पूरा कर लिया है। 1500 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के तैयार होने पर मुरादाबाद से गाजियाबाद व रोजा तक ऑटोमेटिक सेक्शन तैयार हो जाएगा। फिलहाल पहले चरण में मुरादाबाद- गाजियाबाद रेलखंड के बीच गाजियाबाद-हापुड़ के बीच कार्य शुरू हो चुका है।



मुरादाबाद-गाजियाबाद रेलखंड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग का काम शुरू हो गया है। इस वित्तीय वर्ष में यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अगले वर्ष मुरादाबाद-बरेली- शाहजहांपुर सेक्शन में काम कराया जाएगा।
**- आदित्य गुप्ता**, सीनियर डीसीएम

# विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बने सपा के लाल बिहारी

**लखनऊ।** विधान परिषद में सपा सदस्य लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। सदन में सपा सदस्यों की संख्या 10 होने के बाद सपा को यह पद मिला। सपा प्रमुख अखिलेश की ओर से विधान परिषद के सभापति को नेता प्रतिपक्ष पद के लिए लाल बिहारी, मुख्य सचेतक के लिए किरनपाल कश्यप, सचेतक के लिए आशुतोष सिन्हा, उप नेता पद के लिए मोहम्मद जासमीन अंसारी का नाम पेश किया गया। इसके बाद परिषद की ओर से इनको नियुक्त किये जाने के आदेश जारी हुए।



मिलक थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर हादसा

# जनरथ व निजी बस भिड़ीं चार की मौत, 50 घायल



हादसे के बाद हाईवे से क्षतिग्रस्त बसें हटवाती पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मिलक

- **घायलों में पांच बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही**
- **मरने वालों में मेरठ, बरेली और श्रावस्ती के रहने वाले**

**अमृत विचारः** मिलक थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर सोमवार तड़के रोडवेज की जनरथ बस और निजी वॉल्वो बस की भिड़ंत हो गई। हादसे में बस चालक और तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि 50 यात्री घायल हो गए। पांच बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जान गंवाने वालों में मेरठ,बरेली और श्रावस्ती के रहने वाले लोग हैं। इनके अलावा घायलों में श्रावस्ती, सीतापुर, बहराइच और दिल्ली के यात्री शामिल हैं।

बताया जाता है कि रविवार को गुरु पूर्णिमा पर जिला श्रावस्ती के लोग निजी वॉल्वो बस से शांतिकुंज ,हरिद्वार गए थे। रविवार तड़के साढ़े चार बजे बरेली की ओर से आ रही रोडवेज की जनरथ बस और वॉल्वो मिलक में हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के सामने आमने- सामने टकरा गईं। दोनों बसों में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे के बाद बसों के यात्रियों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। पुलिस और लोगों ने किसी तरह बसों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में मेरठ जिला के सरधना थाना क्षेत्र के गांव छुर्र निवासी रोडवेज बस चालक कवींद्र सिंह (55), यात्री जगदीश की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घायल यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद श्रावस्ती के गांव सुजानडीह निवासी हरिराम विश्वकर्मा और बरेली के थाना मीरगंज निवासी राम मनोहर पुत्र स्वामी देवल ने भी दम तोड़ दिया। उधर, हादसे की सूचना के बाद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ आरएस परिहार व पुलिस कर्मियों ने हाईवे से मलबा हटवाकर वाहनों का संचालन शुरू कराया।

कवायद | प्रदेश की ग्राम पंचायतें जल्द शहरों की तरह होंगी विकसित, जीपीएस से होगी मैपिंग

# मास्टर प्लान से होगा ग्राम पंचायतों का विकास

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की ग्राम पंचायतें जल्द शहरों की तरह मास्टर प्लान के अनुसार विकसित होंगी। इसकी शुरुआत पंचायती राज विभाग पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लखनऊ की ग्राम पंचायत बक्कास और गौतमबुद्ध नगर की कलौंदा से करने जा रहा है।

नई व्यवस्था को ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान (जीपीएसडीपी) नाम दिया है। इसमें गांवों का जीपीएस से सर्वे करके सड़क, पंचायत भवन, तालाब, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र आदि सरकारी निर्माण के लिए जगह आरक्षित की जाएगी, मैपिंग करके डिजिटल नक्शा बनाया जाएगा। इसी आधार पर निर्माण व अन्य कार्य कराये जाएंगे। इसे लागू करने का मकसद आगे होने वाले निर्माण बेहतर प्लान बनाकर करना है।



- **पायलट प्रोजेक्ट में लखनऊ की बक्कास और गौतमबुद्ध नगर की कलौंदा चयनित**

### रुकेगा अवैध निर्माण, गुम भूमि की होगी जानकारीः

मास्टर प्लान से जहां गांव का नियोजित विकास होगा वहीं अवैध निर्माण व भूमि पर कब्जा पर लगाम लगेगी। जीपीएस से जो डिजिटल मानचित्र बनेगा उसमें गाटा समेत भूमि का पूरा ब्योरा दिखेगा। यदि तालाब, चरागाह या ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा है तो मैप में दिखने पर कार्रवाई करके खाली कराई जाएगी। बहुत सी ऐसी भूमि ग्राम पंचायतों के अभिलेखों में दर्ज हैं, जबकि हकीकत में गुम हैं।

पायलट प्रोजेक्ट में दो ग्राम पंचायत चयनित की है। जहां ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान के तहत कार्य होंगे। इसके बाद अन्य ग्राम पंचायतों में लागू करेंगे। मकसद गांवों का बेहतर तरह से नियोजित विकास करना है।
**- अटल कुमार राय**, निदेशक, पंचायती राज विभाग

### 5 वर्ष के लिए प्लान, पंचायतों का हो चुका सर्वे

केंद्र सरकार के निर्देश पर पूर्व में पायलट प्रोजेक्ट में चयनित दोनों ग्राम पंचायतों का सर्वे और परीक्षण संबंधित कार्य हो गए हैं। यहां मास्टर प्लान भी बन गया है। अब विकास कराया कराया जाएगा। ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान 5-5 वर्ष के लिए बनेगा। लेकिन, शुरुआत में 1 वर्ष के लिए बनाया जाएगा। इसमें पुरानी व्यवस्था के तहत अब तक गांव के विकास के लिए बनाई जाने वाली ग्राम पंचायत डेवलपमेंट योजना (जीपीडीपी) को भी जोड़ा जाएगा।

## एक नजर

### छात्रा का मोबाइल लूटा रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र में छात्रा ने मोबाइल छीन कर फरार लुटेरों के खिलाफ सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराई। काकादेव थाना प्रभारी मनोज सिंह भदौरिया ने बताया 17 जुलाई को विनायकपुर निवासी सुप्रज्ञा तिवारी का फोन छीनकर बाइक सवार लुटेरे फरार हो गए थे। रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### ट्रेन से गिर कर युवक की मौत

**कानपुर।** झांसी से लखीमपुर खीरी जा रहे युवक की ट्रेन से गिर कर मौत हो गई। सेंट्रल जीआरपी ने परिजनों को सूचना दी। लखीमपुर खीरी, पोस्ट तेतारपुर, कलवारनपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार (35) झांसी में प्राइवेट कंपनी में कार्यरत थे। 19 जुलाई को वह झांसी से लखीमपुर जाने के लिए निकले थे। सोमवार को कानपुर सेंट्रल के पास ट्रेन से गिरने के कारण उनकी मौत हो गई।

### बैंक के सर्वर रूम में आग

**कानपुर।** पीरोड स्थित इंडसइंड बैंक में आग से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पर फजलगंज व कर्नलगंज फायर स्टेशन से दो गाड़िया मौके पर पहुंचीं। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया सोमवार दोपहर तीन बजे बैंक के सर्वर रूम में आग लगने की जानकारी मिली थी। वायरिंग जलने से बैंक में धुआं भर गया था। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने करीब 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया। कोई जनहानि नहीं है।

**❍ सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में गूंजे जयकारे, भक्तों की उमड़ी भारी भीड़ ❍ मंगला आरती के बाद भक्तों ने किया बाबा का जलाभिषेक और श्रृंगार**

# शिव की महिमा अपरंपार लाखों भक्त आए तेरे द्वार



आनंदेश्वर मंदिर परमट में खूब चढ़ा दूध। अमृत विचार



केसा कालोनी में पशुपतिनाथ की झांकी सजाई गई। अमृत विचार




कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सावन मास के पहले सोमवार को मंदिरों में लाखों भक्त उमड़े। भक्त रात से ही मंदिर के बाहर लाइन लगाए रहे। द्वार खुलते ही हर-हर महादेव के उद्घोष के बीच भक्तों ने शिव को जलाभिषेक किया। भोले को भोग लगाकर आरती उतारी और सुख-समृद्धि की कामना की।

आनंदेश्वर, सिद्धनाथ, जागेश्वर, पशुपतिनाथ में शिव भक्तों की कई पक्तियों में लंबी लाइन लगी रहीं। शंख, घंटा-घड़ियाल और खांजर के शोर में जयकारों की गूंज रही। श्रद्धालुओं ने लाइन लगाकर गंगाजल, दूध, दही, शहद व इत्र से शिव का अभिषेक किया। चंदन और भस्म का लेप लगाकर बेलपत्र, भांग, धतूरा, दुर्बा और शिव को प्रिय पुष्पों से उनका श्रृंगार किया। भोग लगाकर आरती उतारी। सुरक्षा के लिए मंदिर कमेटी, सेवादार और पुलिस बल तैनात रहा। परमट आनंदेश्वर मंदिर में ड्रेस कोड के साथ करीब 200 सेवादारों ने भक्तों की मदद की। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने भी मंदिर पहुंचकर सुरक्षा का जायजा और पूजन किया।



परमट मंदिर के बाहर तक लगी रही लाइन। अमृत विचार

### कैलास मानसरोवर का दिया रूप

केसा कालोनी स्थित पशुपति नाथ को इस बार कैलाश मानसरोवर का रूप दिया गया है। मंगला आरती के बाद रात दो बजे मंदिर का पट खुलते ही हजारों भक्तों ने जलाभिषेक किया। मंदिर के पुजारी ने बताया इस बार मंगलाआरती के समय कई नदियों के जल से बाबा जलाभिषेक किया गया है। मंदिर को कैलास मानसरोवर का रूप देने से भक्तों में जलाभिषेक करने का उत्साह है।



कांवड़िये भी जयकारे लगाते आए। अमृत विचार

### मंत्र जाप करते नंगे पैर पहुंचे भक्त

- आनंदेश्वर, सिद्धनाथ और जागेश्वर मंदिर में पहले जलाभिषेक की इच्छा लिए भक्त देर रात को ही पैदल और नंगे पैर शिव का जाप करते मंदिर पहुंच गए थे। मंदिर के बाहर भी बैठकर जाप करते रहे। शिव को जलाभिषेक करने के लिए घर से ही जल लेकर आए। भीड़ अधिक होने के कारण किसी भी भक्त को श्रृंगार करने का मौका नहीं मिला।

### भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया

- शहर के सभी मंदिरों में दिनभर भंडारे चलते रहे। पहले सोमवार को मंदिर कमेटी के साथ भक्तों ने भंडारे का आयोजन कराया। बाबा का जलाभिषेक करने के बाद भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कई मंदिरों में तो व्रत रखने वालों के लिए भी भंडारे का आयोजन किया। जिसमें उन्हें फलाहार व व्रत में खाने वाली चीजे दी गई।

### कांवड़ियों ने भी किया जलाभिषेक

- आनंदेश्वर मंदिर में कांवड़ियों का जत्था भी जलाभिषेक करने पहुंचा। जयकारे लगाते आए कांवड़ियों को मंदिर कमेटी की ओर से सुविधा दी गई और लाइन से अलग उन्हें बाबा का दर्शन कराया गया। जलाभिषेक के बाद कांवड़ियों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और शिवराजपुर के लिए रवाना हो गए।

# अंधेर : आरटीओ में तीन महीने से आरटीआई का पोर्टल ही नहीं खोला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **एआरटीओ ने पोर्टल खुलवाया तो आरटीआई के 45 केस विचाराधीन मिले**
- **कई बाबुओं को फटकार, निलंबित करने की चेतावनी, दो दिन का समय**

**अमृत विचार।** जनसूचना अधिकारी 2005 एक्ट के तहत मांगी जाने वाली सूचनाओं के पोर्टल को संभागीय परिवहन कार्यालय में तीन महीने से खोला ही नहीं गया। तीन महीने बाद एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार ने जब इसको खुलवाया तो दंग रह गए क्योंकि 45 केस विचाराधीन दिखाई दिए। एआरटीओ ने बाबुओं को फटकारते हुए निलंबन तक की चेतावनी दी और दो दिन के अंदर सारे केस का निस्तारण करने का आदेश जारी किया।

बीते दिनों संभागीय परिवहन कार्यालय में आरटीओ, एआरटीओ प्रशासन से लेकर कई अधिकारियों के ट्रांसफर हो गए। कानपुर में एआरटीओ प्रशासन के पद पर एआरटीओ राजेश राजपूत के स्थान पर अब आलोक कुमार ने चार्ज संभाला है। सोमवार को एआरटीओ ने जब जनसूचना अधिनियम 2005 का पोर्टल चेक कराया तो दंग रह गए, उसे कई माह से खोला ही नहीं गया था। पासवर्ड को लेकर काफी समय तक एक बाबू दूसरे बाबू को जिम्मेदार ठहराते रहे। गुस्साये एआरटीओ प्रशासन ने तीन बाबुओं को फटकार लगाई और दो दिनों के अंदर सभी मामलों का निपटारा करने का आदेश जारी किया।




> जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के पोर्टल पर 45 केस विचाराधीन हैं। काफी समय से ये पार्टल खुला नहीं है। बाबुओं को दो दिन का समय दिया गया है, सभी मामलों का निस्तारण किया जाएगा।
>
> **आलोक कुमार, सहायक संभागीय अधिकारी प्रशासन**

## घर में घुस मोबाइल व नकदी पार की

**कानपुर।** बर्रा थानाक्षेत्र निवासी युवक के कमरे में घुस कर चोरों ने दो मोबाइल व 61 हजार नकदी पार कर दी। मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो युवक कैद हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

बर्रा विश्व बैंक डी ब्लॉक निवासी ओमप्रकाश किराए पर रहते हैं। उनके कमरे में योगेंद्र सिंह भी रहते हैं। रविवार सुबह लगभग तीन बजे बिल्डिंग में लगी जाली में चढ़ कर एक युवक कमरे में घुस आया, जबकि दूसरा बाहर खड़ा हुआ था। कमरे में रखे दो मोबाइल, स्मार्ट वॉच व 61 हजार रुपये पार कर दिए। सुबह सोकर उठने पर उन्हें चोरी की जानकारी हुई। पूरी घटना बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बर्रा थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **देवर पर छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया**

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर निवासी महिला ने ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न व छेड़छाड़ संबंधी आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने देवर पर अश्लीलता करने का आरोप लगाया। पीड़िता के पुलिस कमिश्नर से शिकायत करने पर स्वरूप नगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2014 में उसका विवाह हुआ था। कोरोना के समय वह शहर स्थित ससुराल आ गई, जबकि पति दिल्ली में नौकरी करते हैं। आरोप है कि कुछ समय बाद ससुरालीजनों ने दहेज की मांग करने लगे, मना करने पर प्रताड़ित किया। आरोप है कि 12 जून को किचन में काम करने के दौरान देवर ने उनके साथ छेड़छाड़ की, विरोध करने पर गाली गलौज की। इसके बाद देवर ने कपड़े फाड़ कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। बाद में सास ने समझौता कर दोबारा बुला लिया। आरोप है कि बीती 28 जून को ससुरालीजनों ने दोबारा मारपीट की। पुलिस से शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। स्वरूप नगर इंस्पेक्टर राजेश कुमार शर्मा ने बताया ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, छेड़छाड़ में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## कोचिंग मंडी में हो रही गांजा सप्लाई, 11 किलो बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **एक तस्कर गिरफ्तार, दो छत से कूदकर भागे**

**अमृत विचार।** काकादेव पुलिस ने 9 नंबर क्रॉसिंग स्थित मकान में छापा मार कर गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया। 11 किलो गांजा बरामद किया। सरगना और एक आरोपी छत से कूद कर फरार हो गए। आरोपी कोचिंग मंडी में गांजा बेचते थे। पुलिस ने आरोपी के पास से 22 हजार रुपये बरामद किए।

डीसीपी सेंट्रल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि काकादेव पुलिस को 9 नंबर क्रासिंग स्थित शिवदेवी के मकान में तस्करी के लिए लाए गए गांजे की जानकारी मिली थी। जिस पर काकादेव पुलिस ने मकान में छापा मारा। दबिश के दौरान छत पर मौजूद दो युवक मौके से भाग निकले, जबकि एक आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जिसकी पहचान विशाल सैनी के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान विशाल ने बताया कि उसके साथी आलोक सैनी उर्फ कपाली व बलरामपुर निवासी जावेद फरार हो गए। छापेमारी के दौरान पुलिस को 11 किलो गांजा बरामद किया। काकादेव थाना प्रभारी ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज की। डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने जावेद को गैंग का सरगना बताया है।

## नौकरी छूटने से परेशान चालक ने फांसी लगाई

**कानपुर।** मूलरूप से फतेहपुर निवासी राहुल सिंह (26) निराला नगर यू ब्लॉक में किराए के मकान में रहते थे। परिवार में पत्नी सोनम, एक साल की बेटी, मां उर्मिला सिंह व छोटा भाई लकी है। पत्नी ने बताया कि राहुल किराए पर डीसीएम चलाते थे। बीते एक माह से नौकरी छूटने पर वह तनावग्रस्त थे। सोमवार को घर में कोई नहीं था तभी मौका पाकर पति ने कमरे में दीवार पर लगे हुक में चादर का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोपहर में देवर खाना खाने घर आया तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर किदवई नगर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# तैनात किए जाएंगे 55 डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **दूर होगी डॉक्टरों की समस्या, अभी एक डॉक्टर पर 2 से 3 केंद्रों का भार**
- **सीएमओ कार्यालय में हुए साक्षात्कार, समय से मिलेगा मरीजों को इलाज**

**अमृत विचार।** शहर में कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों की तैनाती नहीं है। एक-एक डॉक्टर पर दो से तीन पीएचसी की जिम्मेदारी हैं, ऐसे में इलाज के लिए इन केंद्रों पर पहुंचने वाले मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता है। उन्हें हैलट या उर्सला अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ती है। अब अर्बन पीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर 55 डॉक्टरों की तैनाती होने से जल्दी ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

शहर में बीमार लोगों को घर के पास स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं। इसी तरह कुछ साल पहले जगह-जगह हेल्थ वेलनेस सेंटर बनाए गए हैं, लेकिन डॉक्टरों की कमी से इन केंद्रों का पूरा लाभ क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल पा रहा है।



स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार अर्बन पीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की संख्या के अनुपात में पर्याप्त डॉक्टर नहीं होने के कारण एक-एक डॉक्टर की दो से तीन और कभी-कभी तो चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सप्ताहिक ड्यूटी लगानी पड़ती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आलोक रंजन ने यह समस्या दूर करने के लिए शासन से डॉक्टरों की मांग की थी। सीएमओ ने बताया कि शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने के लिए 55 डॉक्टरों की तैनाती अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर की जाएगी। इसके लिए साक्षात्कार हो चुके हैं। चयन प्रक्रिया पूरी होते ही केंद्रों पर एमबीबीएस डॉक्टरों की तैनाती की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **वीरपाल सिंह पुत्र बहादुर सिंह, निवासी–ग्राम–विश्रामपुर, पोस्ट व थाना–कागारोल, जिला–आगरा उ0प्र0** मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश पुत्री का नाम प्रतीग्या व जन्म तिथि 01–01–2008 अंकित हो गया है जबकि मेरी पुत्री के हाईस्कूल प्रमाण–पत्र में उसका नाम प्रतिभा कुमारी व जन्मथि 09–07–2008 अंकित है। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम प्रतिभा कुमारी है, एवम् उसकी वास्तविक जन्मतिथि 09–07–2008 है। अतः मेरी पुत्री के आधार कार्ड पर उसका सही नाम प्रतिभा कुमारी व जन्मथि 09–07–2008 अंकित किया जाय।

**सूचना**

मेरा गाटा संख्या (39मि0) स्थित ग्राम बालापुर रतनपुर के बैनामे का मूल दस्तावेज 5 जुलाई 2024 को बालापुर से तुलसीपुर जाते समय रास्ते में वानपुर चौराहे के पास कहीं गिर कर खो गया है।– **उग्रसेन यादव पुत्र घिराऊ ग्राम निश्चलपुर (चैनपुर) कोतवाली –जरवा जिला– बलरामपुर**

**सूचना**

यह कि मेरे भाई मनोज उर्फ रूकसार पुत्र अख्यतार अली का चाल चलन सही न होने के कारण उससे संबध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी भी कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वह अपने कार्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा। – **इस्माद अली पुत्र अख्यतार अली नि. फकिरपुरा, मौ. बहोसी, थाना इंदरगढ़, कन्नौज।**

**सूचना**

सूचित हो कि मै छोटेलाल पुत्र घरसू, निवासी– मो0 मिर्जापुर पों0 मल्लावां तह0– बिलग्राम जिला हरदोई का हूँ। मेरे पुत्र स्व0 नारेन्द्र की मृत्यु हो चुकी है जिसकी पत्नी श्रीमती सुमीना है जिनके द्वारा अपनी दूसरी शादी मनोहर पुत्र राजेन्द्र गौतम, निवासी– ग्राम नसीबपुर, पो0– बरखौरा थाना मल्लावां जनपद हरदोई के साथ एक सप्ताह पूर्व कर ली गयी है। जो अपने पति के साथ रही रही है। उक्त मीना की शादी पहले मेरे पुत्र नारेन्द्र के साथ हुयी थीं जिनसे दो बच्चे पुत्र सुमित व पुत्री नैन्सी है जो कि नाबालिग है। मेरी बहू मीना के द्वारा द्वारा विवाह कर लेने के बाद से मैं अपनी चल – अचल सम्पत्ति से मीना को बेदखल कर दिया है। उक्त मीना के द्वारा किये जाने वाले कार्यो से मेरा कोई भी वास्ता नही रह गया है उक्त बच्चे सुमित व नैन्सी नाबालिग है जिसका स्वयं संरक्षक है जिनसे मीना का कोई वास्ता नही रहेगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मरियम रफी पुत्री मो. रफी** Mohd Rafi 542/के.बी. 21 **गेट नंबर 2 किशोर बिहार कालोनी कैम्पबेल रोड** की हूँ। मेरे आंधार कार्ड, स्कूल की मार्कशीट व अन्य दस्तावेजों में पिता का नाम त्रुटिवश मलिक मो. रफी (Malik Mohd Rafi) व रफी मलिक (Rafi Malik) दर्ज हो गया है जोकि गलत है। यह कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र पर पिता का नाम मो0 रफी (Mohd Rafi) दर्ज है जोकि सत्य व सही है। मेरे पिता का नाम त्रुटिवश मलिक मो. रफी (Malik Mohd Rafi) मार्कशीट में दर्ज हो गया है। उसको मो0 रफी (Mohd Rafi) किया जाय।

**सूचना**

मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे चार पुत्र व एक पुत्री है किंतु मेरा सबसे बड़ा लड़का धर्मेंद्र जो नशा करना मारपीट झगड़ा लड़ाई के साथ अनैतिक कार्य लगातार करता रहता है हमारी सेवा व देखभाल भी नहीं करता है तथा परिवार से उसका कोई लेना–देना नहीं है। जिसके चलते मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं उसके द्वारा किए करावे से मेरा आज से कोई लेना देना नहीं है।– **श्रीपाल सरोज पुत्र रामदयाल रायपुर फुलवारी जनपद अमेठी**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **राधिका सिंह पत्नी स्व0 किरन शंकर सिंह, निवासी–213 महाजनीटोला अयोध्या थाना शिवाली नगर जनपद अयोध्या,** मेरे एक पुत्री व चार पुत्र है जिनमें से तीसरे नम्बर के पुत्रवधू श्री मती दुर्गेन्द्र पत्नी वैभव सिंह, निवासी– 18 हरदासपुर थाना हंसवर अम्बेडकनगर से काफी मानसिक रूप से हैरान व परेशान रहती हूँ इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मैं व मेरी पुत्री व मेरे अन्य पुत्रों से कोई वास्ता व सरोकार नही है न होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम FATIMA QIDWAI से बदलकर FATIMA ARSHAD रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/O-ARSHAD ALI QIDWAI, Add: 266/736 BAGIYA, HABIB BEG BHADEWAN RAJENDRA NAGAR, LUCKNOW-226004

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **शरीफउद्दीन पुत्र स्व फजल अहमद निवासी ग्रा0 पो0– कम्हरिया, थाना– मौदहा जनपद हमीरपुर** का मूल निवासी हूँ। मेरे पासपोर्ट पर त्रुटिवश शरीफउद्दीन निजामी अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड और समस्त दस्तावेजों में शरीफउद्दीन दर्ज है। शरीफउद्दीन और शरीफउद्दीन निजामी दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मुझे इन दोनों नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मुन्ना पुत्र स्व0 नबी अहमद, निवासी– मो0 कटरा शहाबपुर, पोस्ट– शहाबपुर, थाना मसौली, तहसील नवावगंज, जनपद बाराबंकी** मेरा पुत्र मो0 हसनैन पुत्र मुन्ना व उसकी पत्नी नारीन बानो पत्नी मो0 हसनैन जो कि मेरा कहना नही मानते है और अपनी मन–मर्जी करते है। उनका चाल–चलन अच्छा नहीं है तथा कुछ कहने पर उल्टे मुझे व उसकी पत्नी को मारता भी है। उससे काफी परेशान, हताश व हैरान होकर अपनी चल–अचल सम्मत्ति से बेदखल करता हूँ। उक्त से अब मेरा व उसके परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं रह गया है। अगर उक्त दोनो मो0 हसनैन व बहू नसरीन बानो अगर कोई कृत्य घटना घटित करते है तो उसके वह स्वयं के जिम्मेदार होगें।

**अभियान** — एक–दूसरे पर लांछन लगाने के बजाय मुस्लिम कयादत को मजबूत करेंगे, कुलीबाजार से सदस्यता अभियान शुरु

# शहर में तीन लाख मुसलमानों को जमीअत से जोड़ेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जमीअत उलमा-ए-हिंद ने कानपुर में तीन लाख मुसलमानों को जमीअत से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुसलमानों को एक प्लेटफार्म पर लाने के साथ ही मुस्लिमों की कयादत भी मजबूत की जाएगी। सोमवार को जमीअत सदस्यता अभियान की शुरुआत कुलीबाजार से करते हुए इस अभियान को 15 अगस्त तक चलाने की घोषणा की गई।

सोमवार को मस्जिद आयशा कुलीबाजार में जमीअत उलमा हिंद की आपात बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने की।

शहरकाजी ने बीस सदस्यीय टीम गठन किया जो मुस्लिम इलाकों में जाकर लोगों को जमीअत उलमा की सदस्यता ग्रहण कराएगी। शहरकाजी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जमीअत ने मतदाता जागरुकता अभियान चलाया था।

जिसके नतीजे में मुसलमानों ने मुतहिद (एक राय होकर) मतदान किया और नतीजे आपके सामने हैं। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को अपनी ताकत को समझना होगा।

शहरकाजी ने कहा कि जब भी कोई जलसा, जुलूस निकालें तो शरारतीतत्वों पर जरुर नजर रखें। मुख्य वक्ता गुफरान अहमद चांद ने कहा कि लोकसभा चुनाव के जो नतीजे आए हैं, उससे हमको कुछ राहत मिली है। मुसलमानों को अपने कायदीन (रहनुमाओं) को पहचानना होगा।



मस्जिद आयशा कुलीबाजार में जमीअत की बैठक को संबोधित करते शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी। अमृत विचार

### कानपुर में ख्वातीन इज्तेमा जल्द

- महिलाओं, युवतियों को जमीअत उलमा से जोड़ने के लिए कानपुर में एक ख्वातीन इज्तेमा (महिला धार्मिक सम्मेलन) का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारियां शुरु हो चुकी हैं, ये कार्यक्रम कहां होगा, ये स्थान अभी तय नहीं है।

### मतदाता सूची ठीक कराने का अभियान

- संचालन कर रहे मौलाना अबू बकर हादी ने कहा कि लाखों मुसलमानों के नाम मतदाता सूची में गड़बड़ी है या फिर नाम ही नहीं हैं, तमाम ऐसे मतदाता हैं जिनकी उम्र में गड़बड़ी है, कई के फोटो गलत लगे हैं, कुछ मतदाता पहचानपत्र में पता गलत अंकित हैं, ऐसे में जमीअत अभियान चलाकर लोगों के नाम मतदाता सूची में अंकित कराएगी। मौलाना मंसूर अहमद जामई ने कहा कि जमीअत की सदस्यता बढ़ाने के लिए टीम गठित कर दी गई है जिसने घनी आबादी वाले क्षेत्रों में अपना काम शुरु कर दिया है।

## कानपुर नगर निगम, मोतीझील कानपुर

कानपुर नगर निगम

**सार्वजनिक सूचना**

गजट अधिसूचना के पत्रांक संख्या–257/नौ–2021–162सा/2021 लखनऊ, दिनांक 20 अक्टूबर, 2021 के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कानपुर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अन्तर्गत कानपुर नगर के समस्त 110 वार्डो के सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयास से नगर निगम कानपुर की प्रत्येक वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण में कानपुर नगर निगम बेहतर रैकिंग होती रही है। इस वर्ष भी नगर निगम, कानपुर 'स्वच्छ सर्वेक्षण–2024' में प्रतिभाग कर रहा है। कानपुर नगर के सम्मानित जनता से निवेदन है कि अपने घरो / प्रतिष्ठानों से निकलने वाले सूखा कूड़ा (Dry Waste) को नीले डस्टबीन में, गीला कूड़ा (Wet Waste) को हरा डस्टबीन में, घरेलू हानिकारक (Domestic Hazardous Waste) को काला डस्टबीन में एवं डोमेस्टिक सैनेटरी (Domestic Sanitary Waste) को पीला डस्टबीन में अलग–अलग रखे। एकत्रित गीला एवं सूखा कूड़ा को रोड/ सड़क/मार्ग/ खाली प्लाट/इधर–उधर में न फेके। नगर निगम कानपुर द्वारा प्रत्येक घरो से दिन में एक बार कूड़ा कलेक्शन करने हेतु कर्मचारी लगाये गये है, अपने घरो के कूड़े को नगर निगम की वाहन पहुंचने पर उसमें डाले एवं नगर निगम कानपुर को स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 में रैकिंग प्राप्त करने में अपना योगदान देकर अपने नागरिक कर्तव्यो का वहन करे।

नगर आयुक्त
नगर निगम, कानपुर

Ro no-48

## आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| 37.4° | 28.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 29 | सूर्यास्त 07 : 01 |

## शहर में आज



- **बजट का लाइव प्रसारण :** मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश में यूनियन बजट का लाइव प्रसारण डॉ. गौर सिंघानिया कॉन्फ्रेंस हॉल, मर्चेंट चैंबर, में सुबह 11 बजे।
- **ज्ञापन :** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा श्रमिकों की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सीटीआई गोविंद नगर परिसर में स्थित उप मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) को उनके कार्यालय पर दोपहर 3 बजे।
- **बैठक :** कानपुर बार एसोसिएशन की बैठक, पौधरोपण, ई लाइब्रेरी का शुभारंभ अपराह्न 1.30 बजे से। बहुजन मुक्ति पार्टी, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक जिला कार्यालय, बीएमपी, 10 दुकान, किदवई नगर, कानपुर नगर सायं 6 बजे।
- **कैंडल मार्च :** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के तत्वाधान में शहर में हो रही अघोषित बिजली कटौती व बिजली के बिलों में की जा रही मूल्य वृद्धि के विरोध में कैंडल मार्च सपा कार्यालय 7 नवीन मार्केट सायं 7 बजे।
- **चुनाव :** कानपुर सर्राफा कमेटी का चुनाव 43/203 कमेटी कार्यालय चौक में दोपहर एक बजे से।

## एक नजर

### मुंबई की फ्लाइट फिर लेट यात्री परेशान



**कानपुर :** मुंबई से आने वाली फ्लाइट सोमवार को भी दो घंटे से अधिक देरी से कानपुर पहुंची जिससे यात्री परेशान रहे। हालांकि दिल्ली की फ्लाइट समय से आ गई लेकिन मुंबई में बारिश के कारण दो घंटे से अधिक देरी से मुंबई की फ्लाइट के कानपुर में लैंड किया। इस संबंध में कानपुर एयरपोर्ट के निदेशक संजय कुमार का कहना है कि मुंबई से ही फ्लाइट लेट आई, कानपुर में कोई दिक्कत नहीं थी।

# छह अस्पतालों में सर्वर ठप, मरीजों को दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सर्वर ठप होने से ओपीडी पर्चा काउंटर नहीं चला, इमरजेंसी में भी नहीं बने पर्चे

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज से संबंध छह अस्पतालों में सोमवार को इंटरनेट का सर्वर ठप हो गया। कॉर्डियोलॉजी में भी समस्या आई। जिसकी वजह से ओपीडी में पर्चे बनने में समस्या आई और इमरजेंसी में भी पर्चे और भर्ती फाइल बनाने में दिक्कतें हुई। मरीजों व तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सोमवार को हैलट, बाल रोग, चेस्ट अस्पताल, जच्चा-बच्चा अस्पताल, संक्रामक रोग अस्पताल, जीएसवीएसएस पीजीआई और कॉर्डियोलॉजी संस्थान की ओपीडी में सुबह करीब सात बजे से मरीज पहुंचने लगे थे। ओपीडी पर्चा का काउंटर तो खुला था लेकिन सर्वर नहीं आ रहा था। दो से तीन घंटे इंतजार करने के बाद भी जब सर्वर नहीं आया तो उमस भरी गर्मी में लाइन में लगे मरीजों की हालत खराब होने लगी। कंप्यूटर ऑपरेटरों से नोकझोंक भी हुई। साथ ही कुछ तीमारदार हंगामा करने लगे। इस पर गार्ड मौके पर पहुंचे। ऑपरेटरों ने उच्चाधिकारियों को जानकारी दी और उनके निर्देश पर ऑफलाइन पर्चे बनने शुरू हो सके। इसी तरह इमरजेंसी में भी पर्चे और मरीजों की भर्ती फाइल बनाने में समस्या आई। मरीजों को जांच कराने और जांच के लिए रुपये जमा करने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने बताया कि सुबह के समय सर्वर गड़बड़ा गया था। ऑफलाइन पर्चे बनवाए गए। सर्वर की समस्या के निस्तारण के लिए संबंधित कंपनी के अधिकारियों को जानकारी दी गई।

# प्रदेश की जीडीपी में 10% योगदान फिर भी सौतेलापन



कानपुर मांगे विशेष दर्जा

- ट्रिपल इंजन सरकार में भी नहीं मिल रही शहर के विकास को रफ्तार
- राज्य राजधानी क्षेत्र से बाहर किए जाने पर उद्यमियों ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर लखनऊ और आसपास के पांच जिलों को मिलाकर राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) बनाने के फैसले में कानपुर को शामिल नहीं किए जाने से शहर के उद्यमी नाराज हैं। उनका कहना है कि ट्रिपल इंजन की सरकार के बावजूद कानपुर का कोई भला नहीं हो रहा है। प्रदेश की जीडीपी में शहर का लगभग 10 फीसदी योगदान है। इसके बाद भी सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। सुविधाएं छीनकर दूसरे जिलों को दी जा रही हैं। शहर को विशेष दर्जा दिलाने की मांग पर संघर्ष किए जाने की जरूरत है।

राज्य राजधानी क्षेत्र में शामिल जिलों में सुनियोजित विकास के साथ नागरिक और अवस्थापना सुविधाओं के तेजी से विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा और प्रदेश के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। ऐसे में कानपुर के लोगों का मानना है कि शहर तरक्की के मामले में और पिछड़ जाएगा। उद्यमियों के अनुसार प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 24.39 लाख करोड़ रुपये है। इसमें उद्योग का हिस्सा लगभग 28 फीसदी, सर्विस सेक्टर 50 फीसदी व कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी 22 फीसदी है। कानपुर उद्योग और सर्विस सेक्टर में महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित करता है। सकल घरेलू उत्पाद में शहर की हिस्सेदारी लगभग 10 फीसदी है। प्रदेश की जीडीपी में योगदान के मामले में पहले स्थान पर काबिज गौतमबुद्ध नगर दिल्ली एनसीआर का हिस्सा है, लेकिन कानपुर को राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) से बाहर कर दिया गया है।



ट्रिपल इंजन की सरकार है। इसके बाद भी शहर एससीआर में शामिल नहीं हो सका। यह दुर्भाग्य की बात है। अगर एससीआर में शहर को शामिल नहीं किया गया है, तो बदले में स्पेशल पैकेज मिलना चाहिए। शहर में धीमे पड़े विकास कार्यों के लिए यह समय की जरूरत है। **–सुनील वैश्य, पूर्व अध्यक्ष, आईआईए**



कानपुर एससीआर का हिस्सा नहीं होगा और हम उद्यमी इस ओर खड़े होकर बगल के जिलों में विकास होता देखेंगे। शहर प्रदेश में राजस्व देने के लिहाज में सबसे महत्वपूर्ण जिलों में है। ऐसी स्थिति में शहर को एक विशेष दर्जा देने की जरूरत है, ताकि उसकी ख्याति और पहचान बरकारार रह सके। **–उमंग अग्रवाल, महासचिव, फीटा**



शहर को अगर एससीआर का दर्जा मिल जाता तो तेजी से तरक्की कर सकता था। यहां विकास दोगुनी तेजी से दौड़ता। पर ऐसा नहीं हो सका। सरकार की ओर से विकास के नाम पर शहर को जो कुछ पहले से मिला भी है, उसका काम इतनी धीमी गति से चल रहा है कि पता नहीं कब पूरा होगा। **–सतीश कुमार गुप्ता, उद्यमी**



एससीआर से शहर को बाहर करके उद्यमियों की मांग को पूरी तरह से खारिज कर दिया गया है। शहर विकास की योजनाओं में पीछे न रहे, इसके लिए जल्द ही सरकार की ओर से कोई भरपाई होनी चाहिए। यहां का उद्योग पूरे प्रदेश को कुछ न कुछ देता है। **–ऋषि निगम, उद्यमी**



जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी के अनुसार प्रदेश में शहरों के बीच विकास का बंटवारा करना चाहिए। एससीआर में शामिल होना शहर का हक था, लेकिन छीन लिया गया। स्पेशल दर्जा अब शहरवासियों और कारोबारियों का हक है। **–विनय कुमार मित्तल, उद्यमी**



मेट्रो देने से कोई मेट्रोपॉलिटन शहर नहीं बनता। उसके लिए विकास की तमाम योजनाओं से शहर को जोड़ना जरूरी है। एससीआर विकास की एक ऐसी ही योजना थी जिससे शहर तेज गति से तरक्की कर सकता था। अब शहर को एक विशेष दर्जा मिलने की बहुत जरूरत है। **–शिव कुमार गुप्ता, उद्यमी**

○ किसानों ने पट्टे की भूमि का किया है बैनामा ○ राजस्व अभिलेखागार में पत्रावलियां नहीं मिलीं

# भूमि के आवंटन के अभिलेख भी गायब, फंसा दाखिल-खारिज

मेगा लेदर क्लस्टर विवाद

शिव प्रकाश मिश्र, कानपुर

**अमृत विचार।** मेगा लेदर क्लस्टर के लिए खरीदी गई भूमि के विनिमय में अब एक और पेच सामने आया है। मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट यूपी लिमिटेड ने कड़रीचंपतपुर और सपई गांव के नौ ऐसे किसानों की भूमि खरीद ली जिन्हें पट्टे पर भूमि का आवंटन हुआ था। यह भूमि अब भी राजस्व अभिलेखों में असंक्रमणीय खातेदार के रूप में किसानों के नाम दर्ज हैं। भूमि के पट्टे पर आवंटन संबंधी पत्रावली भी राजस्व अभिलेखागार में उपलब्ध नहीं है।

ऐसे में भूमि का दाखिल खारिज फंस गया है। यह भूमि कंपनी के नाम खतौनी में दर्ज नहीं हो पा रही है। ऐसे में कुरौना बहादुर नगर, मगरासा और सेन पूरब पारा गांव की सुरक्षित श्रेणी की भूमि से इस भूमि का विनिमय होना मुश्किल है।

भूमि के बैनामे में फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद अब पट्टाधारकों से संबंधी अभिलेख राजस्व अभिलेखागार में न होने का मामला सामने आने के बाद कंपनी के अधिकारी परेशान हैं।

एक के बाद एक समस्या सामने आने से मेगा लेदर क्लस्टर को धरातल पर उतारने की राह में कांटे ही कांटे नजर आ रहे हैं। सपई गांव के 15 किसानों ने कंपनी को ग्राम समाज के साथ ही ऊसर, बंजर, जलौनी लकड़ी के लिए आरक्षित 9.9180 हेक्टेयर भूमि का बैनामा किया है।

ये पूरी की पूरी भूमि जल्द ही राजस्व अभिलेखों में ग्राम समाज के नाम दर्ज हो जाएगी और उनका स्वरूप पुनः ऊसर, बंजर, जलौनी की लकड़ी के रूप में मान लिया जाएगा। ऐसे कंपनी को इस फर्जीवाड़े से करोड़ों का नुकसान तो हुआ ही था अब नौ और किसानों की भूमि के पट्टाभिलेख न मिलने से उनकी मुश्किल बढ़ी है। कड़री चंपतपुर के 5 किसानों की 2.1877 हेक्टेयर भूमि व सपई गांव के चार किसानों की 0.8200 हेक्टेयर भूमि के अभिलेख गायब हैं।

### किसानों ने नियम विरुद्ध किया बैनामा



सपई गांव के अनुसूचित जाति के 13 किसानों ने नियम विरुद्ध भूमि का बैनामा किया है। नियम के मुताबिक उन्हें भूमि का बैनामा करने से पहले जिलाधिकारी अथवा सक्षम अधिकारी से अनुमति लेनी चाहिए थी। इन किसानों से कंपनी ने 7.8610 हेक्टेयर भूमि का बैनामा कराया है। उप्र राजस्व संहिता 2006 की धारा- 98 (1) के तहत सक्षम अधिकारी से अनुमति के बाद ही कोई अनुसूचित जाति का व्यक्ति किसी गैर अनुसूचित जाति के व्यक्ति को भूमि बेच सकता है। ऐसे में उनके द्वारा कंपनी को किया गया बैनामा रद हो जाएगा और भूमि राजस्व अभिलेखों में राजस्व विभाग के नाम दर्ज हो जाएगी। इस संहिता के अनुसार अनुसूचित जाति के व्यक्ति यदि किसी गैर जनपद या राज्य में निवास करने लगा हो, बीमारी के इलाज के लिए या बिटिया की शादी के लिए और उतनी भूमि बेचकर कहीं और भूमि खरीदना चाहता है तभी उसे सक्षम अधिकारी अनुमति देते हैं।

**15** किसानों ने कंपनी को किया बैनामा

**09** और किसानों के अभिलेख नहीं मिले

**13** किसानों ने नियम विरुद्ध किया बैनामा

**100** हेक्टेयर से अधिक में बनना है क्लस्टर

### इनके अभिलेख गायब

कड़री चंपतपुर के श्यामबाबू, बीनू, श्रीराम, उमा देवी, रामकुमार के अभिलेख नहीं मिल रहे हैं। इसी तरह सपई गांव के राजेंद्र, सुमित कुमार, राजपति कठेरिया और रमाकांती की भूमि का अभिलेख भी गायब हैं।

### इसीलिए कंपनी ने खरीदी थी भूमि

कुरौना बहादुर नगर, मगरासा और सेन पूरब पारा में 100 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना होनी है। यहां 35.238 हेक्टेयर भूमि ग्राम समाज की है जिसके बदले में कंपनी को इतनी ही भूमि राजस्व विभाग को देनी है। इसीलिए सपई, कड़री चंपतपुर आदि गांव में भूमि का क्रय कंपनी ने किया है। लेकिन भूमि की अदला- बदली से पहले ही यह खेल पकड़ में आ गया।

# वर्किंग प्रोफेशनल के 3 कोर्स में सिर्फ 5 आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एचबीटीयू में बीटेक कोर्स पर संकट के बादल

**03** बीटेक कोर्स वर्किंग प्रोफेशनल के लिए

**60** कुल सीटों की संख्या प्रत्येक ब्रांच में

**20** न्यूनतम सीटों पर प्रवेश होना जरूरी

**75** किमी दायरे में कार्यरत ले सकते प्रवेश

**27** जुलाई प्रवेश पंजीकरण की अंतिम तिथि

**अमृत विचार।** एचबीटीयू में वर्किंग प्रोफेशनल के लिए शुरू होने वाले बीटेक कोर्स पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। संस्थान ने वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए ऑल इंडिया काउंसिलिंग ऑफ टेक्निकल एजूकेशन से मान्यता प्राप्त 3 बीटेक कोर्स क्रमशः इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में आरंभ करने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की है। लेकिन इन कोर्स के लिए अभी तक सिर्फ 5 आवेदन ही हुए हैं। नियमानुसार किसी भी ब्रांच में 20 से कम प्रवेश होने पर कक्षाओं का संचालन नहीं किया जा सकता है।



वर्किंग प्रोफेशनल्स के बीटेक कोर्स में 75 किलोमीटर के दायरे में किसी कंपनी या संस्थान में कार्यरत डिप्लोमाधारक कार्मिकों का प्रवेश लिया जाना है। लेकिन प्रवेश के लिए पंजीकरण पोर्टल खुलने के एक महीने बाद भी सिर्फ 5 आवेदन आए हैं। 27 जुलाई आवेदन की अंतिम तिथि है। इसके बाद प्रवेश परीक्षा की तिथि घोषित की जानी है। विश्वविद्यालय के डीन एकेडेमिक प्रो ललित कुमार सिंह ने बताया कि प्रयास किया जा रहा है कि सभी कोर्स में प्रर्याप्त प्रवेश हो जाए। प्रत्येक कोर्स में 60 सीटें हैं। कक्षा संचालन के लिए कम से कम 20 सीटों पर प्रवेश जरूरी है।

# शिकायत पर राशन दुकान में छापेमारी, गड़बड़ी पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दयालपुरम के क्षेत्रीय लोगों की शिकायत के बाद हुई छापेमारी
- 53 बोरी गेहूं और 64 बोरी चावल कम मिला

**अमृत विचार।** किदवई नगर, दयालपुरम के क्षेत्रीय लोगों ने बिना अंगूठा लगवाए राशन बांटे जाने की शिकायत की थी, जिसके बाद खाद्य विभाग ने राशन की दुकान में छापेमारी की, जहां स्टॉक से कम राशन और अभिलेखों में गड़बड़ी मिली। खाद्य पूर्ति निरीक्षक ने राशन दुकानदार के खिलाफ नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

खाद्य पूर्ति निरीक्षक राम निरंजन ने बताया कि गणेश शंकर उचित दर विक्रेता की दुकान में राशन बांटने में गड़बड़ी की शिकायत मिल रही थी। इस पर छापा मारा गया। छापे के दौरान जब राशन दुकानदार से



अभिलेख मांगे गए तो वह नहीं दिखा पाया। दुकान में 1295 पात्र गृहस्थी कार्ड आवंटित हैं। इसके सापेक्ष 799 कार्ड धारकों को ई-पास मशीन से आधार प्रमाणीकरण के बाद राशन बांटा गया है। राशन भी दुकान में न रखकर दूसरी जगह रखा गया था। जून माह के लिए आवंटित राशन और बांटने के बाद बचे राशन के स्टॉक में अंतर मिला है। वितरण के बाद दुकान में 50 किलो वजन वाली 104 बोरी गेहूं और 172 बोरी चावल होना चाहिए था, जबकि उसके पास 53 बोरी गेहूं और 64 बोरी चावल कम मिला। खाद्य निरीक्षक ने बताया कि कम राशन के बारे में पूछताछ करने पर दुकानदार ने बताया कि वितरण में सहयोग करने वाले विश्वजीत सिंह ने 90 कुंतल राशन चोरी कर लिया। साथ ही इलेक्ट्रानिक कांटा साथ ले गए।

## पिता ने पैसे नहीं दिए तो बेटे ने फांसी लगाई

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र के संजय नगर निवासी इंदल सिंह फैक्ट्री कर्मी हैं। परिवार में पत्नी, दो बेटे अंकित और राहुल सिंह (21) थे। बड़े बेटे अंकित की सोमवार को पलवल में ज्वाइनिंग थी, जबकि राहुल 11वीं का छात्र था।


पिता ने बताया कि रविवार रात राहुल ने गैर जरूरी चीजों के लिए पैसे मांगे, मना करने पर वह नाराज हो गया था। खाना खाने के बाद राहुल छत पर स्थित कमरे में सोने चला गया। सुबह काफी देर तक नीचे न उतरने पर उन्होंने ऊपर जाकर देखा तो बल्ली में दुपट्टे के सहारे उसका शव लटकता मिला। सूचना पर पहुंची गोविंद नगर पुलिस और फॉरेंसिक टीम में ने जांच पड़ताल की।

# वेतन बढ़ाने को एमबीबीएस छात्रों की हड़ताल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कम वेतन और काम अधिक होने पर एमबीबीएस छात्र-छात्राएं एंड इंटर्न डॉक्टर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। मांग है कि मासिक वेतन जब तक 30 हजार रुपये तक नहीं हो जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। अभी सिर्फ 12 हजार रुपये ही वेतन दिया जा रहा है। जबकि काम अधिक होता है। हड़ताल से इंटर्न द्वारा दी जाने वाली सभी चिकित्सा सेवाएं बाधित रहेंगी। अधिक समय तक हड़ताल रहती है तो मरीजों और फैकल्टी को समस्याएं हो सकती हैं।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्र-छात्राओं एंड इंटर्न ने परिसर में घूमकर प्रदर्शन किया। हमारा अधिकार उचित पगार आदि नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला को दिया। डॉक्टरों का कहना है कि चिकित्सा सेवा में इंटर्न द्वारा दिए गए योगदान के अनुपात में ये अत्यंत अल्प वेतन है। इंटर्नों की मांग है कि मासिक देय राशि में बढ़ोत्तरी कर 30 हजार रुपये तक की जाए, जिससे चिकित्सा सेवा में वह भरपूर सहयोग दे सकें।




मेडिकल कॉलेज में प्रदर्शन करते एमबीबीएस छात्र-छात्राएं व इंटर्न डॉक्टर। अमृत विचार

प्रदेश सरकार, शिक्षा एवं चिकित्सा मंत्रालय द्वारा इस विषय को अनदेखा किया जा रहा है। इंटर्नों ने यह निर्णय लिया कि जब तक उत्तर प्रदेश सरकार और शिक्षा एवं चिकित्सा मंत्रालय द्वारा इंटर्नों के मासिक देय में वृद्धि करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाएं जाएंगे, तब तक प्रदेश के सभी इंटर्न हड़ताल पर रहेंगे।

आमने-सामने | ग्रीनपार्क में 27 सितंबर से खेला जाना है भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच, यूपीसीए-खेल विभाग में मचा घमासान

# खेल विभाग ने यूपीसीए पर बकाये का बाउंसर मारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में 27 सितंबर से भारत-बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच प्रस्तावित है। अभी तक सिर्फ घास काटने का काम ही आधा-अधूरा हो पाया है। मैच की तैयारियों से ज्यादा उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिशएन (यूपीसीए) और क्षेत्रीय खेल विभाग मुद्दों को लेकर आमने-सामने हैं।

रविवार को प्रमुख सचिव खेल आलोक कुमार के सामने भी दोनों विभाग एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे। अब खेल विभाग ने यूपीसीए पर कोविड काल का 25 लाख रुपये किराया न जमा करने का नया मामला उठाया है।

प्रमुख सचिव खेल रविवार को ग्रीनपार्क स्टेडियम का निरीक्षण करने पहुंचे तो भी दोनों विभाग कई मामलों पर एक दूसरे पर आरोप लगाते नजर आए थे। प्रमुख सचिव ने दोनों विभागों के अधिकारियों को मीटिंग के लिए मंगलवार को लखनऊ बुलाया है। मीटिंग के लिए सोमवार को यूपीसीए व खेल विभाग के अधिकारियों ने अपनी फाइलें तैयार कीं। जिसमें सबसे प्रमुख मामला किराए को लेकर रहा, वह किराया जो यूपीसीए ने अभी तक जमा नहीं कराया है। रविवार को यूपीसीए ने यूपी टी-20 लीग का बकाया दस करोड़ रुपये का 25 फीसदी सोमवार को जमा करने को कहा था। अब मीटिंग के लिए तैयार हो रही फाइल में खेल विभाग ने कोविड काल का बाकी 25 लाख रुपये भी जोड़ दिया है। अब मंगलवार को मीटिंग के नतीजों पर ही सबकी नजर है।



ग्रीनपार्क में टिन शेड टूटा पड़ा है। अमृत विचार

### एमओयू बना कई विवादों की जड़

प्रदेश सरकार और यूपीसीए के बीच हुए एमओयू में प्रत्येक वर्ष ग्रीनपार्क स्टेडियम का किराया एक करोड़ निर्धारित हुआ था। पांच साल में पांच फीसदी बढ़ाया जाना था। उस हिसाब से मौजूदा किराया 1.25 करोड़ रुपये हो गया। लेकिन कोविड काल में यूपीसीए ने केवल एक करोड़ ही किराया जमा किया, शेष 25 लाख के लिए खेल विभाग से निवेदन किया था कि इस बीच जब कोई खेल गतिविधि नहीं हुई तो अतिरिक्त किराया माफ किया जाए। इसमें शासन स्तर से कोई फैसला नहीं हुआ था और मामला लटका रहा। अब एकाएक उस 25 लाख रुपये के मामले को भी उठाया गया है।

### मीटिंग के अन्य प्रमुख बिंदु

प्रमुख सचिव यूपीसीए के पदाधिकारियों से स्पष्ट बोल गए हैं कि स्टेडियम की सीटें कम होने का कारण स्पष्ट रूप से लिखकर लाएं। इसके अलावा मैच न मिलने के क्या-क्या कारण हैं वो भी बताएं। मैच के दौरान उन्हें किस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, ग्रीनपार्क स्टेडियम को किन-किन चीजों की जरूरत है, इन सभी पर चर्चा बैठक में होगी। खेल विभाग को कहा है कि एग्रीमेंट के हिसाब से क्या-क्या होना चाहिए, मैच की तैयारी को लेकर खेल विभाग क्या कर रहा है, स्टेडियम में क्या-क्या कमियां हैं, 2015 में स्टेडियम की कितनी दर्शक क्षमता थी और अब कितनी बची है। दर्शक क्षमता कम होने के पीछे का कारण क्या हैं। यूपी टी-20 का पैसा अभी तक क्यों नहीं जमा हुआ आदि पर चर्चा होगी।

# गोपालपुर गांव में भूमि चिह्नित की गई

डिफेंस कॉरिडोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 260 हेक्टेयर भूमि का सर्वे राजस्व विभाग ने किया
- अब यूपीडा की सहमति के बाद अधिसूचना जारी होगी

**अमृत विचार।** डिफेंस कॉरिडोर के विस्तार के लिए राजस्व विभाग ने साढ़ गांव से सटे गोपालपुर गांव की 260 हेक्टेयर भूमि का सर्वे किया है। भूमि का नजरी नक्शा बनाकर प्रशासन ने उप्र एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण प्रबंधन को भेजा है। वहां से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद राजस्व विभाग की हरी झंडी ली जाएगी और फिर भूमि के अधिग्रहण के लिए अधिसूचना जारी होगी। प्रशासन को भूमि अधिग्रहण के लिए बजट का आवंटन प्राधिकरण ही करेगा। इसमें किसानों के साथ ही ग्राम समाज की भूमि भी है जिसका पुनर्ग्रहण किया जाएगा।

नर्वल तहसील के साढ़ गांव में 213 हेक्टेयर (526 एकड़) में डिफेंस कॉरिडोर स्थापित है। यहां अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने 499 एकड़ भूमि में एम्यूनेशन कांप्लेक्स (अस्त्र-शस्त्र निर्माण क्षेत्र) स्थापित किया है। इसका उद्घाटन भी हो चुका है और उत्पाद बनाने का काम भी शुरू हो चुका है। इसके साथ ही प्राधिकरण ने यहां कुंग आर्मर, एमकेयू समेत आधा दर्जन और कंपनियों को भूमि आवंटित किया है। एमकेयू कई देशों के सैनिकों के लिए हेलमेट, बुलेटप्रूफ जैकेट आदि उत्पाद बनाती है। कंपनी यहां इकाई लगाने की तैयारी में है। डिफेंस कॉरिडोर के पास से ही रिंगरोड और रमईपुर- घाटमपुर- हमीपुर- कबरई समानांतर राष्ट्रीय राजमार्ग भी प्रस्तावित है ऐसे में यहां रक्षा उत्पादों के उत्पादन के लिए कई कंपनियां भूमि मांग रही हैं। भूमि की बढ़ी डिमांड को देखते हुए ही यहां कॉरिडोर के विस्तार की योजना है। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम नर्वल ने भूमि का सर्वे कराया और प्रस्ताव तैयार किया। कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रशासन के प्रस्ताव पर जल्द ही प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में मुहर लग जाएगी। इसके बाद भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

> डिफेंस कॉरिडोर के विस्तार से यहां नए उद्योग लगेंगे और रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। युवाओं का बड़े शहरों की ओर पलायन भी रुकेगा।
>
> **– मानस सेठ, युवा उद्यमी**

> यह प्रोजेक्ट मील का पत्थर साबित होगा। जल्द से जल्द विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए।
>
> **– उमंग अग्रवाल, फीटा महामंत्री**

# आवासीय भवनों पर होर्डिंग की भरमार, दुर्घटना का इंतजार

## खतरे को दावत दे रहीं बिना सुरक्षा मानक लोहे के एंगिल पर लगीं विशालकाय होर्डिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े निर्देश के बाद भी शहर में विज्ञापन होर्डिंग लगाने में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। बड़ी संख्या में आवासीय भवनों पर बिना किसी सुरक्षा मानक के लगायी गईं बड़ी-बड़ी होर्डिंग जहां खतरों को दावत दे रही हैं, वहीं नियमों के विपरीत चौराहों के आसपास ही लोहे के बड़े-बड़े एंगल पर भवनों के ऊपर होर्डिंग तान दी गई हैं। बरसात के मौसम में ऐसी होर्डिंग कभी भी हादसे की वजह बन सकती हैं।

मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों कहा था कि बेतरतीब लगी विज्ञापन होर्डिंग शहर की सुंदरता खराब करती है और दुर्घटना का कारण बनती है। शहरी क्षेत्र में किसी भवन के ऊपर विज्ञापन की होर्डिंग नहीं लगाई जानी चाहिए। प्रचलित होर्डिंग के स्थान पर एलईडी डिस्प्ले को बढ़ावा दिया जाए। इसे विज्ञापन एजेंसियों, विज्ञापन दाताओं, स्थानीय प्रशासन और जनता सभी को सहूलियत होगी। उन्होंने नगर निगम को सख्ती से नियम का पालन कराने के निर्देश दिए थे। लेकिन इस आदेश के बावजूद शहर में हर कहीं अवैध और बेतरतीब होर्डिंग की भरमार है। यहां तक कि पुराने भवनों पर बड़ी-बड़ी होर्डिंग खड़ी कर दी गई हैं। नरोना चौराहा, फूलबाग, रावतपुर, जनरलगंज, घंटाघर, काकादेव, गुमटी नंबर पांच, संत नगर, गोविंद नगर नया और पुराना पुल, किदवई नगर, जूही क्षेत्रों में कई जगह जर्जर भवनों पर होर्डिंग लगी नजर आती हैं। ऐसे में भारी भरकम होर्डिंग गिरने पर बड़ा हादसा हो सकता है।



गोविंदपुरी पुल के पास बड़े-बड़े लोहे के फ्रेम में लगाई जा रहीं होर्डिंग्स। अमृत विचार

- कई चौराहों के आसपास जर्जर होर्डिंग्स से जोखिम में जान, नगर निगम भूल गया अभियान

**नगर निगम से स्वीकृत संख्या**

| | |
|---|---|
| 1134 | होर्डिंग साइट |
| 199 | यूनीपोल साइट |
| 272 | रूफ टॉप होर्डिंग |
| 124 | डेकोरेटिव पोल साइट |

**होर्डिंग पर जुर्माने की दर (रुपये)**

नियमों के विपरीत लगे विज्ञापन पट पर : 15,000

निजी भवन की छत से होर्डिंग हटाने पर : 30,000

नियमों के उल्लंघन में प्रतिदिन का जुर्माना : 5,00

### यहां विज्ञापन करने पर रोक

- कचहरी परिसर, सरकारी इमारतें, ओवरब्रिज, धार्मिक स्थल और ऐतिहासिक भवन।
- चौराहे के आसपास 50 मीटर तक नहीं लगेगी होर्डिंग, विज्ञापन पट को पेड़ से नहीं बांध सकते।

### अवैध होर्डिंग लगवाकर अधिकारी भर रहे जेब

शहर में बिना किसी स्वीकृति के तमाम मकानों में होर्डिंग लगी हैं। नियम के विपरीत भवनों में होर्डिंग्स टांगकर अवैध विज्ञापन किये जा रहे हैं। इससे नगर निगम को राजस्व की क्षति हो रही है। जिन मकानों में होर्डिंग लगी हैं उनसे व्यावसायिक टैक्स लेना चाहिए लेकिन नहीं लिया जा रहा है। क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक और कर्मचारी सुविधा शुल्क के चलते आंखें बंद किए रहते हैं।

## साईं मंदिर के पास महिला टॉयलेट बनवाया जाए

**कानपुर।** साईं मंदिर काकादेव के आसपास कोई टॉयलेट न होने से मंदिर आने वाली महिला श्रद्धालुओं को शर्मिंदा होना पड़ता है। अखिल भारतीय भोजपुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने सांसद, विधायक व नगर आयुक्त से टॉयलेट बनवाने की मांग की है। अगर मांग न पूरी हुई तो धरना देंगे। गहमरी ने बताया कि साईं मंदिर काकादेव में प्रतिदिन काफी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। टॉयलेट न होने के कारण महिलाएं परेशान होती हैं। भोजपुरी महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त कार्यालय, सांसद व विधायक को समस्या बताई। ज्ञापन देने वालों में डॉ. आनंद झा, छोटे लाल, फैजुद्दीन, प्रभात पाल, मुन्ना चौहान, अमन सेंगर, अजीत सिंह, रंगबहादुर, विक्रम सिंह रहे।

# मां-बाप ने बच्चे को डंडे से पीटा बाबा ने पुलिस से शिकायत की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र का सोमवार को एक फोटो व वीडियो वायरल हुआ। वायरल वीडियो में एक माता-पिता अपने 6 वर्षीय बच्चे की डंडे से पिटाई कर रहे हैं। फोटो में बच्चे की पीठ पर चोट के निशान दिख रहे हैं। बच्चे की पिटाई से क्षुब्ध होकर उसके बाबा ने बहू व बेटे के खिलाफ पुलिस से शिकायत की।

कल्याणपुर निवासी बुजुर्ग के मुताबिक सोमवार सुबह मकान के ग्राउंड फ्लोर पर बने कमरे में बेटा व बहू 6 वर्षीय पौत्र को डंडे से पीट रहे थे। पौत्र के रोने की आवाज सुन कर वह बचाने पहुंचे तो बेटे-बहू ने कमरा बंद कर लिया, जिस पर बेबस होकर वह लौट आए। इसके बाद उन्होंने सीढ़ियों से दरवाजे की चौखट के सहारे बच्चे की पिटाई का वीडियो बनाया, जिसमें मां बच्चे को प्लास्टिक के पाइप से पीटती हुई नजर आ रही है। साथ ही बच्चे की रोने की आवाज सुनाई पड़ रही है। बुजुर्ग ने कुछ देर बाद कमरे से निकले बच्चे का पीठ पर चोट के निशान देखे तो उनका पारा सातवें आसमान पर जा पहुंचा। उन्होंने पिटाई का वीडियो व चोट की निशान के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर कल्याणपुर पुलिस से बेटे व बहू की शिकायत की। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। बुजुर्ग ने थाने में तहरीर दी थी, लेकिन बाद में कार्रवाई न करने की बात कह वापस ले ली है। जांच की जा रही है।


बच्चे की पीठ पर मौजूद चोट के निशान।

- कल्याणपुर थानाक्षेत्र का मामला, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

# बाथरूम में औंधे मुंह पड़ा मिला बॉक्सर का शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कृष्णापुरम स्थित मकान में सोमवार को 68 वर्षीय नेशनल बॉक्सर का शव उनके घर के बाथरूम में पड़ा मिला। उनकी पत्नी 25 दिन पूर्व अपने साफ्टवेयर इंजीनियर बेटे से मिलने अमेरिका गई हुई थीं। कई बार फोन मिलाने पर भी न उठने पर महिला ने पति के दोस्त को घर भेजा, जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ।

कृष्णापुरम निवासी सुबोध गुप्ता (68) पत्नी संगीता गुप्ता के साथ रहते थे। उनके दोस्त एके कपूर ने बताया कि सुबोध नेशनल लेवल के बॉक्सर रहे हैं। उनके दोनों बेटे उत्कर्ष और अरिहंत गुप्ता सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। बड़ा बेटा अमेरिका की कंपनी में है, जबकि छोटा बेंगलुरू की कंपनी में कार्यरत है। एके कपूर ने बताया कि करीब 25 दिन पहले उनकी पत्नी संगीता बड़े बेटे उत्कर्ष से मिलने के लिए अमेरिका गई हुई थीं। जिसके बाद सुबोध घर पर अकेले रह रहे थे। रोजाना की तरह हालचाल लेने के लिए संगीता ने उनको फोन किया, लेकिन वह रविवार से फोन नहीं उठा रहे थे। जिस पर सोमवार दोपहर को संगीता ने एके कपूर से घर पर जाकर देखने की बात कही। घर पहुंचने पर उन्होंने काफी देर दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई हलचल नहीं हुई। जिसके बाद एके कपूर ने पड़ोस में रहने वाले सुबोध के छोटे भाई डा सुनीत को मामले की जानकारी देकर चकेरी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़ कर अंदर दाखिल हुई तो सुबोध का शव बाथरूम में पड़ा मिला। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल के साक्ष्य संकलित कर शव को पोस्टमार्टम भिजवाया। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या बाथरूम में पैर फिसल जाने से मौत होने का कारण प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


सुबोध।

- पत्नी बेटे से मिलने गई थी अमेरिका, रविवार से बात न होने पर दोस्त पहुंचा घर

# नदी पार कर बांग्लादेश से आई थी नाजमा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर में पकड़ी गई बांग्लादेशी युवती नाजमा तीन घंटे में नदी पार कर बांग्लादेश से कोलकाता पहुंची थी। वह छह माह पहले कानपुर पहुंची थी और महिला साथी के साथ दिल्ली पहुंचने की फिराक में थी। यह जानकारी पूछताछ में नाजमा ने पुलिस को दी। सोमवार को पुलिस ने नाजमा समेत तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया। पुलिस ने पूछताछ के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया है, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया है। जल्द ही पुलिस जेल में बांग्लादेशी महिला से पूछताछ करेगी।

कल्याणपुर पुलिस ने बिना वीजा, पासपोर्ट के छह महीने से पूजा बनकर रह रही बांग्लादेशी 20 साल की नाजमा रविवार को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके साथ कोलकाता के 24 परगना नहटी निवासी रीना व नई दिल्ली के भोगल निजामुद्दीन नगर निवासी ज्योति निषाद को गिरफ्तार किया था। दोनों महिलाएं कल्याणपुर के कश्यप नगर में रह रही थीं। सोमवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया। नाजमा बहुत ऐसे सवाल छोड़ गई, जिसके जवाब पुलिस के पास नहीं हैं। सोमवार को उन जवाबों की जानकारी के लिए मामले के विवेचक ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर अनुमति मांगी। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि नाजमा नदी के रास्ते भारत में दाखिल हुई थी। करीब तीन घंटे बाद वह कोलकाता के बार्डर पर पहुंची थी। उसे छह महीने पहले कानपुर लेकर कोलकाता की रीना आई थी। उसके साथ कुछ और लोग भी कानपुर आए थे, इसकी जानकारी भी हुई है। शादी ब्याह के सीजन में कुछ महिलाएं काम करने के लिए भी आती हैं, अनुमान है कि वह इसी मकसद से शहर आई होंगी। महिलाओं के पास से मिले मोबाइल की सीडीआर निकाली जा रही है। नाजमा की बात समझने के लिए एक ट्रांसलेटर का इंतजाम किया गया है।

- पूछताछ के लिए पुलिस ने कोर्ट में दाखिल किया प्रार्थना पत्र, मंजूरी मिली
- पुलिस ने आरोपी की भाषा समझने के लिए ट्रांसलेटर खोजा
- पकड़ी गई तीनों महिलाओं को भेजा गया जेल

# 50 सेकेंड में जांच, गांवों में 'अम्मा' अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एनीमिया की जांच के लिए अब किशोरियों, युवतियों, महिलाओं या गर्भवतियों के शरीर से खून निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रिपोर्ट के लिए घंटों इंतजार भी नहीं करना पड़ेगा। ईजीचेक पोर्टेबल डिवाइस पर अनामिका अंगुली लगाते ही 50 सेकेंड में रक्त में हीमोग्लोबिन के स्तर का पता चल जाएगा। प्रदेश में पहली बार इस डिवाइस की मदद से जिले में एनीमिया ग्रस्त किशोरियों व महिलाओं को खोजने का अभियान चलेगा।

स्वरूप नगर स्थित एक होटल में सोमवार को विटामिन एंजेल्स इंडिया, द कानपुर ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनकोलॉजिकल सोसाइटी तथा अन्य सहयोगी संगठनों ने एनीमिया से निपटने के लिए जिले में एनीमिया मुक्त मदर्स एंड एडोलिसेंट गर्ल्स (अम्मा) प्रोजेक्ट लांच किया। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य किशोरियों, युवतियों और गर्भवती महिलाओं को एनीमिया से बचाना है।

प्रोग्राम के सीनियर रीजनल टेक्निकल डायरेक्टर डॉ.आशुतोष मिश्रा ने बताया कि एनीमिया केवल स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं हैं, बल्कि विकास से जुड़ी ऐसी चुनौती है, जो किशोरियों, युवतियों व महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता और समुदाय की प्रगति में उनके योगदान की क्षमता को प्रभावित करती है। अम्मा प्रोजेक्ट पहले चरण में शिवराजपुर और चौबेपुर के अलावा कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में चलाया जाएगा।



प्रोजेक्ट की जानकारी देतीं डॉ.मीरा अग्निहोत्री, डॉ.कल्पना दीक्षित, डॉ.आशुतोष मिश्रा साथ में एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश। अमृत विचार

- पोर्टेबल ईजीचेक डिवाइस पर अंगुली रखते ही पता चल जाएगा हीमोग्लोबिन का स्तर

### डिवाइस बताती क्रिएटिनिन व ब्लड शुगर का भी स्तर

एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश के अनुसार किशोरियों व महिलाओं में एनीमिया की जांच के लिए ईजीचेक मशीन का प्रयोग प्रदेश में पहली बार कानपुर में होगा। इसकी मदद से हीमोग्लोबिन के साथ ही ऑक्सीजन सैचुरेशन, बिलीरुबिन, क्रिएटिनिन और ब्लड में ग्लूकोज का स्तर भी नापा जा सकता है। संस्था की मुख्य संरक्षक डॉ.मीरा अग्निहोत्री ने कहा अम्मा प्रोजेक्ट से महिलाओं की जटिलताओं को कम किया जा सकता है। अभियान में किशोरियों, युवतियों, महिलाओं व गर्भवतियों को आयरन व फॉलिक एसिड दवा उपलब्ध कराई जाएगी।

# आश्रय स्थलों में जलभराव से पहले गोवंश हटाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोचर भूमि पर तार की बाड़बंदी करके गोवंश के लिए हरे चारे की बोआई कराई जाए। बाढ़ या जलभराव की स्थिति बनते ही गोवंश आश्रय स्थलों से अधिकारी तत्काल गोवंश हटाएं। यह आदेश सोमवार को सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में निराश्रित, बेसहारा गोवंश संरक्षण संबंधी जिला स्तरीय बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने दिए।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने गोवंश आश्रय स्थलों पर भूसे की उपलब्धता, हरा चारा, पेयजल और विकास खंडों में निर्माणाधीन अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि आश्रयस्थलों में संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण की व्यवस्था के साथ साफ-सफाई व पौधरोपण होना चाहिए। खंड विकास अधिकारी सुनिश्चित करें कि समय से केयर टेकरों का मानदेय मिले। जिलाधिकारी ने ककवन व बिल्हौर में गोवंश आश्रय स्थलों के धीमी गति से निर्माण पर नाराजगी जताई। खंड विकास अधिकारियों व सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों से समन्वय बनाकर गोवंश आश्रयस्थलों में समस्याओं का समाधान कराने को कहा। बेसहारा गोवंश को आश्रयस्थलों में संरक्षित करने के लिए 6 विभागों पंचायतीराज, ग्राम्य विकास, राजस्व, नगर विकास, पुलिस एवं पशुधन विभाग की टीम बनाई गई। बैठक में सीडीओ सुधीर कुमार, जिला पशुचिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार चोर से मुठभेड़, पैर में लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रविवार देर रात रेलबाजार पुलिस ने कार सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा किया तो फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई और बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने तमंचा, कारतूस बरामद किया।

गोविंद नगर निवासी कपड़ा कारोबारी वीरेंद्र गुलाटी का धनकुट्टी में पैतृक आवास है। वह कपड़ा कमेटी में डायरेक्टर हैं। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई को शादी में जाने के लिए जस्ट डॉयल से एक ड्राइवर को बुलाया था। ड्राइवर उनके घर से कार लेकर फरार हो गया था। रिपोर्ट उन्होंने कलक्टरगंज थाने में दर्ज कराई थी। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि रविवार देर रात रेलबाजार पुलिस को कार चोर के बारे में जानकारी मिली। लोको कॉलोनी के पास पुलिस ने कार को रोकने का प्रयास किया तो कार सवार उन्नाव के पवई माखी निवासी शिवपूजन ने पुलिस टीम पर चढ़ाकर भागने का प्रयास किया। मुठभेड़ के बाद आरोपी को पकड़ लिया गया। उसके पैर में गोली लगी। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि शिवपूजन अंतरराज्यीय बदमाश है। उसके खिलाफ कई राज्यों में मुकदमे दर्ज हैं।

- रेलबाजार पुलिस की लोको कॉलोनी में हुई मुठभेड़

## सार-संक्षेप


ब्रजेश पाठक को मांगपत्र सौंपा। अमृत विचार

### डिप्टी सीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

**कानपुर।** हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन का एक प्रतिनिधिमंडल डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी सीएम से कहा कि वे लोग शहर के पार्क और चौराहों को गोद लेकर उसकी देखभाल करेंगे। खासतौर पर वहां पर लगे पौधों को सुरक्षित करेंगे। इसके अलावा संस्था की ओर से गोद लिए गए स्थानों पर पौधरोपण का कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी इस पहल की डिप्टी सीएम ने सराहना की। मुलाकात के दौरान वेद अग्रवाल, अनूप गुप्ता, विनायक पोद्दार, भरत अग्रवाल, श्याम लाल अग्रवाल सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पेड़ पर फंदा लगा युवक ने दी जान

**कानपुर।** गुजैनी फत्तेपुर दक्षिण निवासी ट्रैक्टर चालक मनीष कुमार गौतम (38) ने रविवार रात फांसी लगाकर जान दे दी। देर रात उनका शव घर के बाहर लगे पेड़ पर रस्सी के फंदे के सहारे लटकता मिला। चचेरे भाई रवि ने बताया देर रात खाना खाने के बाद मनीष परिवार के साथ सो गया। देर रात पत्नी की आंखी खुली तो वह बिस्तर पर नहीं था। घर में खोजबीन के बाद बाहर जाकर देखा तो शव नीम के पेड़ से लटकता मिला। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिये भेजा है।

### फंदे पर लटका मिला मिस्त्री का शव, हत्या का आरोप

**कानपुर।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में सोमवार सुबह राजमिस्त्री का शव दरवाजे की चौखट से लटकता मिला। घटना के समय राजमिस्त्री की पत्नी मायके में थी। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम भिजवाया। वहीं राजमिस्त्री के बहनोई ने गांव के एक युवक पर हत्या करने का आरोप लगाया। मूलरूप से कानपुर देहात, जलालपुर नागिन गांव निवासी राजमिस्त्री ब्रजेश कुमार पत्नी जानकी देवी व बेटे कृष्णा के साथ हनुमंत विहार थानाक्षेत्र स्थित अर्रा नई बस्ती में रहते थे। रविवार दोपहर जानकी बेटे के साथ घाटमपुर, मेहरकलीपुर गांव स्थित मायके गई थी। ब्रजेश के साथ काम करने वाले मजदूरों ने सोमवार सुबह उनको फोन किया। फोन न उठने पर बहन के मोबाइल पर कॉल की। बहन ने पड़ोसी को फोन कर घर भेजा। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने पर भी न खुलने पर पड़ोसी छत के रास्ते घर में दाखिल हुआ तो कमरे की चौखट में फंदे से ब्रजेश का शव लटक रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। साले वीरेंद्र ने आरोप लगाया कि तीन साल पूर्व उनकी भांजी का शव फंदे पर लटका मिला था, जिस पर जलालपुर नागिन गांव निवासी एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। साले ने उसी युवक पर हत्या करने का आरोप लगाया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत निर्माण खण्ड, केस्को, आर0 पी0 एच0, कानपुर**

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

1. ई0 निविदा सं0– 05/कान्श0/2024–25, विवरण– Maintenance of 33 kV all make VCB and Control Relay Panel Installed at different 33/11 KV Sub-Stations alongwith cost of required spares under EUDC-II & IV Kesco, Kanpur. धरोहर धनराशि– 14,000/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। निविदा धनराशि– 3540/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय – 06.08.2024 समय 12:00 बजे तक। ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय–06.08.2024 समय 03:00 बजे से। कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)– रू0 13.99 (कर अतिरिक्त)।

उपरोक्त ई0 निविदा की पूर्ण प्रक्रिया एवं समस्त शर्तें उ0प्र0 सरकार की ई0 टेन्डरिंग वेब साईट https://etender.up.nic.in के माध्यम से की जायेगी एवं भविष्य में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई–टेण्डर वेब साईट पर ही उपलब्ध होंगी। ई–निविदाओं में निर्धारित ई–निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि केस्को के बैंक खाता सं0– 7723508014 आई0एफ0एस0सी0–IDIB000K587 में जमा करायी जायेगी। केस्को प्रबन्धन के पास बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सर्वाधिकार सुरक्षित हैं।

**अधिशासी अभियन्ता (निर्माण खण्ड)**
पत्रांक 879/वि0नि0ख0(के0) का0/2024
दिनांक 22.07.2024
"राष्ट्र हित मे ऊर्जा बचाए"

**अराजकता** कभी प्रमुख मार्केट थी, अब झुग्गी–झोपड़ी में तब्दील, आसरा योजना के तहत बनने थे गरीबों के लिए 500 फ्लैट

# बांग्लादेशियों ने बिगाड़ दी बेकनगंज बाजार की सूरत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बेकनगंज बाजार की सूरत 1971 में बांग्लादेश बनने के बाद बदल चुकी है। अब ये बाजार नहीं बल्कि झुग्गी झोपड़ी के नाम से मशहूर है। इस झुग्गी झोपड़ी को हटाकर आसरा योजना के तहत गरीबों के लिए 500 फ्लैट बनाए जाने थे लेकिन यहां के भूमाफिया ने इस झुग्गी झोपड़ी बस्ती को हटने नहीं दिया। यहां के रहने वाले लोग भीषण दुर्गंध से परेशान हैं, यहां हजारों ट्रक पालीथिन, कूड़ा, कबाड़ भरा है।

वर्ष 1971 में भारत पाकिस्तान के मध्य हुई जंग के बाद बांग्लादेश का उदय हुआ। उस दौरान कोलकाता, बांग्लादेश से भागे लाखों लोगों को भारत के विभिन्न जिलों में सरकार के द्वारा शरण दी गई। कानपुर के बेकनगंज बाजार में भी बांग्लादेशियों को शरण मिली। धीरे धीरे बांग्लादेशियों ने पूरी टिन शेड मार्केट पर ही कब्जा कर लिया। बाजार धीरे धीरे खिसक करके बेकनगंज थाना की ओर लुढ़कती रही और बांग्लादेशी टिन शेड मार्केट पर कब्जा करते रहे। देखते ही देखते पूरी मार्केट अवैध कब्जेदारों के कब्जे में हो गई।

इन सभी को शरण देने के लिए कुछ भूमाफिया सामने आ गए और वहां बसे लोगों से किराया वसूलने लगे। वर्तमान में बेकनंगज टिन शेड मार्केट झुग्गी झोपड़ी में तब्दील हो चुकी है।

### 500 आवास बनाकर गरीबों को देने थे

पार्षद हाजी सुहेल अहमद बताते हैं कि दो दशक पूर्व जब मुलायम सिंह की सरकार थी तब तत्कालीन मंत्री मोहम्मद आजम खां ने आसरा योजना के तहत इस झुग्गी बस्ती को संवारने के लिए 500 आवास बनाने की योजना बनाई थी। आजम खां ने एक अधिकारी को भी नियुक्त किया था। प्रत्येक मकान 25 वर्ग मीटर में तैयार होना था, तय हुआ था कि झुग्गी झोपड़ी में जो 210 लोग रह रहे हैं, उन्हें मुफ्त में मकान दिया जाएगा। 290 शेष मकानों के लिए फार्म भरवाकर लाटरी सिस्टम से देने की बात हुई थी। तय था कि मकान में पंखा, बल्ब तक लगाकर दिया जायेगा। लेकिन क्षेत्र के कुछ लोगों ने इस योजना को लागू नहीं होने दिया जबकि नापजोख भी हो गई थी। ये भी तय हुआ था कि सड़क का अतिक्रमण हटा दिया जाएगा और सड़क से हटाये गये लोगों को भी दुकान दी जाएगी।

### बिहार, बंगाल, बांग्लादेश छोड़ा था

बेकनगंज बाजार में बसे लोग 1971 में भारत पाक जंग के दौरान बिहार, बंगाल और बांग्लादेश छोड़कर आये थे। इनमें काफी लोग हालात ठीक होने के बाद वापस चले गये लेकिन कुछ लोग भूमाफिया की बातों में आकर यहीं रुक गये।

### 3400 वर्ग मीटर पर बसी है बेकनगंज बाजार

3400 वर्ग मीटर पर बसी बेकनगंज टिन शेड मार्केट पर 500 आवास बनाने के साथ ही और भी कई योजनाएं बनाई गई थीं। पार्षद हाजी सुहेल अहमद ने बताया कि 1250 करोड़ रुपये की पहली किस्त आ चुकी थी। बेकनगंज बाजार के 3400 वर्ग मीटर में 400 गज का सामुदायिक शौचालय केंद्र भी बनना था। पार्षद ने बताया कि जब बेकनगंज टिन शेड मार्केट में आसरा योजना को लोगों ने लागू नहीं होने दिया तो ये योजना हर्ष नगर पेट्रोल पंप के पीछे चली गई और लोग वहां मजे से रह रहे हैं।

### हजारों ट्रक पालीथिन, कबाड़, रहने को मचान

बेकनगंज टिनशेड बाजार में वर्तमान में करीब पांच हजार झुग्गी झोपड़ी बनी हुई हैं। हजारों ट्रक कबाड़, कूड़ा और पालीथिन व अन्य कबाड़ की सामग्री भरी है, यहीं पर रहने के लिए इन लोगों ने मचान बना रखा है, हजारों लोग इस बस्ती में रहते हैं। यदि यहां आग लग जाये तो फायर ब्रिगेड की गाड़ी यहां तक नहीं पहुंच सकती है। भूमाफिया इन्हीं कबाड़ियों से कारोबार भी करते हैं और किरायाखोरी भी कर रहे हैं।

# एलिवेटेड रेलवे ट्रैक पास, अब बजट से समानांतर फोरलेन की है आस

## 16 रेलवे क्रॉसिंग पर दिन भर लगने वाले जाम से मिल सकेगा छुटकारा

**केंद्रीय बजट आज**

**35** लाख आबादी को मिलेगी राहत, 994 करोड़ से होगा निर्माण

**112** किमी लंबे समानांतर हाईवे के प्रोजेक्ट को मंजूरी की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलवे बोर्ड ने एलिवेटेड ट्रैक को मंजूरी देकर बहुप्रतीक्षित मांग पूरी कर दी है। मंगलवार को केंद्रीय बजट में इसका ऐलान किया जा सकता है। अब शहरवासियों ने बजट में रमईपुर से कबरई समानांतर फोरलेन हाईवे के निर्माण को हरी झंडी दिखाए जाने की उम्मीद लगा रखी है। पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) के अनवरगंज से मंधना स्टेशन के बीच बनने वाले एलिवेटेड रेलवे ट्रैक से दोनों स्टेशनों के बीच पड़ने वाली 16 क्रासिंगों से रोज गुजरने वाली लगभग 35 लाख आबादी को बड़ी राहत मिलेगी। इस ट्रैक के निर्माण कार्य पर 994 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

फर्रुखाबाद रेलवे लाइन पर बनने वाला एलिवेटेड रेलवे ट्रैक जरीब चौकी क्रसिंग के पास से ट्रैक शुरू होकर मंधना से पहले नीचे उतरेगा। इस तरह यह एलिवेटेड रेल ट्रैक करीब 14 किमी लंबा होगा। रेलवे बोर्ड के निदेशक ने एलिवेटेड ट्रैक मंजूर किए जाने संबंधी सूचना पूर्वोत्तर रेलवे के जीएम को दी है। माना जा रहा है कि अब जल्दी ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। वर्तमान में अनवरगंज से कासगंज रेलवे लाइन शहर को दो भागों उत्तर और दक्षिण में बांटती है, इससे दिन भर ट्रैफिक जाम की स्थिति रहती है। सर्वाधिक परेशानी जरीब चौकी, गुमटी नंबर पांच, कोकाकोला, गुटैया, गीतानगर, शारदा नगर, गुरुदेव, दलहन, बगिया, कल्याणपुर और गूबा गार्डन समेत आईआईटी रेलवे क्रासिंग पर होती है। शहर के बीच से गुजरने वाली इस रेलवे लाइन को हटाने के लिए समय- समय पर आंदोलन होते रहे हैं। व्यापारी संगठन इस ट्रैक को हटाने के लिए धरना-प्रदर्शन करते रहे हैं। इसी के बाद यह ट्रैक एलिवेटेड करने की योजना बनी थी, ताकि शहर को जाम से मुक्ति दिलाकर किनारे स्थित बाजारों में सुगम आवाजाही सुनिश्चित करायी जा सके। रेलवे अधिकारियों के अनुसार एलिवेटेड रेलवे ट्रैक तीन साल में बनकर तैयार होगा। निर्माण कार्य के दौरान अनवरगंज-मंधना रूट की ट्रेनों को री-शेड्यूल किया जा सकता है।

### समानांतर हाईवे निर्माण को मिल सकता बजट

रमईपुर से हमीरपुर होते हुए कबरई तक 112 किलोमीटर लंबे समानांतर हाईवे के प्रोजेक्ट को बजट में मंजूरी मिलने की उम्मीद है। यह हाईवे रमईपुर में आउटर रिंग रोड से शुरू होगा। वर्तमान हाईवे के समानांतर चलेगा। कबरई में छतरपुर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ जाएगा। हाईवे का निर्माण चार लेन होगा लेकिन इसके स्ट्रक्टचर छह लेन के बनाए जाएंगे। इसे बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से भी जोड़ा जाएगा। इसके बन जाने से न सिर्फ लखनऊ से भोपाल तक आवागमन आसान होगा बल्कि हमीरपुर हाईवे पर आए दिन होने वाले हादसे से भी बहुत हद तक निजात मिल जाएगी। इस हाईवे के निर्माण के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बन चुकी है। उसे प्राथमिक मंजूरी देने के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि अधिग्रहण समिति भी भूमि अधिग्रहण के प्रस्ताव को प्राथमिक रूप से मंजूर कर चुका है। इसके लिए 96 गांवों की भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। इनमें कानपुर नगर के 51 गांवों, फतेहपुर के 4 गांव, हमीरपुर के 26 गांवों तथा महोबा के 15 गांवों की भूमि ली जानी है। इसके आसपास ही औद्योगिक क्षेत्रों का भी विकास किया जाना है। अभी कानपुर- कबरई हाईवे टू लेन है इस वजह से हादसे होते हैं।

# डीएवी में पीजी की 3625 सीटों में सिर्फ 251 पर प्रवेश

- डिफेंस एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज और दर्शनशास्त्र की 70-70 सीटों में सिर्फ 1 और 2 प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के सबसे बड़े डीएवी कॉलेज में पीजी की 90 फीसदी से ज्यादा सीटें खाली पड़ी हैं। 24 जुलाई प्रवेश लेने की अंतिम तिथि है। कॉलेज में पीजी के 21 कोर्स संचालित होते हैं, जिनमें 3,625 सीटें हैं। अभी तक सिर्फ 251 सीटों पर ही छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिए हैं।

डीएवी में पीजी के लिए कॉमर्स की सबसे अधिक 150 सीटें हैं, इनमें 33 सीटों पर ही युवाओं ने प्रवेश लिए हैं। हिंदी की 140 सीटों में 6, अंग्रेजी की 140 में 18 सीटों पर ही प्रवेश हुए हैं। अर्थशास्त्र की 210 में सिर्फ 6 सीटों पर ही प्रवेश हो पाए हैं। पीजी की प्रवेश की इस स्थिति से प्रबंधतंत्र परेशान है। माना जा रहा है कि स्नातक अंतिम वर्ष के ज्यादातर छात्र कॉलेज में पीजी कोर्स में प्रवेश लेते थे, जो इस बार प्रवेश नहीं ले रहे हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दीक्षित ने बताया कि पीजी में कम प्रवेश होना चिंता का विषय है। प्रयास किए जा रहे हैं, उम्मीद है कि ज्यादा से ज्यादा सीटों पर प्रवेश हो जाएंगे।

### एएनडी में भी स्थिति खराब

पीजी में कम प्रवेश होने की स्थिति एएनडी कॉलेज में भी है। यहां 12 विषयों में पीजी कोर्स संचालित होते हैं। इनमें 720 सीटें है। स्थिति यह है कि हर विषय में महज पांच से छह प्रवेश ही अब तक हुए हैं।

### पीपीएन में 20 फीसदी प्रवेश

पीपीएन कॉलेज में भी पीजी सीटों पर 20 फीसदी ही प्रवेश हुए हैं। प्रचार्य प्रो. अनूप सिंह ने बताया कि पीजी के 13 विषयों में 580 सीटें हैं। अभी तक 20 फीसदी सीटें ही भर पाई हैं। यूजी फाइनल के 300 छात्र ऐसे हैं जो इस बार फेल हुए हैं। कॉलेज में बीएससी (मैथ) में 220 में से 85 सीटें खाली हैं।

### हरसहाय कॉलेज में 10 फीसदी सीटें भरीं

हर सहाय पीजी कॉलेज कामर्स की पढ़ाई के लिए गिना जाता है। यहां एमकॉम की 120 में से 12 पर ही अब तक प्रवेश हो पाए हैं। बताया गया कि बीकॉम फाइनल में फेल होने वाले छात्रों की संख्या ज्यादा है।

**सार-संक्षेप**



छात्राओं के साथ पौधरोपण करतीं डॉ.प्रीति शुक्ला। अमृत विचार

### दि पनेशिया कॉलेज में हुआ पौधरोपण

**कानपुर।** लखनपुर स्थित दि पनेशिया पैरामेडिकल साइंसेज एंड नर्सिंग कॉलेज में सोमवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रीति शुक्ला ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर पौधरोपण किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पौधरोपण के लिए प्रेरित करने के साथ मानव जीवन में पेड़ व पौधों का महत्व बताया। साथ ही अपने नाम का एक-एक पेड़ जरूर लगाने और घर के परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों व पड़ोसियों को भी पौधें लगाने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई।



मैगजीन घाट पहुंचे समिति के सदस्य। अमृत विचार

### समिति ने घाट की सफाई कर किया गंगा स्नान

**कानपुर।** ओम गंगा सेवा समिति का 21 वां वार्षिक समागम गंगा स्नान-शिव दर्शन अभियान सावन के पहले सोमवार पर शुरू हो गया। पहले सोमवार को समिति की ओर से एक हजार लोगों को गंगा स्नान मैगजीन घाट पर कराया गया। इससे पहले सभी लोगों ने बाबा बनखंडेश्वर के दर्शन किए। मैगजीन घाट पर सफाई और दीप दान भी किया। समिति के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने बताया कि दो दशक के समिति सावन के हर सोमवार को हजारों लोगों को निशुल्क ले जाकर गंगा स्नान कराती है। इस बार हर सदस्य ने 11-11 पौधे लगाने का भी संकल्प लिया। दिनश ठेकेदार, राघवेंद्र गुप्ता, महेंद्र, प्रेमशंकर अवस्थी, जमुना सिंह, संतोष बाजपेई, विनोद गुप्ता, रवि, राजू, कृष्ण गोपाल आदि मौजूद थे।

### विवि जल्द जारी करें परीक्षा परिणाम

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) समेत प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय 30 जुलाई तक स्नातक के सभी संकाय के अंतिम वर्ष का परिणाम जारी करने का निर्देश दिया गया है। जिससे बीएड में दाखिले के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया दस अगस्त से शुरू की जा सके। यह पत्र शासन की ओर से प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों को जारी किया गया है। स्नातक अंतिम वर्ष का परिणाम कई विवि में जारी न होने से बीएड की काउंसिलिंग प्रक्रिया अब सक शुरू नहीं हो सकी है। जबकि, बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम 25 जून को घोषित किया जा चुका है।

### छात्रों को बताई गई सुविधा

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वबिद्यालय के स्कूल ऑफ क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स में स्नातक एवं परास्नातक के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए सोमवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में छात्रों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों के प्रमुख के साथ विषय विशेषज्ञों ने अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। विवि के सुरक्षा प्रभारी डॉ. राघवेंद्र सिंह ने सुरक्षा, शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. श्रवण यादव ने फिजिकल फिटनेस की लेकर जानकारी दी। विवि में छात्रों के लिए स्विमिंग पूल, जिम, स्टेडियम आदि की सुविधा है। सहायक लाइब्रेरियन डॉ. रवि शुक्ला ने डिजिटल लाइब्रेरी के बारे में विस्तार से बताया।

### पुलिस पर ही कब्जा कराने का लगाया आरोप

**कानपुर।** समाधान दिवस में सोमवार को एक मामला ऐसा भी आया, जिसमें नौबस्ता निवासी फरियादी ने एसडीएम सदर प्रखर कुमार सिंह से कहा कि साहब जमीन कब्जा मुक्त कराने के बजाय पुलिस ने ही कब्जा करा दिया है। इस पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए संबंधित थानेदार को कार्रवाई करके उन्हें जानकारी देने का आदेश दिया। मर्चेंट चैंबर में सोमवार को सदर तहसील का समाधान दिवस का आयोजन हुआ। अपनी फरियाद लेकर पहुंचे नौबस्ता पुरानी बस्ती निवासी श्रीकांत दिवाकर ने कहा कि उनकी जमीन कब्जा होने में पुलिस ने ही मदद नहीं की। इसके अलावा समाधान दिवस में 75 शिकायतें आईं। जिसमें 28 मामले राजस्व के रहे। सोमवार को समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या काफी कम रही। बांसमंडी निवासी नसरीन ने बिजली विभाग से पीडी का बकाया जमाकर रसीद दिलाने की मांग की। समाधान दिवस में सिंचाई विभाग का एक, पुलिस के 11, बेसिक शिक्षा विभाग का एक, केडीए का पांच, स्वास्थ्य विभाग का एक, नगर निगम का 15 और केस्को की 9 शिकायतें आईं। मामलों में एसडीएम ने तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए।

**एक नजर**

### साइबर ठगों ने खाते से पार किए 1.68 लाख रुपये

**कानपुर।** साइबर ठग ने एक युवक के खाते से 1.68 लाख रुपये पार कर दिए। जानकारी होने पर पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। श्याम नगर निवासी भारत त्रिवेदी ने बताया कि 23 अप्रैल 2024 को उनके खाते से छह बार में 1.68 लाख रुपये पार कर दिए गए। मोबाइल पर मैसेज आने पर उन्हें रकम निकलने की जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने साइबर सेल व चकेरी पुलिस से शिकायत की। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

### बंद घर से चोरों ने उड़ाया 2.5 लाख का माल

कानपुर। किदवई नगर क्षेत्र की सफेद कालोनी में बंद घर से चोरों ने नकदी जेवरात समेत 2.5 लाख रुपये का माल पार कर दिया। सफेद कालोनी निवासी अली हैदर ने बताया कि 11 जुलाई को वह परिवार समेत कानपुर देहात स्थित डेरापुर गांव गए थे। सोमवार शाम घर लौटे तो अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था, अलमारी का लॉक टूटा था। जिसमें रखे करीब एक लाख के गहने, 85 हजार नकद, एलईडी टीवी समेत गृहस्थी का सामान गायब था। चोर पीछे के दरवाजे को तोड़ कर घर के अंदर दाखिल हुए थे। किदवई नगर इंस्पेक्टर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### चार अवैध वेंडर आरपीएफ के हवाले

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर साफ-सफाई, खानपान की व्यवस्थाओं का सोमवार को सहायक वाणिज्य प्रबंधक (एसीएम) संतोष त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। प्लेटफार्म पर खानपान बेचते चार अवैध वेंडरों को पकड़कर आरपीएफ के हवाले किया। उन्होंने खानपान के स्टालों पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता देखी और स्टालों पर साफ-सफाई के निर्देश दिए। गंदगी फैलाने वालों व निर्धारित स्थान पर खाद्य सामग्री की बिक्री न करने पर वेंडरों के खिलाफ कार्यवाही कर 13960 रुपये जुर्माना वसूला गया। स्टेशन पर 4 अवैध वेंडरों को पकड़कर कार्रवाई के लिए आरपीएफ के हवाले किया गया।

# पियरे रॉबिन्स सिंड्रोम से ग्रस्त महिला मां बनी

- डॉक्टरों ने मां के साथ जुड़वा बच्चों की भी जान बचाई
- दिल की कार्यक्षमता थी 40 फीसदी, फेफड़ों में था पानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के एनेस्थीसिया और स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के डॉक्टरों ने पियरे रॉबिन्स सिंड्रोम बीमारी से ग्रस्त गर्भवती का जटिल ऑपरेशन कर न सिर्फ उसकी जान बचाई बल्कि उसके जुड़वा बच्चों को भी जिंदगी दी। महिला के दिल की कार्य क्षमता 40 फीसदी से कम थी और उसके दोनों फेफड़ों में 30 फीसदी पानी भरा था, उसे सांस लेने की तकलीफ होने के साथ ही हाई ब्लड प्रेशर की भी शिकायत थी।

जालौन निवासी 25 वर्षीय नौ माह की गर्भवती 18 जुलाई को हैलट अस्पताल के अपर इंडिया शुगर एक्सचेंज अस्पताल में भर्ती हुई थी, जिसका ब्लड प्रेशर अत्यधिक बढ़ा होने के साथ उसे सांस लेने में तकलीफ थी। हृदय रोग संस्थान से परामर्श लेने पर डॉक्टरों को जानकारी हुई कि गर्भवती के हृदय की कार्य क्षमता 40 प्रतिशत से कम रह गई है और दोनों फेफड़ों में पानी भरा है। एनेस्थिसिया विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल वर्मा ने बताया कि जांच में महिला पियरे रॉबिन्स सिंड्रोम नामक आनुवांशिक बीमारी से ग्रस्त मिली। इस वजह से गर्भवती का निचला जबड़ा असामान्य रूप से छोटा व पीछे की ओर विस्थापित हो गया था और तालू असामान्य रूप से विकृत हो गया था। ऐसे में सामान्य तरीक से सांस की नली डालना मुश्किल था, इसलिए सर्जरी के माध्यम से गले में सामने छेद कर सांस का रास्ता बनाया गया। 45 मिनट चले इस जटिल ऑपरेशन में डॉक्टरों की टीम ने न सिर्फ महिला की जान बचाई बल्कि गर्भ में मौजूद उसके जुड़वा बच्चों को जिंदगी दी।



ऑपरेशन करने वाली डॉक्टरों की टीम। अमृत विचार

### डॉक्टरों के सामने रही काफी चुनौती

ऑपरेशन में एनेस्थीसिया विभाग से डॉ.नेहा, डॉ. संघरत्ना, डॉ.हिना, डॉ.दीक्षा, डॉ.कृष्णा, डॉ.शिखा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. पाविका लाल व डॉ.अनामिका मौजूद रहीं। डॉक्टरों के मुताबिक मरीज के बढ़े हुए ब्लड प्रेशर, हृदय की कार्य क्षमता कम होने, फेफड़ों में पानी भरने की स्थिति में जनरल एनेस्थीसिया दिया जाता है। सभी समस्याओं के चलते मरीज को पूर्ण बेहोशी देना चुनौतीपूर्ण था। साथ ही महिला पियरे रॉबिन्स सिंड्रोम ग्रस्त भी थी। इस वजह से सांस का रास्ता बनाया गया।

# पोस्टमार्टम में समय से नहीं आते डॉक्टर

**कानपुर।** पोस्टमार्टम हाउस में पोस्टमार्टम के लिए उर्सला, कांशीराम अस्पताल, केपीएम और सीएचसी व पीएचसी के डॉक्टरों की लगाई जाती है। डाक्टरों का पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचने का समय सुबह 10 बजे से हैं। लेकिन इसके बावजूद डाक्टर डयूटी पर कभी 12 बजे से पहले नहीं पहुंचते हैं। जबकि पोस्टमार्टम का कार्य शाम पांच बजे तक ही होता है। डाक्टरों के देर से आने की वजह से कई शवों का पोस्टमार्टम तक नहीं हो पाता है और उनको अगले दिन पोस्टमार्टम कराना पड़ता है। इस संबंध में कुछ लोगों ने सीएमओ से शिकायत की है। सीएमओ डा. आलोक रंजन का कहना है कि डाक्टरों के देर से पहुंचने की शिकायतें मिलने पर उनसे स्पष्टीकरण तलब किया जाता है। पोस्टमार्टम ड्यूटी में समय से ना पहुंचने की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अमृतसर-कटिहार के लिए मिली एक और ट्रेन

- 25 जुलाई से 15 अगस्त के बीच ट्रेन लगाएगी आठ फेरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लंबी दूरी की ट्रेनों में काफी वेटिंग होने के कारण रेल प्रशासन ने कटिहार से अमृतसर वाया सेंट्रल स्टेशन एक और स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह साप्ताहिक ट्रेन 25 जुलाई से 15 अगस्त के बीच आठ फेरे लगाएगी। इस ट्रेन में आज से ही रिजर्वेशन शुरू होगा।

एनसीआर की पीआरओ रागिनी सिंह ने बताया कि 05734 कटिहार से हर गुरुवार को 25 जुलाई से 15 अगस्त तक चलेगी। यह ट्रेन कटिहार से 11.40 बजे रवाना होगी जो दूसरे दिन सुबह सेंट्रल स्टेशन पर 6.30 बजे आएगी। दस मिनट ठहराव के बाद ट्रेन शनिवार रात 12.10 बजे अमृतसर पहुंचेगी। इसी तरह 05733 एक्सप्रेस अमृतसर से हर शनिवार 27 जुलाई से 7 अगस्त तक चलेगी। यह ट्रेन अमृतसर से 4.25 बजे चलकर सेंट्रल रात 8 बजे सेंट्रल आएगी। दस मिनट बाद रवाना होकर रविवार को दिन में 3 बजे कटिहार पहुंचेगी। यह ट्रेन निर्धारित अवधि में अपने आठ फेरे पूरा करेगी।

# कर्बला के शहीदों पर हुए जुल्म की दास्तान सुनकर छलकीं आंखें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कर्बला के मैदान में शहीद हुए पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों पर यजीद के जरिए किये गये जुल्म की दास्तान सुनकर लोगों की आंखें नम हो गईं। लोग अपने आंसू नहीं रोक पाये।

रविवार को देर रात वक्फ हाजरा बेगम सरदार बेगम एवं हादी बेगम छोटे मियां हाता कर्नलगंज में मौलाना किरतास करबलाई ने मजलिस को खिताब किया। मौलाना ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने कर्बला में इस्लाम और मानवता को बचाने के लिए अपने पूरे घर को कुर्बान कर दिया। उन्होंने कहा कि मोहर्रम की 11 तारीख को यजीद की फौज ने इमाम हुसैन का घर लूट लिया और उनके घर की महिलाओं, बच्चों और आबिदे बीमार को कैदखाने में रखा। मजलिस के बाद नौहाख्वानी और मातम हुआ। इस दौरान नारे हैदरी बुलंद होता रहा।

वक्फ के मुतवल्ली ऐनुल नकवी ने बताया कि जल्द ही देश के प्रसिद्ध मौलाना कल्बे जव्वाद भी इमामबारगाह हादी बेगम में मजलिस पढ़ने के लिए आयेंगे, मौलाना से संपर्क किया गया है। यहां आबिद नकवी, उमर, कंबर हुसैन नकवी आदि मौजूद थे।



इमामबारगाह हादी बेगम में मजलिस पढ़ते मौलाना किरतास करबलाई।

**गुरु को नमन** करौली शंकर महादेव ने गुरु पूर्णिमा पर शिष्यों की जिज्ञासा शांत की

# खुद के व्यक्तित्व से साक्षात्कार करने में मदद करता गुरु

- अमेरिका, जापान, हांगकांग, दुबई व नेपाल से आए शिष्यों ने किया पूजन

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीवन में गुरु का बहुत महत्व है। गुरु वह है जो शिष्य के अंदर की ऊर्जा के इस्तेमाल का तौर तरीका बताता है। इतना ही नहीं गुरु ही है जो हमें खुद के व्यक्तित्व से साक्षात्कार करने में मदद करता है। वह हमें तराशकर मूल्यवान बना देता है। यदि आप गुरु के विश्वास पात्र बन गए तो यकीन मानिए कि गुरु आपके ऊपर अपना असीम प्यार उड़ेल देंगे। ये बातें करौली शंकर महादेव ने गुरु पूर्णिमा पर करौली शंकर धाम में आयोजित उत्सव में कहीं। यहां अमेरिका, जापान, हांगकांग, दुबई व नेपाल आदि देशों से आए उनके शिष्यों ने गुरु का पूजन किया।

उन्होंने कहा कि हमें अपने देश, अपने गुरु और परिवार की मर्यादा का हमेशा खयाल रखना चाहिए। यदि आप ईमानदारी से ऐसा करते हैं तो यकीन मानिए कि आप तरक्की करते जाएंगे। आपका जीवन सुखमय हो जाएगा। अनेक लोगों के मन में गुरु शब्द की धारणा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में होती है, जो शिक्षा प्रदान करता है, मार्गदर्शन करता है, अथवा निर्देश देता है। परन्तु, एक आध्यात्मिक गुरु केवल इतना ही नहीं अपितु इससे बहुत अधिक होता है। गुरु शब्द के दो भाग होते हैं। गु अर्थात् अन्धकार और रु अर्थात मिटाना या दूर भगाना। सरल शब्दों में गुरु वह है जो हमें हमारे अन्धकार पर विजय प्राप्त करने में सहायता करता है और ज्ञान प्राप्त करने में हमारा मार्गदर्शन करता है। इस दौरान उन्होंने गुरु दीक्षा दी। शंकर सेना उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा , कर्नाटक अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महाराष्ट्र अध्यक्ष उज्जवल चौधरी, असम अध्यक्ष सुप्रियो चौधरी,गुरुजरत अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, हांगकांग के अध्यक्ष डीलू शर्मा उपस्थित रहीं।



विदेश से आए भक्तों ने करौली शंकर महाराज का पूजन किया। अमृत विचार

### चेक गणराज्य के मेयर ने किया पूजन

- चेक गणराज्य के मेयर ईरी ने अपनी पत्नी के साथ गुरु का पूजन किया। उन्होंने गुरु की महिमा का वर्णन किया। श्रद्धालुओं ने मेयर ईरी का स्वागत किया।

# बाबूपुरवा में दो पक्षों के विवाद में चली गोली, दो घायल

- बाइक छीनने को लेकर हुआ था विवाद
- पुलिस ने घायलों को केपीएम में भर्ती कराया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में सोमवार देर रात दो पक्षों का विवाद हो गया। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया लेकिन कुछ देर बाद एक पक्ष डंडे, तमंचे से लैस होकर आया और तमंचे की बट मार कर फायरिंग कर दी। फायरिंग होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर एसीपी बाबूपुरवा समेत कई थानों का फोर्स पहुंचा। हमले में घायल दो भाइयों को पुलिस ने केपीएम अस्पताल में भर्ती कराया।

अजीतगंज निवासी मो. आसिफ ने बताया कि सोमवार रात में मोहल्ले में स्थित शहीद पार्क में खड़ा था। तभी उसके मित्र दिलशाद का छोटा भाई निशाद बाइक लेकर आया था। आरोप है कि इस दौरान क्षेत्र में रहने वाले रोमी, सलमान आए और निशाद की बाइक जबरन ले गए। कुछ देर बाद वापस आने पर निशाद ने विरोध किया, जिस पर रोमी व उसके साथी ने मारपीट शुरू कर दी। जानकारी पर निशाद का बड़ा भाई दिलशाद मौके पर पहुंचा और बीच बचाव किया। आसिफ ने बताया कि कुछ देर बाद रोमी, सलमान व अमित अपने कुछ साथियों के साथ डंडे व तमंचे से लैस होकर आए और फायरिंग शुरू कर दी। आरोपियों ने दिलशाद व निशाद पर तमंचे की बट से हमला कर दिया और भाग गए। एसीपी बाबूपुरवा अमरनाथ यादव, बाबूपुरवा व किदवई नगर पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी बाबूपुरवा ने बताया कि घायलों को केपीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।



घटनास्थल पर जांच करते एसीपी बाबूपुरवा। अमृत विचार

# कन्नौज जा रही कार पलटी, 7 शिक्षिकाएं घायल

## शिवराजपुर टोल प्लाजा के पास हाईवे पर हुआ हादसा, ओवरटेक करने के प्रयास में डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार वैन

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** शिवराजपुर टोल प्लाजा के पास सोमवार सुबह तेज रफ्तार वैन डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिसमें सात शिक्षिकाओं के साथ वैन चालक घायल हो गया। हादसे के बाद दुर्घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गईं। शिक्षिकाएं सड़क पर पड़े तड़पती रहीं। सभी शिक्षिकाएं कन्नौज जनपद के विभिन्न विद्यालयों में तैनात हैं, जो सुबह कानपुर नगर से अपने तैनाती वाले विद्यालय जा रही थीं।

यह हादसा सोमवार सुबह करीब सात बजे हुआ। कानपुर नगर के अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाली शिक्षिकाएं कन्नौज जनपद के गुगरापुर ब्लॉक में तैनात हैं। ये रोजाना वैन से अप-डाउन करती हैं। सोमवार सुबह भी सभी शिक्षिकाएं स्कूल जाने के लिए वैन से निकली थीं। शिवराजपुर टोल प्लाजा के आगे हाइवे पर वैन के चालक ने आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान तेज रफ्तार वैन डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिससे उस पर सवार शिक्षिकाओं में चीख-पुकार मच गई। कई शिक्षिकाएं सड़क के किनारे पड़े तड़पती रहीं। शिक्षिकाओं को अंदरूनी गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से सभी शिक्षिकाओं को बिल्हौर के दो अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां से तीन गंभीर रूप से घायल शिक्षिकाओं को कानपुर रेफर कर दिया गया। मामूली रूप से घायल शिक्षिकाओं का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया।


डिवाइडर से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार। अमृत विचार


हादसे में घायल शिक्षिकाएं।

**रफ्तार की मार**
- घायल सभी शिक्षिकाएं कानपुर नगर की रहने वाली हैं
- रोजाना अप-डाउन करती हैं शिक्षिकाएं, अस्पताल पहुंचीं

### हादसे में ये शिक्षिकाएं हुईं घायल

हादसे में प्रतिभा मिश्रा पत्नी अमित मिश्रा निवासी कल्याणपुर कानपुर नगर, नेहा गुप्ता पत्नी राहुल निवासी सिग्नेचर सिटी कल्याणपुर कानपुर नगर, प्रीती कटियार पत्नी अनिल निवासी कल्याणपुर कानपुर नगर, पारुल निवासी बिरहाना रोड कानपुर नगर, अनुराधा निवासी कल्याणपुर, कानपुर नगर, गर्विता पुत्री रामकिशोर वर्मा निवासी किदवई नगर कानपुर और वैन चालक आयुष गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता निवासी नौबस्ता कानपुर नगर घायल हुए हैं।

### जानवर को बचाने में कार खड्ड में गिरी, पांच घायल

**साढ़।** थाना क्षेत्र के बिरहर गांव के पास कानपुर से अमौली जा रही स्कॉर्पियो कार जंगली जानवर को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। पड़ोसी फतेहपुर जिले के अमौली कस्बा निवासी संदीप तिवारी ने बताया कि वह निजी कार्यक्रम में शामिल होने कानपुर गए थे। वहां से देर रात अमौली के लिए निकले। जब रमईपुर-जहानाबाद रोड पर बिरहर गांव के पास पहुंचे, तभी अचानक एक जंगली जानवर सड़क पर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। इसकी सूचना साढ़ पुलिस को दी। पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीतरगांव पहुंचाया। घायलों में संदीप के साथ विमल कुमार, मोहित कुमार, माया, अन्नपूर्णा शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को घर भेज दिया गया।

# चेकिंग के नाम पर जुर्माना की घुड़की देकर उगाही

संवाददाता, बिल्हौर

**होगी जांच**
- कर्मचारी ने पांच हजार रुपये ऑनलाइन भुगतान लिया
- एसडीओ बोले, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी

**अमृत विचार:** बिल्हौर तहसील के बिजली उपभोक्ता खासे परेशान हैं। एक उपभोक्ता के घर चेकिंग के नाम पर कर्मचारियों ने जुर्माना लगाने की घुड़की दी और पांच हजार रुपये ठग लिया। इसके बाद उसे 18 हजार रुपये जुर्माना का नोटिस भी भेज दिया गया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर इंसाफ मांगा है।

ताजा मामला पूरा कस्बा का है। यहां छोटी सी इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाने वाले उमेश कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर बताया कि वेद नाम के कर्मचारी ने लखनऊ का अफसर बताकर उनके घर पर बिजली कनेक्शन की जांच की। नियम विरुद्ध कनेक्शन बताकर एक लाख रुपये जुर्माना लगाने की धमकी दी। मसला हल करने के नाम पर पांच हजार रुपये ले लिया और वहां से चला गया।

इसके बाद विभाग की ओर से उसे 18,000 रुपये पेनाल्टी लगाने का नोटिस भेज दिया गया। चेकिंग करने वाले कर्मचारी ने पांच हजार रुपये आनलाइन लिया था। ठगी का एहसास होने के बाद उपभोक्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। उप खंड अधिकारी अमरनाथ चौहान का कहना है कि इस मामले की जानकारी हुई है। पीड़ित दुकानदार से प्रार्थना पत्र मांगा गया है। कर्मचारी की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### दुराचार के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के धमना बुजुर्ग निवासी वेद प्रकाश तिवारी बलात्कार के मामले में वांछित चल रहा था, जिसे पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह ने बताया कि अभियुक्त वेद प्रकाश तिवारी की काफी दिनों से तलाश चल रही थी।

### खनन में वांछित आरोपी को भेजा गया जेल

**घाटमपुर।** सजेती थाने की पुलिस ने कानपुर नगर के सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के कुईहार पिपरगवां निवासी जितेंद्र पाल पुत्र बलवीर पाल को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह ने बताया कि जितेंद्र पाल खनन के मामले में काफी दिनों से वांछित चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर घाटमपुर से उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से बालक की मौत

**मंगलपुर।** ट्रेन की चपेट में आने से एक बालक की मौत हो गई। रूरा थाना क्षेत्र के सीतापुर अमौली ठकुरान गांव निवासी चरन सिंह का पुत्र लवकुश पाल (11) रविवार की देर शाम किसी ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे एंबुलेंस से सीएचसी झींझक भेजा। जहां चिकित्सक डॉ. मुकेश पाठक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### युवक ने कमरे में फंदा लगाकर दे दी जान

**रूरा।** कस्बे के रामनगर का रहने वाला जितेंद्र (28) कस्बे में ही पल्लेदारी का काम करता था। सोमवार की दोपहर में घर के अन्य लोग खेतों में काम करने गए हुए थे। उसकी पत्नी घर में काम कर रही थी। इसी दौरान जितेंद्र ने मकान के ऊपर वाले कमरे में जाकर फंदा लगा जान दे दी। जानकारी होने पर मां माया, पत्नी माधुरी समेत अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। दरोगा जसवीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सीडीओ के सामने पहुंचा कोटा का विवाद

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** अरौल गांव की राशन कोटे की दुकान को लेकर चल रहा विवाद सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में भी पहुंच गया। ब्लॉक परिसर में डीएम के आने का इंतजार कर रहे वर्तमान और पूर्व कोटेदार के समर्थन में पहुंचे ग्रामीणों के बीच विवाद बढ़ता देख पुलिस ने मोर्चा लेते हुए दोनों पक्षों को डांट डपट कर शांत कराया।

बिल्हौर ब्लाक सभागार में सोमवार को संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में सीएमओ डॉ आलोक रंजन, सीडीओ सुधीर कुमार, एसडीएम रश्मि लंबा, तहसीलदार तिमिराज सिंह और एसीपी अजय त्रिवेदी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। शिकायत लेकर पहुंचे 212 फरियादियों में जमीनी विवाद से संबंधित मामलों की अधिकता रही। मौके आधा दर्जन शिकायतों का निस्तारण किया गया।

तहसील दिवस के समापन से पहले किन्हीं कारणों से डीएम के न आने की सूचना के बाद सपा नेत्री रचना और कोटेदार के समर्थक ग्रामीणों ने सीडीओ को ज्ञापन सौंप कर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्यवाही की मांग की। वहीं विरोध में आए ग्रामीणों ने कोटेदार पर राशन वितरण में धांधली करने, समय से राशन न देने की शिकायत करते हुए कोटेदार और सपा नेत्री पर कार्यवाही की मांग की।

सपा नेत्री रचना सिंह ने प्रशासन को 25 जुलाई तक सप्लाई निरीक्षक के विरूद्ध कार्यवाही ना करने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है। मामले मे दोनो ओर से समर्थक मे खूब गर्म गर्मी हुई जिसके बाद थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने समर्थकों को लाठी पटक कर खदेड़ा इसके बाद जिसको लेकर ग्राम प्रधान अरौल मुन्ना सिंह की पुलिस के साथ झड़प भी हुई मामला बढ़ता देख उच्च अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया।

- हंगामा बढ़ता देखकर पुलिस ने घुड़की देकर शांत कराया


बिल्हौर में शिकायतें सुनते सीडीओ और एसडीएम।


कोटा विवाद को लेकर तहसील पहुंचे लोग। अमृत विचार

# सभासद ने पानी संकट का मुद्दा उठाया

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** तहसील समाधान दिवस में एडीएम, एसडीएम, एसीपी ने समस्याएं सुनीं। कुछ समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए कहा गया है। इस दौरान कस्बे के आछी मोहल्ले, कूष्मांडा नगर पूर्वी, टीचर कॉलोनी में पेयजल संकट को लेकर सभासद के साथ पहुंचे लोगों ने शोर शराबा किया।

तहसील समाधान दिवस में एडीएम रिंकी जायसवाल, एसडीएम यादुवेंद्र सिंह और एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और कुछ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। समाधान दिवस में राजस्व संबंधी समस्याएं अधिक पहुंची। कस्बे के कूष्मांडा नगर पूर्वी के सभासद सत्यम चौहान ने कूष्मांडा नगर पूर्वी, आछी मोहाल, टीचर कॉलोनी के लोगों के साथ एडीएम रिंकी जायसवाल को पानी की समस्या से अवगत कराया। इस दौरान सभासद सत्यम चौहान ने वहीं फर्श पर लेटने का कई बार प्रयास किया।

इन लोगों की मांग थी कि वार्डों में उत्पन्न पानी की समस्या का समाधान तत्काल किया जाए। नगर पालिका परिषद के पास कई पानी के टैंकर हैं, जब तक पानी की टंकी से आपूर्ति नहीं होती, तब तक मुहल्लों में टैंकरों से सप्लाई की जाए। एडीएम लिकी जायसवाल ने ईओ महेंद्र कुमार को मोहल्लों में तत्काल प्रभाव से पानी पहुंचाने के निर्देश दिए और कहा कि पानी की टंकी को शीघ्र ठीक कराया जाए।


घाटमपुर तहसील दिवस में अफसरों को समस्या बताते फरियादी। अमृत विचार

# मकरंदपुर बांगर प्रधान के लिए 8 पर्चे दाखिल

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** विकास खंड क्षेत्र के मकरंदपुर बांगर ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान पद के उप चुनाव के लिए 6 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन किया है। यहां छह अगस्त को मतदान होगा और सात अगस्त को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा।

मकरंदपुर बांगर के ग्राम प्रधान रहे इंद्रजीत निषाद पिछले वर्ष 15 अगस्त को निधन हो गया था। इसके बाद से ग्राम प्रधान पद खाली चल रहा था। अब प्रधान पद के लिए उपचुनाव हो रहा है, जिसके लिए 5 अगस्त को पोलिंग पार्टी गांव पहुंचेगी। 6 अगस्त को मतदान होगा और 7 अगस्त को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा। इसके लिए सोमवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। ब्लॉक मुख्यालय पर निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र कुशवाहा एबीएसए की देखरेख में नामांकन प्रक्रिया पूरी की गई। नामांकन सुबह 10 बजे से चालू हुआ, जो शाम 4 बजे तक चला। ग्राम पंचायत प्रधान पद के लिए 8 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है, जिसमें मोहित कुमार, जगजीवन राम, पुष्पेंद्र, अंकित, नवल किशोर, अंजू शामिल हैं।

- 6 अगस्त को होगा मतदान 7 को होगी मतगणना

# शिवालयों में गूंजते रहे जयकारे

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** सावन के पहले सोमवार पर शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव के जयकारों से शिवालय गूंजते रहे। मंदिरों के आसपास का माहौल भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का दूध व जल से अभिषेक किया। बेलपत्र, भांग, धतूरा, शहद व फूल अर्पित कर भोलेनाथ की आराधना की।

शिव मंदिरों में भोर पहर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दर्शन व पूजन के लिए लंबी लाइनें लगी रहीं। सजेती से विहारेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों ने लाइन में लगकर बारी-बारी से दर्शन किए और मंदिर की परिक्रमा की वही बच्चों ने मंदिर प्रांगण में लगे मेले का आनंद उठाया। निबियाखेड़ा के भद्रेश्वर महादेव, घाटमपुर बारीश्वर महादेव मंदिर, कुष्मांडा मंदिर में भक्तों की लंबी लाइनें लगीं रहीं। बीच-बीच में हर हर महादेव व बम-बम भोले के जयकारों से माहौल गूंजता रहा।कर्चुलीपुर के अवलेश्वर मंदिर में भक्तों की भीड़ पहुंची। पतारा के बैजनाथ धाम, सजेती के बिहारेश्वर मंदिर में भोर से लेकर रात तक भक्तों की लाइनें लगी रहीं। शिव मंदिरों में आकर्षक श्रंगार व सजावट भी की गई। भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस बल भी गस्त करता रहा। शिवहरी धाम बिच्छीपुर में जहां भक्तों की भारी भीड़ दर्शन करने उमड़ी, वहीं मंदिर ट्रस्ट की ओर से आयोजित भंडारे में लोगों ने प्रसाद भी ग्रहण किया।


सावन के पहले सोमवार को शिवलिंग की पूजा करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# रनियां में 117 लोगों को अतिक्रमण का नोटिस

संवाददाता, रनियां

- अतिक्रमण हटाने के लिए 31 को बुलाए गए मकान स्वामी
- खुद अतिक्रमण नहीं हटाने पर एनएचएआई उठाएगा कदम

**अमृत विचार।** एनएचएआई की भूमि पर 117 मकानों के स्वामियों ने अतिक्रमण कर रखा है, जिसके चलते जमीन खाली करने के लिए फिर से सभी लोगों को एनएचएआई की ओर से नोटिस दी गई है। अतिक्रमण हटाने के लिए 31 जुलाई को एनएचएआई कार्यालय में वार्ता के लिए बुलाया है।

रनियां पड़ाव से चिटिकपुर तक 117 मकान हैं, जो एनएचएआई की जमीन पर अतिक्रमण किए गए हैं। एचएनएआई के इंजीनियर शिवम कुमार ने बताया कि 117 मकान रनियां कस्बे के अंदर ऐसे हैं, जो सरकारी भूमि पर बने हैं। उन्हे नेशनल हाईवे की टीम गिराएगी। सभी मकानों को चिंहित कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को 117 मकान स्वामियों को नोटिस दी गई है। जिसमें यह अंकित है कि तीन दिन के भीतर अतिक्रमण हटा लिया जाए। स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाने पर एनएचएआई खुद ही हटाने का काम शुरू करेगी। उन्होंने बताया कि चिंहित मकान स्वामियों की सुनवाई के लिए 31 जुलाई को एनएचएआई कार्यालय में वार्ता के लिए बुलाया गया है।

**आस्था की लहर** — एसडीआरएफ की टीम के साथ गोताखोर और गंगा मित्र रहे चौकन्ना, मेले में सुरक्षा के लिहाज से तैनात रहा पुलिस बल

# सावन के पहले सोमवार को खेरेश्वर और बिठूर घाट पर जुटी भीड़

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** सावन के पहले सोमवार को ही क्षेत्र के खेरेश्वर सरैयां गंगा घाट पर भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा रविवार रात से ही दूर-दूर से आए भक्तों ने खेरेश्वर मंदिर के आसपास एवं गंगा तट पर अपना डेरा डाल दिया व भोर पहर से ही हर हर गंगे का उद्घोष करते हुए गंगा स्नान करने लगे ।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भोलेनाथ की पूजा तपस्या के लिए श्रावण मास को प्रमुख माना गया है ऐसा कहा जाता है कि श्रावण महीने में प्रतिदिन गंगा स्नान करके भोलेनाथ पर गंगाजल अर्पित करके प्रार्थना करने पर अनंत फल पुण्य प्राप्त होता है ।

खेरेश्वर सरैया गंगा घाट पर सुबह से ही महिला एवं पुरुष भक्तों ने गंगा स्नान करके गंगा तट पर स्थित प्राचीन व विशाल शिव मंदिरों जिसमें कालेश्वर नागेश्वर दूधेश्वर व खेरेश्वर महादेव मंदिर भूतेश्वर महादेव मंदिर आदि में पहुंच कर गंगाजल दूध चंदन अक्षत बेल धतूरा मिष्ठान फल आदि अर्पित करके अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु प्रार्थना की इसके पश्चात खेरेश्वर मंदिर प्रांगण में लगे विशाल मेले का आनंद लिया जिसमें जगह-जगह खाने-पीने की वस्तुएं व झूले सर्कस आदि लगे हुए थे ।

सावन के सोमवार को होने वाले इस विशाल जन समूह को सुचारू रूप से संचालित करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ती है एक दिन पहले से ही गैर थानों से पुलिस बल बुलाकर लगाया गया था व गंगा के अंदर स्नान करने के लिए संकेतांक लगाए गए थे गोताखोर जल मित्र एसडीआरएफ आदि की टीमें सक्रिय थी किसी प्रकार की कोई अनहोनी ना हो इसके लिए स्नान करने वाले पुलिस की निगरानी में थे संकेतन का उल्लंघन करने पर पुलिस ने कई नवयुवकों को पड़कर दंडित भी किया अपार जन सैलाब को नियंत्रित करने के लिए वाहनों को 4 किलोमीटर पहले ही इधर-उधर लिंक रोड पर खड़ा कर दिया जाता है जिससे शिवराजपुर से गंगा घाट तक भक्तों की सुविधा के लिए जगह-जगह बैरियर लगाए गए थे आने-जाने वाले अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए थे। सुबह से शाम तक गंगा तट पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।


शिवराजपुर के सरैया घाट पर सावन के पहले सोमवार को उमड़ी आस्था। अमृत विचार


बिठूर में गंगा स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में लगाई आस्था की डुबकी, शिवालयों में किया जलाभिषेक

**बिठूर।** सावन मास के पहले सोमवार पर श्रद्धालुओं ने बिठूर गंगा तट पर जहां आस्था की डुबकी लगाई, वहीं शिवालयों में जलाभिषेक करके भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। शिव आराधना के बाद भक्तों ने सुख-समृद्धि की कामना के साथ आशीर्वाद लिया। सावन मास के पहले सोमवार को बिठूर गंगा तट पर सुबह से ही श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचने लगे। इस दौरान गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की जहां भारी भीड़ जमा हो गई, वहीं श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में स्नान करने के बाद शिव मंदिरों में शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। भगवान शिव के जयकारों से वातावरण भक्ति मय हो गया। भक्तों ने बनखंडेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के भी व्यापक इंतजाम किए गए थे। मंदिर परिसर से लेकर दुकानों तक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। सादी वर्दी में भी पुलिस कर्मी ड्यूटी पर मुस्तैद रहे। गंगा में जलस्तर को देखते हुए नावों से भी पुलिस सतर्क रही।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# महिला को पीटकर बंधक बनाया लाखों के जेवरात-नकदी की लूट

## मूसानगर क्षेत्र के अकबराबाद गांव में हुई वारदात, आंगन में सो रही थी महिला

संवाददाता, मूसानगर

- अपर पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल पर छानबीन की
- कमरे में सो रहा था पति, लुटेरों ने बाहर से कुंडी लगा दी



मारपीट के बाद घर में लूटपाट की जानकारी लेते एएसपी राजेश पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अकबराबाद में बदमाशों ने एक घर में घुसकर आंगन में सो रही महिला को लोहे की रॉड से मारा-पीटा और अलमारी में रखे करीब 12 लाख रुपये के जेवरात और 20 हजार की नकदी लूटकर भाग गए। वारदात की सूचना पर एएसपी ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की और घटना के खुलासे के निर्देश दिए। फोरेसिंक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए।

अकबराबाद के रहने वाले किसान रामनाथ ने बताया कि रविवार रात वह अपने कमरे में लेटा था, जबकि पत्नी करुणा देवी घर के आंगन में सो रही थी। देर रात घर के पिछवाड़े वाले दरवाजे से बदमाश अंदर दाखिल हुए और पत्नी का मुंह दबाकर मारपीट की। लोहे की रॉड से उसके पैर में हमला कर दिया। इसके बाद पत्नी से बगल के कमरे का ताला खुलवाकर अलमारी में रखे करीब 12 लाख रुपये के जेवरात और 20 हजार रुपये नकदी समेत मोबाइल फोन लूट लिया।

इसके बाद बदमाश घायल पत्नी को उसी कमरे में बंद कर भाग निकले। पत्नी के शोर मचाने पर आवाज सुनकर वह अपने कमरे से बाहर निकले। बदमाशों ने सभी कमरों के दरवाजे और मेन गेट को बाहर से बंद कर दिया था। रामनाथ ने मोबाइल से पड़ोसियों को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद पड़ोसी एकत्र हुए और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर घटनास्थल पहुंचे एएसपी राजेश पांडेय और भोगनीपुर सीओ संजय सिंह ने तहकीकात की।



बदमाशों की मारपीट से घायल करुणा।

### घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया

- लूट की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल करुणा देवी को इलाज के लिए पुखरायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। घायल करुणा देवी ने बताया कि बदमाशों की संख्या तीन-चार के आसपास थी। विरोध करने पर उन्होंने मारपीट की।

फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। थानाध्यक्ष रामसिंह ने कहा कि घटना की तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

## इंजीनियरिंग कॉलेज की प्रबंधक ने दी जान

**संदलपुर।** चौकी क्षेत्र के कस्बा संदलपुर में गृह क्लेश के चलते इंजीनियरिंग कालेज की बुजुर्ग महिला प्रबंधक ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है।



शकुंतला देवी।

संदलपुर निवासी शकुंतला देवी (63) एसकेआईटी इंजीनियरिंग कालेज की प्रबंधक थीं। सोमवार को उन्होंने अपने घर में दरवाजे के कुंडे से रस्सी के सहारे फंदा लगा लिया, जिससे उनकी मौत हो गई। मकान के दूसरी मंजिल से नीचे आए पुत्र ने शव लटकते देखा तो घटना की जानकारी हुई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। आत्महत्या के पीछे गृह क्लेश की बात कही जा रही है। परिजनों ने घटना की सूचना चौकी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी की। संदलपुर चौकी इंचार्ज कौशल कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बयान : रनियां थाने में मारपीट से हुई थी बलवंत सिंह की मौत

बलवंत हत्याकांड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- हत्याकांड के विवेचक सीओ ने न्यायालय में दर्ज कराए बयान

### 25 को फिर होगी सुनवाई

अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप ने बताया कि विवेचक सीओ के अदालत में बयान पूरे नहीं हो सके। बयान और बचाव पक्ष की तरफ से जिरह के लिए न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 25 जुलाई की तिथि नियत की है। सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रशांत मिश्रा ने उनके बयान दर्ज कराए। इस दौरान सातों आरोपी पुलिस कर्मी कोर्ट में पेश किए गए।

**अमृत विचार।** चर्चित बलवंत हत्याकांड में विवेचक पुलिस उपाधीक्षक हाल तैनाती भाटपाररानी जनपद देवरिया शिव प्रताप सिंह के न्यायालय में बयान दर्ज किए गए। यह जानकारी वादी पक्ष की पैरवी कर रहे अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान दी।

अधिवक्ता के मुताबिक विवेचनाधिकारी ने अदालत को बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक के आदेश पर विवेचना के लिए एसआईटी गठित की गई थी, जिसका वह खुद नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने 16 जनवरी 2022 से विवेचना शुरू की थी। उन्होंने घटना के वादी अंगद सिंह और चश्मदीद गवाह बलबीर सिंह, गुड्डू उर्फ राघवेंद्र व रामजी सहित आरोपियों के बयान दर्ज किए थे। विवेचना के अनुसार मृतक बलवंत सिंह घटना वाले दिन हिमांगी मिल से चोकर लादकर महिंद्रा पिकअप से शाम 4:36 बजे बाहर निकला था, जिसका प्रमाण सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से मिला। इसकी वीडियो क्लिप पेन ड्राइव में संकलित कर केस डायरी में शामिल की गई है। सचेंडी के जिस लक्ष्य एचपी पेट्रोल पंप के पास से बलवंत व चश्मदीद गवाह रामजी को पिकअप सहित एसओजी टीम ने घटना वाले दिन उठाने के बारे में बताया था, उस पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने पर बलवंत सिंह की पिकअप व सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी, जिसे गवाह एसओजी टीम की गाड़ी बता रहे हैं, वह निकलती दिखाई पड़ी।

विवेचक सीओ शिवप्रताप सिंह ने बताया कि विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर यह पाया गया कि आरोपी एसओजी प्रभारी प्रशांत कुमार गौतम, मुख्य आरक्षी दुर्वेश कुमार, सोनू यादव, अनूप कुमार, आरक्षी प्रशांत कुमार पांडेय, प्रभारी निरीक्षक शिवली राजेश सिंह, मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पांडेय एवं मैथा चौकी के मुख्य आरक्षी विनोद कुमार मृतक बलवंत को शिवली थाने के लूट के मुकदमे में पूछताछ के लिए रनियां थाने के अंदर ले गए थे, जहां पूछताछ करते हुए उसके साथ मारपीट की गई, जिससे बलवंत की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बलवंत सिंह के शरीर में 31 चोटें बताई गई थीं।

## ट्रैक्टर का भाड़ा मांगने पर युवक को निर्वस्त्र कर पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- पीड़ित का वीडियो बना सोशल मीडिया पर किया वायरल

**अमृत विचार।** भोगनीपुर कोतवाली अंतर्गत एक युवक को ट्रैक्टर के भाड़े के रुपये मांगना भारी पड़ गया। युवकों ने पीड़ित को निर्वस्त्र कर जमकर पीटा और फिर वीडियो बनाया सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुखरायां कस्बा के वार्ड नंबर 17 रामस्वरूप नगर मोहल्ला निवासी भूपेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि भाई मुलायम अपना ट्रैक्टर देवराहट थाना क्षेत्र के सेल्हूपुर गांव निवासी उमेश यादव व सीताराम यादव के यहां भाड़े पर चलाकर मिट्टी ढुलाई का काम करता है। उसने 29 अप्रैल से दो जून 2024 तक मिट्टी ढुलाई का काम किया था। मुलायम ने उनसे भाड़े के रुपये मांगे तो उमेश यादव ने अपने मित्र वार्ड नंबर 17 निवासी ॠषि यादव के यहां बुलाया। जहां उमेश यादव, सीताराम यादव, प्रदीप तिवारी व ॠषि यादव मिले। उन्होंने मुलायम से अन्य स्थान पर मिट्टी डालने के लिए कहा तो भाई ने बकाया देने की बात कही।

इसी बात से नाराज होकर चारों आरोपियों ने ॠषि यादव के मकान में बंधक बना जमकर पिटाई कर दी। साथ ही निर्वस्त्र कर वीडियो बना लिया और कुछ दिनों के बाद सोशल मीडिया पर घटना से जुड़ा वीडियो वायरल भी कर दिया। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इंस्पेक्टर क्राइम जीतेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर पर चारों आरोपियें के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर आरोपी उमेश व ॠषि को गिरफ्तार कर लिया है।

## सीएचसी में प्रसूता की मौत पर हंगामा

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** कस्बा के मोहल्ला आजाद नगर में सोमवार की सुबह खेतों पर शौच को गई गर्भवती के प्रसव होने लगा। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने पैसों की मांग का आरोप लगाकर सीएचसी में हंगामा काटा। पुलिस के समझाने पर परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव ले गए।



वंदना।

सिकंदरा कस्बा के आजाद नगर निवासी गौतम गिहार ने बताया कि प्रसव होने पर पत्नी बंदना को सीएचसी ले गए थे। जहां नवजात ने सकुशल जन्म लिया, लेकिन महिला की हालत गंभीर हो गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने स्टाफ नर्स पर पैसों की मांग का आरोप लगाकर करीब तीन घंटे तक हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से बातचीत की। वहीं कुछ लोगों ने आपसी समझौता करा दिया। जिसके बाद परिजन शव घर ले गए। चिकित्साधिकारी डॉ. पवन कुमार ने बताया कि परिजन जच्चा बच्चा को लेकर आए थे। बच्चा तो सकुशल था, लेकिन प्रसूता में खून की कमीं होने के चलते हालत गंभीर थी। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर के दौरान महिला की मौत हो गई थी। परिजनों मे मनगढ़ंत आरोप लगाकर हंगामा काटा है। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराया और शव ले गए हैं।



प्रसूता की मौत पर सीएचसी में हंगामा करते परिजन। अमृत विचार

- पुलिस के समझाने के बाद माने परिजन, बिना पोस्टमार्टम कराए गांव ले गए शव

## कार की टक्कर से युवक की मौत, साथी भी गंभीर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर में हाईवे पर तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे को कानपुर रेफर किया गया है।



हैदर।

जनपद संतकबीर नगर के ग्राम घुसौरा थाना दुधारा का रहने वाला हैदर (30) कानपुर नगर में भौंती मंडी में काम करता था और सचेंडी में किराए के मकान में परिवार के साथ रहता था। वह अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के वंशनपुरवा गांव में रहने वाले अपने दोस्त धर्मेंद्र से मुलाकात करने के लिए आया था। मुलाकात करने के बाद वह देर शाम दोस्त धर्मेंद्र के साथ बाइक से वापस भौंती जाने के लिए रवाना हुआ। इसी दौरान कानपुर-इटावा हाईवे पर मोहम्मदपुर गांव के सामने तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

दुर्घटना के बाद कार छोड़कर चालक वहां से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के परिजनों को सूचना देकर उनको जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद हैदर को मृत घोषित कर दिया, जबकि धर्मेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया है। कोतवाली सतीश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार कर चालक की तलाश की जा रही है।

## संदिग्ध हालात में बुजुर्ग की मौत

**मंगलपुर।** हवासपुर गांव में एक बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मंगलपुर थाना क्षेत्र के हवासपुर निवासी बेचेलाल (75) शराब पीने के आदी थे। जिससे घर में आए दिन कलह होती रहती थी। बताया जाता है कि शाम को भी विवाद हुआ था। उसके बाद सभी लोग सो गए। सोमवार की सुबह बुजुर्ग बेचेलाल मृत अवस्था में मिले। शरीर की अवस्था देखकर कोई जहरीला पदार्थ खाने का अंदेशा लगाया जा रहा है। बुजुर्ग की मौत पर पत्नी राजेश्वरी बदहवास हो गई। वहीं पुत्र राजेश, नाती कन्हैया, नातिन, प्रिया आदि का रो-रो कर बुरा हाल था। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



बेचेलाल।

## कालेज के हॉस्टल में बीटेक छात्र का लटका मिला शव

- कॉलेज प्रबंधन ने फंदे से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया
- हमीरपुर का रहने वाला था छात्र रविवार को घर से लौटा था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** अकबरपुर क्षेत्र के बारा स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज के हॉस्टल में हमीरपुर के रहने वाले बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र का शव फंदे पर लटकते मिला। कॉलेज प्रबंधन ने उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

हमीरपुर जनपद के गुजर्रा ककरऊ गांव का रहने वाला पुष्पेंद्र कार (20) अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बारा गांव के पास प्रभात इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक मैकेनिकल द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह इंजीनियरिंग कालेज के हॉस्टल के कमरा नंबर 209 में रहता था। रविवार को ही वह अपने गांव से कॉलेज लौटा था और देर शाम उसने हॉस्टल के कमरे में फंदा लगा लिया। छात्रों ने खिड़की से उसे फंदे पर लटकता देखा तो शोर मचाया।



पुष्पेंद्र कुमार।

जानकारी मिलने पर कालेज के एडमिन अफसर हरेंद्र गुप्ता और चीफ प्रॉक्टर योगेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। छात्रों की मदद से पुष्पेंद्र को फंदे से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इमरजेंसी डॉ. निशांत पाठक ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद कालेज प्रबंधन स्पष्ट जानकारी देने से कतरा रहा है। अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने बताया कि छात्र के परिजनों को सूचना भेजने के साथ छानबीन की जा रही है। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा और रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## समाधान दिवस में सिर्फ 6 शिकायतों का हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने अकबरपुर तहसील में षिकायतों को सुना और उनका समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसी तरह सिकंदरा में सीडीओ व अन्य तहसीलों में भी अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनी।

सोमवार को अकबरपुर तहसील में षिकायत सुनते हुए डीएम आलोक सिंह ने कहा कि प्राप्त समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। छोटे-छोटे मामलों को भी गंभीरता पूर्वक लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने भी पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुनकर निस्तारण के निर्देष दिए। दिवस में राजस्व से 129, पुलिस 12, विकास 9, विद्युत 10, पीओ डूडा 6, नगर निकाय 5, समाज कल्याण 4 समेत कुल 184 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमे से 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।




तहसील में शिकायत सुनते डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

- डीएम-एसपी ने अकबरपुर तहसील में सुनी फरियाद

सिकंदरा तहसील में सीडीओ लक्ष्मी एन. ने जन समस्याएं सुनी। यहां कुल 104 शिकायतें प्राप्त हुई। तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। सीडीओ ने निर्देश दिए कि शिकायतों को रजिस्टर में अंकित कर निस्तारण आख्या भी अंकित की जाए, अन्यथा कठोर कार्र्वाई की जाएगी। रसूलाबाद तहसील में एसडीएम नीलिमा यादव ने शिकायतें सुनीं। मकरंदपुर कहिंजरी के छोटेलाल ने बताया कि गाटा संख्या 451 में चकमार्ग है, जिसे रामपाल ने तोड़ दिया है। अब आने-जाने में दिक्कत होती है। इस दौरान राजस्व की सर्वाधिक 60, पुलिस 10, विकास 16, विद्युत एक, आपूर्ति 2, लोक निर्माण एक, वन विभाग एक, चकबंदी 4 समेत कुल 98 शिकायतें दर्ज हुई। एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया।



सिकंदरा तहसील में शिकायत सुनतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.। अमृत विचार

आस्था का जमघट

भक्तों ने किया बेलपत्र, दूध और शहद से अभिषेक, जिले के पौराणिक मंदिरों में दर्शन के लिए जुटी भारी भीड़

# सावन के पहले सोमवार को जयकारों से गूंजे शिवालय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** भगवान शिव के पूजन के लिए पवित्र सावन माह सोमवार से शुरू हो गया। इसके चलते जिले में आस्था के प्रमुख केंद्र पौराणिक व ऐतिहासिक शिवालयों में साज सज्जा की गई है। श्रद्धालुओं ने पहले दिन भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेल पत्र आदि से पूजन किया और हर-हर महादेव के उदघोष किए।

रूरा क्षेत्र के बनीपारा जिनई के पौराणिक वाणेश्वर महादेव मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है। सावन के पहले सोमवार को यहां पर सुबह से बड़ी संख्या में भक्तों का आना शुरू हो गया। भक्तों ने बेल पत्र चढ़ाए और दूध से जलाभिषेक कर भगवान शिव का पूजन किया और बोल बम के जयकारे लगाए। नगर पंचायत रनियां में सावन के पहले सोमवार को शिवपुरी स्थित श्री पातालेश्वर मंदिर में सुबह से ही श्रृद्धालुओं का तांता लगा रहा। मस्तक पर चंदन का लेप लगाकर हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया। लोगों ने शिवलिंग पर जल व दूध अभिषेक तथा बेलपत्र, धतूरा, भांग, फल, फूल अर्पित कर मन्नतें मांगी।

ग्रामीण अंचल से लेकर कस्बा वासिवों में उत्साह देखने को मिला। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने पुलिस बल तैनात रखा।

मंदिर व्यवस्थापक पंडित श्यामजी त्रिपाठी ने सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया। डेरापुर क्षेत्र के सेंगुर नदी किनारे स्थित कपालेश्वर शिव मंदिर में शिवलिंग व मजार जुड़ी होने से हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक माना जाता है। जहां भक्तों ने पूजन-अर्चन किया। रसूलाबाद के धर्मगढ़ बाबा मंदिर, अकबरपुर के शुक्ल तालाब स्थित नर्मदेश्वर मंदिर, कालिका देवी मंदिर, झाड़ी बाबा मंदिर समेत अन्य शिवालयों में देर शाम तक पूजन-अर्चन का दौर चलता रहा।



रनियां के पातालेश्वर मंदिर में पूजन करते लोग। अमृत विचार



शिवली के जागेश्वर मंदिर में पूजन करते भक्त। अमृत विचार

### सुख-समृद्धि का प्रतीक शिवली का जागेश्वर मंदिर

**शिवली।** क्षेत्र के पांडु नदी किनारे स्थित प्राचीन जागेश्वर मंदिर सुख व समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। मंदिर के पुजारी राकेश पुरी ने बताया कि करीब चार दशक पहले घने जंगल में बंजारों का पड़ाव पड़ा था। उनकी गाय का दूध रोजाना गायब हो जाता था। बंजारों ने चुपके से देखा कि गाय एक निश्चित स्थल पर दूध गिरा देती थी, जिसकी खोदाई पर शिवलिंग निकला था। सावन के पहले दिन बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे।

## क्षेत्र और ग्राम पंचायत सदस्य के लिए दो पर्चे

**मंगलपुर।** ग्राम पंचायत बनीपारा डगराहा में ग्राम पंचायत सदस्य व बनीपारा जिनई में क्षेत्र पंचायत सदस्य के उपचुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन दोनों पदों पर सिर्फ एक-एक नामांकन पत्र दाखिल हुए। जिससे दोनों सीटों पर निर्विरोध चुना जाना तय है।

झींझक ब्लाक की ग्राम पंचायत पंचायत बनीपारा डगराहा में ग्राम पंचायत सदस्य व बनीपारा जिनई मे क्षेत्र पंचायत सदस्य के पद खाली हैं। उपचुनाव की प्रक्रिया चल रही थी। सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए अंतिम तारीख थी। जिसमे पंचायत बनीपारा डगराहा से ग्राम पंचायत सदस्य के लिए योगेंद्र ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं बनीपारा जिनई से क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए त्रिलोक कुमार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके अलावा दोनों सीटों पर कोई और नामांकन दाखिल नहीं हुए। जिससे दोनों सदस्य सीटों पर प्रत्याषियों का निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है।

## सार-संक्षेप



कौरू जलालपुर की प्रधान निधि कटियार को सम्मानित करते जल शक्ति मंत्री।

### जल संरक्षण में बेहतर कार्य पर ग्राम प्रधान सम्मानित

**संदलपुर।** भूगर्भ जल संरक्षण सप्ताह के समापन के अवसर पर राज्यस्तरीय सम्मान समारोह में जल संरक्षण के क्षेत्र में अपनी पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने पर विकासखंड संदलपुर क्षेत्र के मॉडल ग्राम पंचायत कौरु जलालपुर डेरापुर की ग्राम प्रधान निधि कटियार को प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सम्मानित किया है। जिसपर ग्रामवासियों ने खुशी जताई है।

### बच्चे को बंधक बनाने के प्रयास में रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने छह वर्षीय पुत्री पर गांव के ही श्याम जी शुक्ला पर बंधक बनाने का आरोप लगाकर तहरीर दी। थाना प्रभारी आरजी मिश्रा ने बताया की जांच में घटना सत्य पाए जाने पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### गाली देने से मना करने पर मारपीट, दो घायल

**रूरा।** कस्बे के सुभाष नगर निवासी पुत्तन ने पुलिस को बताया की बीते शनिवार की शाम वह अपने निजी काम से कही बाहर गए थे। उसी समय मोहल्ले के शैलेंद्र, देवेंद्र, नरेंद्र, आशीष उनके दरवाजे पर आकर पुत्र से गाली गलौज करने लगे। जब पुत्र ने गाली देने से मना किया तो उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। शोर सुनकर आई पुत्री पायल के साथ भी मारपीट कर दी। जिससे दोनों घायल हो गए।

शीलं प्रधानं पुरुषे तद् यस्येह प्रणश्यति।
न तस्य जीवितेनार्थो न धनेन न बन्धुभिः॥

शील ही मनुष्य का प्रमुख गुण है। जिस व्यक्ति का शील नष्ट हो जाता है–धन, जीवन और रिश्तेदार उसके किसी काम के नहीं रहते, अर्थात् उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है।

## संपादकीय

# वित्तीय क्षेत्र का भविष्य

आम बजट से एक दिन पहले संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में अनुमान जताया गया है वित्त वर्ष 2024 में देश की अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण में बैंकों के घटते नॉन-परफॉर्मिंग एसेट और आम आदमी को राहत पहुंचाने के लिए एलपीजी, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती का जिक्र किया । सर्वेक्षण में महंगाई को काबू करने के लिए सरकार के उठाए गए कदमों की सराहना की गई है। वैश्विक श्रम बाजार में व्यवधानों और चौथी औद्योगिक क्रांति के प्रभावों के बीच प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में भारत के कार्यबल के लिए आने वाले महत्वपूर्ण बदलावों को स्वीकार किया गया है। स्वीकारना होगा कि देश में पर्याप्त रोजगार सृजन की तत्काल आवश्यकता है। इसके लिए देखभाल अर्थव्यवस्था और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है। पिछले दो वर्षों से खाद्य मुद्रास्फीति एक वैश्विक घटना बनी हुई है। खराब मॉनसून की वजह से फसलों और खाने-पीने की चीजों की कीमतों पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

कुछ खाद्य पदार्थों की महंगाई दर ऊंची है। हालांकि मुख्य महंगाई दर काफी हद तक काबू में है। प्रमुख महंगाई दर 4 फीसदी के नीचे है। गौरतलब है कि खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.36 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मूल्य स्थिरता सुनिश्चित की गई। भारत की नीतियां चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपट पाईं। कहा जा सकता है कि निवेश में जो तेजी आई है वह सिर्फ पब्लिक सेक्टर (सरकार) में पूंजीगत खर्च से नहीं आई है बल्कि राज्य और केंद्र सरकारें, दोनों मिलकर भी पूंजीगत उत्पादन बढ़ा रही हैं। साथ ही प्राइवेट सेक्टर में भी पूंजीगत खर्च रिकवर हुआ है और लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वित्तीय क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रहा है, इसलिए इसे वैश्विक या स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली संभावित कमजोरियों के लिए तैयार रहना चाहिए। मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद और आयात कीमतों में नरमी से आरबीआई के मुद्रास्फीति अनुमानों को बल मिलता है। मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन ने भी कहा है कि 7 फीसदी की इकोनॉमिक ग्रोथ रेट का लक्ष्य हासिल करना संभव है लेकिन यह इस पर निर्भर करेगा कि मानसून की बारिश कैसी होती है। भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि तथा इसका प्रभाव आरबीआई की मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकता है। इसके बावजूद भारत के वित्तीय क्षेत्र का परिदृश्य उज्ज्वल है। वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत तथा स्थिर स्थिति में है, जो भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने में उसकी जुझारू क्षमता को दर्शाता है।

# शोध पत्रों की अनुसंधान शैली पर उठते तकनीकी सवाल



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

आपत्ति के बाद से जर्नल से पेपर को रीट्रेक्ट करने या वापिस ले लेने की घटनाएं अनेक वर्ष से बढ़ी हैं। साइंस एडवांसेज के उक्त अध्ययन को खारिज करने से इसे संदर्भ हेतु सुरक्षित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

मेडिकल रिसर्च एंड एक्सपेरिमेंटल साइंस से ताल्लुक रखने वाली सामग्री को बिना जांच के प्रकाशित करना दुष्परिणाम लाता है। विदेश से प्रकाशित ख्यात और बहु-प्रसारित साइंटिफिक पत्रिकाओं में स्वास्थ्य प्रबंधन शोध या मेडिकल रिसर्च से संबधित रिपोर्ट, पेपर, पत्र को भारतीयों ने या विदेश में कार्यरत भारतीय मूल के शोध कर्मियों ने बेशक संयुक्त रूप से लिखा हो, परन्तु ऐसे प्रत्येक सर्वसुलभ प्रकाशित (ओपन एक्सेस) पेपर और रिपोर्ट को तीखी निगाह से देखने की आदत मीडिया कर्मियों को होनी चाहिए। भारत के संदर्भ में समझे बिना इसे इस्तेमाल करना सही नहीं। मीडिया में ऐसी रिपोर्ट्स की फ्रीक्वेंसी बढ़ गई है, जिनके बारे में भारत के स्वास्थ्य अनुसंधान तंत्र को आपत्ति रही है।

भारत में बैठे विदेशों के विज्ञान प्रकाशनों के कॉरेसपोंडेंन्ट्स वर्नाक्युलर मीडिया से खबर या सामग्री उठाकर अंग्रेजी में रूपांतरण करके इसे अपनी पब्लिकेशन को कभी फीड नहीं करेंगे। वे अंग्रेजी में ही स्टोरी लिखेंगें। अंग्रेजी के कंटेंट में अगर त्रुटि है तो हिंदीकरण के बाद वह इसलिए बनी रहती है कि इसके कंटेंट के भीतर विचार, दृष्टिकोण, टिप्पणी या फैक्ट्स का पुनर्सत्यापन करने के लिए मीडिया की संबंद्ध मैकेनिज्म को जागृत करने में रुचि नहीं है। भारत के बारे में विदेश से न्यूज और साइंटिफिक मीडिया में से कंटेंट निकाल कर देश के मीडिया को जो सामग्री अरसे से फीड होती आ रही है या इसे सोद्देश्य भारत की ओर धकेला जाता रहा है उसका जस का तस भाषांतरण करने के बाद तरजीह देकर हमारे यहां नहीं छापा जाना चाहिए।

ताजा प्रसंग में हुआ यूं कि अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ़ साइंस संस्था के 'साइंस एडवांसेज' जर्नल के जुलाई 2024 के अंक में 'लार्ज एंड अनईक्वल लाइफ एक्स्पेक्टेंसी डिक्लाइन्स ड्यूरिंग द कोविड-19 पैंडेमिक इन इंडिया इन 2020' शीर्षक से प्रकाशित एक रिसर्च स्टडी में कहा गया कि भारत में सन 2020 के साल में कोरोना महामारी में संक्रमण से सामान्य संख्या से 12 लाख अधिक जनों की मृत्यु हुई थी जो कि सन 2019 के दौरान इसी संक्रमण की वजह से हुई मृत्यु से संख्यात्मक रूप से और तुलनात्मक प्रतिशत आंकड़ों की दृष्टि से कहीं अधिक है। यह मात्र डेटा साइज़ और इंटरप्रिटेशन का खेल है। भारत में जन्म और मृत्यु की रजिस्ट्री के समय मृत्यु का कारण जरूर लिखा जाता है। यह सही है कि आम जागरूकता और मेडिकल एक्सपर्ट्स को सचेत करने के लिए जनसंदेशों के व्यापक प्रसारण और शासकीय आदेशों के बावजूद देहात और दूरस्थ क्षेत्रों में सन 2019-2020 में सिधार गए अनेक लोगों का दाह संस्कार करने से पहले मृत्यु का रजिस्ट्रेशन न हुआ हो या त्रुटिपूर्ण इन्द्राज किया गया हो, लेकिन डेटा में विशाल अंतर नहीं हो सकता। डेटा एनालिसिस में त्रुटियों को दुरस्त करने का मैकेनिज्म मौजूद होता है।

> भारत का सेंट्रल रजिस्ट्री सिस्टम सक्षम है और पक्षपात रहित होकर काम करता रहा है। कोविड महामारी के दौरान पंजीकरण करने पर मृत्यु के कारणों को दर्ज करने के बारे में विवादास्पद रिपोर्ट्स मीडिया में प्रकाशित हुई थीं, जिनका नोटिस स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया था और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।

भारत का सेंट्रल रजिस्ट्री सिस्टम सक्षम है और पक्षपात रहित होकर काम करता रहा है। कोविड महामारी के दौरान पंजीकरण करने पर मृत्यु के कारणों को दर्ज करने के बारे में विवादास्पद रिपोर्ट्स मीडिया में प्रकाशित हुई थीं, जिनका नोटिस स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया था और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। भारत की सेन्ट्रल रजिस्ट्री और नेशनल फॅमिली हेल्थ सर्वे-5 से कोरोना संक्रमण से मरने वालों की गैर-मुकम्मल संख्या में से डेटा लेकर साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित उक्त शोध पत्र के दस ऑथर्स ने इस्तेमाल किया और जैसे नतीजे निकाले उनसे भारत सरकार में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव और आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने जबरदस्त आपत्ति की है। नीति आयोग में स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. विनोद कुमार पॉल ने इस शोधपत्र के लिए रिसर्चर्स द्वारा अधूरे डेटा-सेट के इस्तेमाल को गलत बताया है। इस बारे में हिंदी प्रिंट मीडिया में तकरीबन सभी समाचार पत्रों ने 21 जुलाई 2024 के अंक में इसे एक बड़ी खबर के रूप में प्रकाशित किया। इस बारे में हिंदी भाषा के कुछेक समाचार पत्रों में खबर के टेक्स्ट को सही से गठित नहीं किया और महत्व की जानकारी भी छूट गई या उक्त शोधपत्र को पढ़ने के बाद संशोधित नहीं की गई। इस शोधपत्र के विवादित हिस्सों को लिखने वाले सभी दस ऑथर्स भारतीय हैं, लेकिन इंग्लैंड, अमरीका, फ्रांस और जर्मनी के विभिन्न संस्थानों में विभिन्न कैपेसिटीज में करते हैं। एक रिसर्च पब्लिकेशन के बारे में बहुत से एथिकल इश्यूज उत्पन्न होते हैं। समाचार कहीं से भी पहुंचे इससे बाद इसका सत्यापन करने के मैकेनिज्म का सक्रिय किया जाना लाजिमी है। जर्नल्स के बारे में ऐसा करना अधिक मुश्किल नहीं, लेकिन प्रकाशन पूर्व सावधानी का यह अहम् हिस्सा है। इसलिए यह महत्वपूर्ण हो गया है कि विदेश मूल के जर्नल्स में प्रकाशित भारत संबंधी मेडिकल रिपोर्ट्स पर अपने देश के उच्च मेडिकल साइंटिस्ट्स की राय पहले जान ली जाए।


उक्त अध्ययन में इस्तेमालशुदा डेटा का सैंपल साइज़ अपर्याप्त बताया गया और कहा है कि कोविड संक्रमण की चपेट में आए हुए व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर इससे दीर्घकाल के प्रभाव के रूप में जीवनावधि का दो वर्ष और छः महीना कम होने की संभावना व्यक्त की गई। प्रयुक्त किए गए डेटा से अध्ययन की आधारभूत जरूरत पूरी नहीं होती और सैंपल साइज बेहद छोटा और महत्वहीन होने के कारण देश की एक अरब 35 करोड़ जनसंख्या के लिए इसकी एप्लीकेशन (एक्स्ट्रापोलेशन) से कोई नतीजा निकालना अन-एथिकल और अवैज्ञानिक है। डेटा के एक क्रिटिकल मास का ध्यान एक रिसर्चर को इसलिए रखना होता है कि स्टेटिस्टिकल तकनीकों से एनालिसिस करते समय गड़बड़ पेश न आए। मॉडर्न और ट्रेडिशनल मेडिसिन में भारतीय स्वास्थ्य एवं आयुर्वेज्ञानिक अनुसंधान अध्ययनों के बारे में शोधपर्चों में दर्शाए गए तथ्यों की प्रकाशन-पूर्व समीक्षा विद्वज्जनों की प्रतिभा और रिसर्च में लंबे अनुभव पर निर्भर होती है? स्वास्थ्य मंत्रालय की आपत्ति के चलते 'साइंस एडवांसेज' जर्नल के उक्त लेख की संदर्भ सूची में 84 लेखों की गिनती करवाना ऑथर्स के लिए अब खास मायने नहीं रखता। उद्धृत किए गए लेखकों को अपनी प्रतिष्ठा के बारे में सोचना पड़ सकता है। पिछले दो-तीन वर्ष से विदेशी मूल के ख्यात और लर्नेड जर्नल्स में पीयर रिव्यु के कमज़ोर पड़ने की बातें नेचर जर्नल के कुछ अंकों में प्रकाशित हुई हैं। आपत्ति के बाद से जर्नल से पेपर को रीट्रेक्ट करने या वापिस ले लेने की घटनाएं अनेक वर्ष से बढ़ी हैं। साइंस एडवांसेज के उक्त अध्ययन को खारिज करने से इसे संदर्भ हेतु सुरक्षित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। यह तय है कि किसी भी प्रकार की साइंस न्यूज़ की हैंडलिंग -खासतौर से अनुसंधानिक मिजाज़ वाली, में हिंदीभाषा के प्रिंट मीडिया में दक्षता बढ़ानी होगी।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने कोविड-19 पर जिस प्रकार से देश में रिसर्च स्टडीज को (एड-हॉक एंड इंस्टिट्यूशनल, दोनों) व्यापक समर्थन दिया और इनमें से अधिकांश को इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) के अंकों में प्रकाशित किया, उसकी पृष्ठभूमि में डॉ. बहल का यह कथन मायने रखता है 'साइंस एडवांसेज' में प्रकाशित की गई उक्त स्टडी को देख कर इस बारे चिंतन की जरूरत नहीं है। भारतीय स्टेटिस्टिकल एजेंसीज के अलावा भारत की रिसर्च एस्टाब्लिशमेंट और जर्नल्स द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट्स में भारतीय मीडिया जनों की रुचि रूटीन के तौर पर बेहद कम है ऐसा अनुभव मैंने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् में अपने कार्यकाल में अर्जित किया। कोशिश के बावजूद मीडिया जन आईजेएमआर और अन्य भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान प्रकाशनों की ओर से सामान्यतः उदासीन ही बने रहे। इसलिए महसूस हो रहा कि विदेशी जर्नलों में प्रकाशित होने वाले भारत संबंधी शोध पर्चों की पुलिसिंग करने की भी अब जरूरत है।

## प्रसंगवश

# डिजिटल धोखेबाजों का शिकार बन रहे हैं सीनियर सिटीजन

> मेरे और समवयी मित्रों के वाट्सएप पर अनजान और अचानक ऐसी कॉल आ आती हैं, फलाने मिस, फलाने कुमारी वाली। उन्हें बिना रिसीव करके तुरंत डिलीट करने में ही भलाई है। धोखेबाज दिन-रात सक्रिय हैं और नए-नए फांसने के तरीके आविष्कृत करते रहते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर को भी उन्होंने नहीं छोड़ा।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

डिजिटल धोखेबाजों का एक बड़ा शिकार सीनियर सिटीजन बन रहे हैं। खासकर नौकरी पेशा से निवृत्त हुए लोग। इसके कई कारण हैं। एक तो यही कि प्रायः उनके ज्यादातर आर्थिक सामाजिक दायित्व पूरे होते रहते हैं। उनके पास सरप्लस या यूं कहें कि पर्याप्त धन रहता है। शरीर भले निरंतर कमजोर जर्जर हो रहा हो, मगर मूलभूत जैविक इच्छाएं रह-रह कर उछाल मारती रहती हैं।

अकेलापन, एकरसता जीवन में तारी होने लगती है। उनमें एकालाप और सामीप्य की चाहत बलवती हो जाती है। वे नहीं चाहते कि उनकी उपेक्षा व्यक्ति और समाज करे। इसलिए कहीं से भी तनिक प्रशंसा, स्नेह और प्रेम के मीठे बोल उन्हें अपनी ओर खींच लेता है। मगर उनमें एक खामी भी आरंभ हो चुकी रहती है, याददाश्त कमजोर पड़ रही होती है। एक डिजिटल धोखेबाज के लिए ये सभी ऐसी कमजोरियां हैं, जिनके चलते वह उन्हें फांसने की जुगत करता है। एक पुलिस पद के ऊंचे ओहदे से रिटायर हुए और एक सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट मित्र अभी ऐसे ही एक स्कैंडल से किसी तरह उबर पाए हैं मगर लाखों का चूना लग गया है। जनाब कंचन और कामिनी के मोह में पड़ गए। अनावृत काया ने उन्हें अपने मधुपाश में लपेट लिया।

मेरे और समवयी मित्रों के वाट्सऐप पर अनजान और अचानक ऐसी कॉल आ आती हैं, फलाने मिस, फलाने कुमारी वाली। उन्हें बिना रिसीव करके तुरंत डिलीट करने में ही भलाई है। धोखेबाज दिन-रात सक्रिय हैं और नए-नए फांसने के तरीके आविष्कृत करते रहते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर को भी उन्होंने नहीं छोड़ा। अब तनिक इस वाट्सऐप संदेश को देखिए। किन्हीं मिस... सिंह का संदेश मिला जो न मेरे संपर्क सूची में हैं और न किसी समूह में। पहले संदेश पढ़िए -"मैं भाग्यशाली हूं कि आप मेरे गुरु हैं। आपने न सिर्फ ज्ञान दिया, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाई। आपके सिखाए गए पाठ मेरे जीवन को हमेशा दिशा देते रहेंगे। आपको गुरु पूर्णिमा की ढेर सारी शुभकामनाएं! -... सिंह।" पढ़कर सुखानुभूति हुई। मगर छठी इंद्रिय सौभाग्य से सक्रिय हो गई और धन्यवाद देने से मैंने खुद को हठात रोक लिया। आशंकाएं बलवती हुईं। इन मोहतरमा की तो मुझे याद भी नहीं है। कमजोर मन ने प्रतिवाद किया, याद तो दुष्यंत को भी शकुंतला की नहीं थी। हो सकता है कोई मिस सिंह जान-पहचान की रही ही हों? और कृतज्ञता ज्ञापन का धन्यवाद भी न देना तो अशिष्टता ही होगी, मगर मन में द्वंद्व चलता रहा। आखिर तार्किकता ही जीती, इमोशन पीछे रहा।

आशंका यही है कि यह तरीका भी धोखे का वाला ही हो सकता है, जो आपके संपर्क सूची में नहीं है और आपको उसकी तनिक याद भी नहीं है काहें खतरा मोल लिया जाए। संदेश में आकर्षक फोटो है-बहुत संभव है वह क्लिकबेट हो। नाम याद रखने की भूल तो हो सकती है, मगर चेहरा भी पहचान नहीं पाया। हो सकता है याददाश्त सचमुच खेल कर रही हो।

बहरहाल इस उधेड़बुन में मैंने जवाब देना ही स्थगित कर दिया और सोचा कि इस पर अपने मित्रों की राय भी ले लूं। इधर जवाब दूं और उधर धोखेबाज अगले कदम को तैयार बैठे हों। डिजिटल फ्राड से बचने के लिए बहुत सजग रहने की आवश्यकता है, अगर आपके लिए खोने को बहुत कुछ हो। दौलत मान प्रतिष्ठा आदि। हां अगर इन सबसे आप निरे दरिद्र हैं तो फिर क्या फिक्र। धोखेबाज भी जान जाएगा कि किससे पाला पड़ गया।

# संविधान की समीक्षा नहीं परीक्षा का समय



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

> कई प्रदेशों के हिंदू और मुसलमान प्रादेशिक भाषाएं बोलते हैं। राजनीतिक संबंध और प्रतिबद्धताएं क्षेत्रीय सांस्कृतिक अहसास में ढूंढते हैं।

आजादी के बाद सत्ताधारी कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू के बाद 'कल्चर' शब्द का मजाक उड़ाते उसे 'एग्रीकल्चर' से हीनतर समझा। आजादी का संघर्ष गांधी के लिए सांस्कृतिक मूल्य-युद्ध भी था। अंग्रेजों से केवल निर्णायक राजनीतिक युद्ध करने से आजादी के बाद विचार की आजादी को लेकर एक और युद्ध लड़ना पड़ता। कांग्रेस में कई नेता हिंदूवादी ही थे।

नेहरू जैसे लोग पश्चिम के नए आकाश को भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता के स्पेस में लगना बनाना चाहते थे। राजनीतिक शब्दावली के अनुसार गैर प्रगतिशील गांधी हिंदुत्व की रूढ़, दकियानूस और बांझ मान्यताओं की खाल खींचने के बावजूद उस विरासत को संशोधित कर अपनी छाती से चिपकाए रखना चाहते थे। अल्पसंख्यकों के कठमुल्ला तत्वों ने भी कई सियासती खिलवाड़ें कीं। उन्हें चुप करने की रस्मअदायगी भी नहीं की गई। शाहबानो के प्रकरण में इसके बरक्स साहसी समाज सुधारकों को सहारा नहीं दिया गया। कूढ़मगज मुसलमानों की भड़काऊ गतिविधियों को शुरू से काबू नहीं किया था।

अयोध्या में राम मंदिर के नाम पर पूजागृह के ताले परिस्थितियों का जायजा लिए बगैर खुलवाए गए। मौजूदा समय संविधान की समीक्षा का नहीं, संविधान की परीक्षा का है। मुसलमान और ईसाई संकीर्ण हिंदुओं की हिट लिस्ट में हैं ही। एकल सांस्कृतिकता सांस्कृतिक बहुलतावाद से पिटती है। फासीवाद जब पनपता है तो वह अंतर्विरोधों की लहरें भी खुद उत्पन्न करता है। धुंध आक्रमणकारी के लिए ढाल और विक्टिम की पीठ के लिए तलवार की तरह होती है। बाबरी मस्जिद, गोधरा और 9/11 की दुर्घटनाओं के बाद मुसलमान के लिए नागरिक समझ में बदलाव आया है। पारंपरिक वेषभूषा में वह पंथनिरपेक्षों तक के संदेह के घेरे में आ जाता है। दाढ़ी का मुखौटा लगाए कई बुद्धिजीवी, संस्कृतिकर्मी और कलाकार भी लोगों को मुसलमान दिखाई पड़ते हैं। भारत-पाक विभाजन को लेकर रचे साहित्य में सआदत हसन मंटो, इस्मत चुगताई और कृश्न चंदर जैसे लेखकों ने कई वास्तविक पेचीदा स्थितियों का खुलासा किया।

बुद्धिजीवी दिखता कोई मुसलमान या मुसलमान दिखता बुद्धिजीवी पहचाना नहीं जाए, तो उसे मुस्लिम आतंकवादी कह दिया जाता है। सांप्रदायिकता का यह नया शोध पंथनिरपेक्षता की एक-एक ईंट सरका रहा है। 'सभी मुसलमान आतंकवादी नहीं हैं, लेकिन सभी आतंकवादी मुसलमान हैं' के काफिया अर्थात् पुनरावृत्ति और उलटबांसी के आधार पर हर खाली स्पेस में सांप्रदायिकता ने अपनी वेबसाइट खोल ली है। कई प्रदेशों के हिंदू और मुसलमान प्रादेशिक भाषाएं बोलते हैं। राजनीतिक संबंध और प्रतिबद्धताएं क्षेत्रीय सांस्कृतिक अहसास में ढूंढते हैं। कई कारणों से पंथनिरपेक्षता का सामासिक एका और समन्वय अभी भी हासिल नहीं हुआ है। सुन्नी, सिया, सूफी, लोहरा और खोजा वगैरह उपजातियों में बंटे मुसलमान भी पूरी तौर पर एकीकृत कहां हैं? संप्रदायवाद के चश्मे से उनके वजूद को जांचना विस्फोटक काम है। तथ्यविरोधी, अवैज्ञानिक और सामाजिक संरचना के विरुद्ध उपजाए गए गोरे अंग्रेजों के कई निर्णयों ने इंसानियत की तमीज पर कालिख पोती। उस साजिश को समझकर फायदा उठाते कट्टर हिन्दुत्व की थीसिस ने उसे सहधर्मी सहोदर स्वदेशी विचार की तरह अपना लिया। इतिहास विकृत किया जा रहा है। मुसलमान को भारतीय जीवन के हाशिए पर धकेला जा रहा है। मंत्रिपरिषद में मुसलमानों को रखना गवारा नहीं समझा जा रहा।

शौर्य के लिए पहला सैनिक मरणोपरांत सम्मान अब्दुल हमीद को मिला। 1857 के जनयुद्ध में बहादुर शाह जफर, वहाबी, समुदाया अहमदुल्लाह शाह आदि ने अंग्रेज का दमदार मुकाबिला किया। यह भी उसके उलट सोचना होगा कि गणेश शंकर विद्यार्थी और स्वामी श्रद्धानंद का जातीय समरसता की कोशिश के बावजूद कत्ल किसने किया? कांवर यात्रा राष्ट्रीय बहस के हाशिए पर नहीं डाली जा सकती। मुसलमान ही डरे हों, वाचाल नहीं हो पाते हों, साहस नहीं दिखा पाते हों, लेकिन महान हिंदू कौम ने अपने उदार साहसी योद्धाओं के कारण नई राह पर चलने का फिलवक्त हौसला दिखाया है। उदार हिंदू ही मजहब की एकता की बुनियाद हैं।

## सोशल फोरम

# कृष्ण चंदर का तारीखी गधा



अशोक पांडे
हल्द्वानी

एक मुहावरे में हिदायत दी गई है कि गधे को गुलकंद, पूड़ी-हलवा, जाफरान और मीठे चावल जैसी चीजें खिलाने से परहेज किया जाना चाहिए। यह भी कहते हैं कि गधे को खिलाए का पुण्य लगता है न पाप। यानी सफल जीवन के लिए हर भले इंसान को गधों से दूर रहना चाहिए।

अकबरनामा बताता है कि शहंशाह अकबर को जंगली गधों का शिकार करने में मजा आता था। अबू फजल बताते हैं कि बाद में अकबर को अहसास हुआ कि वह गधों का शिकार करने के लिए नहीं, इंसानियत के लिए बड़े काम करने के लिए बादशाह बना है। यकीन मानिए गधे न होते तो न अकबर का दीने-इलाही होता न के। आसिफ मुगल-ए-आजम बना पाते।

कुछ साल पहले आई लंदन की ब्रूक हॉस्पिटल ऑफ एनीमल्स नाम की अंतर्राष्ट्रीय संस्था ने अपनी एक रपट में चिंता जाहिर करते हुए बताया था कि 2014 से 2021 के दरम्यान भारत में गधों की तादाद में 61 प्रतिशत कमी आई। चीन में गधों की खाल की मांग का बढ़ना इसका मुख्य कारण बताया गया। मैंने जीवन भर गधों से मोहब्बत की है। गधों के बारे में सारा दुष्प्रचार इसलिए किया गया कि दुनिया उनसे जलती है। उनके सीधेपन को कमजोरी और उनकी कर्मठता तो अज्ञान बताने वाले समाज को सबसे कीमती सबक देने वाले मुल्ला नसरुद्दीन यूं ही नहीं अपने गधे के शैदाई थे। बताते हैं मुल्ला के गधे के पुरखे यूपी के बाराबंकी से ताल्लुक रखते थे।

वही बाराबंकी जहां के बैरिस्टर सैयद करामत अली शाह की कोठी पर ईंटें ढोते-ढोते कृष्ण चंदर का तारीखी गधा पढ़ा-लिखा पीर-संन्यासी बन गया था। सैयद साहब और गधा मिलकर अखबार बांचते और दिलीप कुमार निम्मी की नई पिक्चर के बारे में घंटों बहस किया करते। बैरिस्टर साहब अक्सर कहते -'अफसोस तुम गधे हो। अगर आदमी के बच्चे होते तो मैं तुम्हें अपना बेटा बना लेता।'

–फेसबुक वॉल से

# जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकार की ठोस योजना नहीं



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी
पुलिस, उ.प्र.

> जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में पहले नंबर पर हैं। भारत से अधिक क्षेत्रफल वाले छह देश-रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील, आस्ट्रेलिया हैं।

आबादी बढ़ने की रफ्तार पर लगाम कसने के लिए देश में बरसों से गूंज रहे "हम दो, हमारे दो" के नारे को उत्तर प्रदेश के 27 जिलों ने ताक पर रख दिया है। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य की ओर से इन सभी जिलों की प्रजनन दर सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। यह अखबार की एक खबर है। उत्तर प्रदेश की औसत प्रजनन दर 2.4 है, यानी प्रति परिवार औसतन 2.4 बच्चों का जन्म हो रहा है। सबसे अधिक श्रावस्ती और बलरामपुर जिलों में यह औसत 3.7 का है। यहां परिवार का अर्थ सम्मिलित परिवार नहीं है।

समाचार से यह तो ज्ञात हुआ कि परिवार नियोजन के लिए सरकार चिंतित है, लेकिन मात्र चिंतित होने के परिणाम नहीं निकलेगा। नियोजित परिवार के लिए सरकार का कोई ठोस प्रयास जमीन पर दिख नहीं रहा है, अगर कुछ होगा भी तो मात्र सरकारी फाइलों में ही होगा। सही बात तो यह है कि आपातकाल में संजय गांधी द्वारा परिवार नियोजन पर जोर दिए जाने के कारण सरकारी सेवकों द्वारा की गई ज्यादतियों के कारण 1977 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हिंदी बेल्ट से साफ हो गई थी और इंदिरा गांधी की सरकार चली गई थी। तब से आज तक किसी भी सरकार में इतना साहस नहीं दिखा कि वह परिवार नियोजन हेतु सख्ती कर सके। जब सरकार के पास नियोजित परिवार करने हेतु कोई ठोस योजना ही नहीं है तो प्रमुख सचिव स्वास्थ्य इन 27 जनपदों के अधिकारियों को प्रजनन दर सुधारने के सख्त निर्देश क्यों दे रहे हैं?

क्या अधिक बच्चे पैदा करने वालों को दंडित किया जाएगा जैसे उन्हें मुफ्त के अनाज, बिजली, इलाज आदि सुविधाएं बंद कर दी जाएंगी, सरकारी कर्मचारियों की वेतन-वृद्धि, प्रोन्नति, ग्रेच्युटी आदि रोक दिए जाएंगे या दंपति की बलात नसबंदी कर दी जाएगी? या जिस क्षेत्र की प्रजनन दर बढ़ेगी, वहां के स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस अधिकारी निलंबित या हटा दिए जाएंगे? स्वास्थ्य सचिव ने इसे स्पष्ट नहीं किया। ऐसे अस्पष्ट निर्देश मुख्यमंत्री, मंत्री आदि का दिया जाना तो समझ में आता है, लेकिन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिए जाने वाले आदेशों में स्पष्टता होनी चाहिए कि उन्हें परिवार को नियोजित करने के लिए क्या क्या करने हैं और न करने पर क्या दंड दिए जा सकते हैं। किसको कितने बच्चे पैदा करने चाहिए, यह तो वह दंपति ही निर्णय लेंगे, लेकिन बढ़ती जनसंख्या के कारण देश की अवरुद्ध हो रही प्रगति के लिए प्रत्येक देशवासी को इस पर विचार करना होगा और नियोजित परिवार ही जनसंख्या वृद्धि रोकने का एकमात्र उपाय है, इसलिए सरकार को इसका अनवरत प्रचार प्रसार करना होगा। कुछ लोग अज्ञानता वश या संतान को ईश्वर प्रदत्त मानते हुए परिवार नियोजन का विरोध करते हैं, ऐसे लोगों के लिए दंडात्मक व्यवस्था भी अनिवार्य है, क्योंकि "बिनु भय होय न प्रीति"।

जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में पहले नंबर पर हैं। भारत से अधिक क्षेत्रफल वाले छह देश-रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील, आस्ट्रेलिया हैं। चीन के अलावा उक्त सभी पांच देशों की आबादी हमसे बहुत कम है। हमें भी अपनी आबादी पर नियंत्रण कर गरीबी, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से निजात पानी होगा अन्यथा देश की प्रगति का कोई अर्थ नहीं होगा।

# वह मर गया है, जीवित नहीं है



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

वह मर गया है, जीवित नहीं है मृतोऽसौ न स जीवति। महाभारत के अनुशासनपर्व को देख रहा हूं। आश्चर्य हो रहा है कि वह जमाना राजतंत्र का था, सामंती था, किंतु रचनाकार इतना निर्भय होकर इतने कठोर शब्द लिख रहा है-क्रोशन्त्यो यस्य वै राष्ट्राद्ध्रियन्ते तरसा स्त्रियः। / क्रोशतां पतिपुत्राणां मृतोऽसौ न स जीवति। जिस राज्य में दुष्ट-जन उन रोती-बिलखती स्त्रियों का बलपूर्वक अपहरण कर लेते हैं, बलात्कार करते हैं, उन स्त्रियों के माता-पिता पति और पुत्र विवश होकर चिल्ला रहे हैं, रो रहे हैं, माथा पीट रहे हैं।

राजा उनका रुदन सुनकर के भी नहीं सुन पा रहा, महाभारतकार कहता है कि उस राज्य का राजा जीवित नहीं है, वह मर गया है। उसे जीवित होते हुए भी मरा हुआ मान लेना चाहिए। अहं वो रक्षितेत्युक्त्वा यो न रक्षति भूमिपः।/ स संहत्य निहन्तव्यः श्वेव सोन्माद आतुरः।।

मैं आप लोगों की रक्षा करूंगा-ऐसी शपथ लेने के बाद भी जो राजा प्रजा की रक्षा नहीं करता, वह उन्माद रोग से ग्रस्त है और कुत्ते की तरह हंतव्य है।

राजधर्म के पुराने विचारकों के संवाद महाभारत में कई जगह पर हैं, वहां प्रश्न उठते हैं कि सदसत् -प्रवृत्तियों को धारण करने वाला यह समय क्या है? यह समय कौन है? जिसे जमाना अथवा युग कहा जाता है, वह क्या है? यह युग क्या है? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए वे कहते हैं कि युग राजसत्ता का ही आभामंडल है। प्रजा राजा का शरीर है। यदि राजधर्म बिगड़ जाए तो धर्म, विद्या, आश्रम, तप, त्याग सभी नष्ट हो जाते हैं। इसीलिए राजसत्ता ही काल का कारण है।

# हर-हर बम-बम के जयघोष से गूंजे शिवालय

## सावन का पहला सोमवार: भोर पहर से लेकर देररात तक शिव मंदिरों में लगा रहा भक्तों का तांता

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सावन के पहले सोमवार पर शिव मंदिरों में आस्था का जनसैलाम उमड़ पड़ा। शहर व ग्रामीण अंचलों में स्थित शिव मंदिरों के भोर पहर ही आरती वंदन के बाद पट खोल दिए गए। दर्शनार्थियों ने लाइन लगाकर भोलेनाथ के दर्शन किए। भक्तों ने शिवलिंग पर बेल पत्र फूल, भांग आदि चढ़ाकर पूजन अर्चन किया। हर हर महादेव बम बम भोले के जयकरों से शिवालय देर शाम तक गूंजते रहे।

शहर क्षेत्र के गांव मसवासी स्थित गोकुल बाबा, बड़े चौराहे के झण्डेश्वर, तालिब सरांय के झारखंडेश्वर, शिवनगर के सिद्धनाथ मंदिर सहित शहर व क्षेत्र के शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही। सावन के पहले सोमवार पर मंदिरों के पट भोर पहर ही दर्शनार्थियों के लिए खोल दिए गए थे। प्रभु शिव के दर्शन के लिए सुबह से ही भक्त मंदिरों में पहुंचने लगे थे। सुबह आठ बजे के करीब भीड़ बढ़ने पर भक्तों की कतारें लग गईं। भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक के साथ दूध, बेलपत्र, फूल, फल, भांग, मिठाई अन्य सामग्री चढ़ाई और महादेव को भोगकर पूजन वंदन किया। उधर, ग्रामीण इलाकों के शिव मंदिरों में भी भारी भीड़ रहीं। भक्तों ने व्रत रखकर शिव पूजन किया। मंदिरों में लाइन में लगे शिव भक्त हर हर महादेव, बम बम विश्वनाथ के जयघोष करते रहे।

सफीपुर संवाददाता के अनुसार, कस्बे के स्थित मोटेश्वर महादेव मंदिर मे महाकालेश्वर की तर्ज पर होने वाला भव्य श्रृंगार आकर्षण का केंद्र है। जहां पर मोटेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित मनोज पांडेय ने बताया कि मंदिर सिद्ध स्थानों में से एक है। जहां सावन में विशेष तैयारी होती हैं। उज्जैन के महाकालेश्वर की तर्ज पर महादेव का श्रृंगार किया जाता है, संध्या कालीन श्रृंगार के बाद भगवान महादेव की आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होता है यहां भगवान शिव की आराधना से हर मनोरथ पूर्ण होते हैं।

**बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार,** सावन के प्रथम दिवस सोमवार को नगर के पश्चिम बिल्हौर बाईपास पर स्थित ऐतिहासिक बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालु शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। बम-बम भोले के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने भव्य पंचमुखी शिवलिंग का गौदुग्ध, गंगा जल, पुष्पों और बेलपत्र से अभिषेक किया तथा शिव चालीसा पाठ करने के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया। इसके अलावा नगर के नानामऊ मार्ग स्थित श्री दुर्गेश्वर महादेव मंदिर, संडीला मार्ग स्थित भैरवानंद मंदिर, उन्नाव हरदोई मार्ग स्थित पंचेश्वर महादेव मंदिर तथा टेढ़ी बाजार स्थित टेढ़ा शिवाला आदि मंदिरों में भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र शिवलिंग पर गंगा जल और दुग्ध तथा पुष्प अर्पित कर पूजन किया।

**पुरवा संवाददाता के अनुसार,** कस्बा स्थित बाबा बिल्लेश्वर महादेव मंदिर में भी सावन के पहले सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भोलेनाथ से सुख समृद्धि की कामना की। वहीं मंदिर परिसर में भंडारे का अयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीएम उदित नारायण सेंगर सहित व अधिकारियों सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**परियर संवाददाता के अनुसार,** बाबा बलखण्डेश्वर मंदिर परिसर में सावन के प्रथम सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ रहीं। गंगातट से जल भरकर पैदल ही भक्त मंदिर पहुंचे और शिवलिंग पर जल चढ़ाकर महादेव के दर्शन किये।


सफीपुर स्थित मोटेश्वर मंदिर में शिवलिंग का किया गया श्रृंगार।


परियर स्थित बाबा बलखंडेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करते भक्त। अमृत विचार


बोधेश्वर मंदिर में लगीं भक्तों की कतार।

### श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक रुद्राभिषेक

**उन्नाव।** शहर के कल्याणी माता मंदिर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में सावन के पहले सोमवार पर आचार्य जुगल किशोर तिवारी के आचार्यत्व में यजमान रुपा वर्मा, प्रेमा तिवारी, निशा श्रीवास्तव, ललिता, राम प्रसाद गुप्ता, मनीषा, स्नेहा श्रीवास्तव, रेनू, ईशान गुप्ता, वर्षा द्विवेदी, सुषमा, सतीश गुप्ता, काजोल वर्मा, कोमल वर्मा, उषा त्रिवेदी, वंदना शुक्ला व मान्या शुक्ला आदि ने सामूहिक रुद्राभिषेक किया। इसके बाद आचार्य के निर्देशन में सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर में स्थापित आदिदेव महादेव के बाबा विश्वनाथ, सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, ओंकारेश्वर, वैद्यनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, नागेश्वर, त्रयंबकेश्वर, केदारनाथ व घृष्णेश्वर स्वरूपों का पूजन-अर्चन करते हुए श्रृंगार भी किया। कल्याणी मंदिर सेवा समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पीके मिश्रा ने बताया कि अब भक्तों की सुविधा के लिए 29 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे रुद्राभिषेक सहित पूजन होगा।

# भोले के भक्तों ने चढ़ाये पुष्प, बेलपत्र

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** प्रभु शिव के नाम से माना जाने वाले सावन के महीने के पहले सोमवार को नगर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने प्रभु शिव की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए उपवास रख सुख समृद्धि की कामना की। वहीं गंगा तटों पर भी श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया।

श्रावणमास के प्रथम सोमवार पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के प्राचीन शिवालयों मन्दिरों पर श्रद्धालुओं के हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो गये नगर व आसपास क्षेत्रों से श्रद्धालु हजारों की संख्या मे गंगातट पर स्नान कर गंगा जल लेकर सैकड़ों श्रद्धालु सड़क मार्ग और रेल मार्ग होते हुये बाराबंकी स्थित लोधेश्वर मंदिर की ओर रवाना हुये। वहीं राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मन्दिर, पीपलेश्वर, महादेव मन्दिर, शिव मन्दिर, गांधीनगर नागेश्वर मन्दिर, महेश मार्ग शिव मन्दिर, बालूघाट आनन्देश्वर मन्दिर, गोपीनाथ पुरम भागेश्वर धाम मन्दिर, कंचन नगर, मिश्रा कालोनी शिव मन्दिर के अलावा देवारा में वर्षों पुराना वीरभद्रेश्वर मन्दिर सहित विभिन्न मन्दिरों व शिवालयों मे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। जहां श्रद्धालुओ ने प्रभु भोलेनाथ को दूध, दही, घी, भांग, बेलपत्र, पुष्प आदि का अर्पण कर मनोकामना पूर्ण होने का वर मांगा।


सावन के सोमवार पर महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

### भक्तों किया जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक

सावन के पहले सोमवार पर जगह-जगह रुद्राभिषेक कराया गया। वहीं राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना हुई। दोपहर में भगवान भोले नाथ का श्रंगार कर आचार्यों द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। जहां आचार्यों ने विधि विधान से दुग्धाभिषेक और जलाभिषेक कराया।


सावन के पहले सोमवार पर गंगा स्नान के लिये उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

## एक नजर

### गुमटी में आग लगाने वाला आरोपी भेजा गया जेल

**उन्नाव।** हरिकरन निवासी गांव मकबूल खेड़ा आसीवन गांव में ही पान मसाला व अन्य समान बेचने के लिए गुमटी रखे था। बीती 16 जुलाई को उसकी गुमटी में अचानक आग लग गई और इसमें रखा सामान जलकर राख हो गया था। पीड़ित ने आसीवन थाना में तहरीर देकर पुरानी क्षेत्र के बारीथाना निवासी मुलायम द्वारा उसकी गुमटी में रंजिश के चलते आग लगाने की तहरीर दी थी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच के बाद सोमवार को मुलायम बरहाकलां गांव पास से गिरफ्तार किया। एसओ ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया।

### तीन पदों पर हुए सिर्फ एक-एक नामांकन

**पुरवा।** असोहा विकास क्षेत्र में दो ग्राम पंचायत सदस्यों और एक क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिये मात्र एक-एक नामांकन हुआ। इससे इन सभी पदों पर नामांकन कराने वालों का निर्विरोध चुना जाना अब तय हो गया है। सोमवार को क्षेत्र पंचायत व पंचायत सदस्यों के लिये उपचुनाव के लिये नामांकन हुआ। जिसमें ब्लाक क्षेत्र की दरेहटा क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिये दुर्गेश ने नामांकन किया। वहीं रतवसिया व सेमरी में पंचायत सदस्यों के लिये राकेश कुमार और भवरेश्वर ने नामांकन किया। आरओ शिव राम सिंह ने बताया कि एक क्षेत्र पंचायत और दो पंचायत सदस्य के लिये एक-एक नामांकन ही दाखिल हुये हैं। जिससे तीनों का निर्विरोध चुना जाना तय है। इस दौरान एआरओ अरविन्द सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# खड़े ट्रक में पीछे से घुसी रोडवेज बस, एक की मौत व दो घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर महोबा डिपो की रोडवेज बस देररात करीब दो बजे चमरौली के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। इसमें बस सवार एक यात्री की मौत हो गई व दो यात्री घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो शिक्षिकाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। जिनका अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है।


रमाशंकर।


हादसे के बाद खड़ी क्षतिग्रस्त रोडवेज बस। अमृत विचार

**बांगरमऊ।** कानपुर जिला के कस्बा बिल्हौर निवासी मीना कटियार पत्नी आलोक कुमार

**केस 02**

व बिल्हौर थानाक्षेत्र के बकोटी गांव निवासी प्रियंका पत्नी निर्मल कटियार नौबतगंज गांव में परिषदीय विद्यालय में शिक्षिका हैं। सोमवार सुबह दोनों विद्यालय जाने के लिए निकली थीं। तभी कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर-बांगरमऊ मार्ग पर भुड्डा चौराहा के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गईं। ग्रामीणों की सहायता से उन्हें कस्बा बिल्हौर कस्बा के सरकारी अस्पताल भेजा गया। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। दोनों गंभीर रूप से घायल शिक्षिकाओं का हायर सेंटर में इलाज जारी है

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के नेवल गांव निवासी अयोध्या (50) सोमवार को गांव के एक

**केस 03**

व्यक्ति की मौत पर अंतिम संस्कार में शामिल होकर कोतवाली क्षेत्र नानामऊ घाट से एक लोडर से लौट रहा था। तभी बिल्हौर मार्ग पर नौबतगंज गांव के पास लोडर का टायर अचानक फट गया और वह अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें अयोध्या गंभीर घायल हो गया। ग्रामीण उसे सीएचसी लाए।

**नवाबगंज।** रविवार रात दो बजे महोबा डिपो की रोडवेज बस लखनऊ से 25 सवारियां लेकर कानपुर जा रही थी। तभी बस अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चमरौली गांव के सामने सड़क

**केस 01**

किनारे एक ढाबे पर शक्कर के बोरे लदे ट्रक में पीछे से घुस गई। इससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे अजगैन एसएचओ अवनीश सिंह ने घायल तीन यात्रियों को नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने कानपुर निवासी रमाशंकर (48) को मृत घोषित कर दिया। अजगैन के चमरौली निवासी दिनेश (41) व बांदा जिले के फाईपुर निवासी भानुचंद्र (30) को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां से भानु को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे का शिकार हुए रामशंकर पत्नी सुनीता और बेटे अनुज को गोरखपुर में रहने वाले साले दंत चिकित्सक संजय मिश्रा के घर छोड़ने गए थे। वहां से पहले लखनऊ आए फिर महोबा डिपो की बस से कानपुर जा रहे थे। वहीं अजगैन कोतवाली क्षेत्र के हाईवे पर सोमवार को हुए अन्य सड़क हादसों में आनंद (15) पुत्र विशम्भर, राहुल (19) पुत्र सोहनलाल, सुखदेव पुत्र नरेश सिंह निवासी औरैया, जान्हवी (20) पुत्री श्याम मोहन, बीनू पुत्र प्रहलाद निवासी नवाबगंज घायल हो गए। जिन्हें नवाबगंज सीएचसी लाया गया।

# 5000 की रिश्वत लेते धरा गया लेखपाल

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** तहसील सफीपुर में तैनात एक लेखपाल वरासत के नाम पर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से करीब एक माह से रुपये मांग रहा था। न दे पाने पर वह उसे लगातार दौड़ा रहा था। इससे परेशान युवक ने इसकी सूचना एंटी करप्शन टीम को दी। इस पर टीम सोमवार को सफीपुर तहसील पहुंची और रुपये लेते लेखपाल को रंगे हाथ पकड़ लिया।


लेखपाल को ले जाती टीम। अमृत विचार

सफीपुर तहसील क्षेत्र के गांव मेथी टिकुर निवासी आशु सिंह ने टीम के अधिकारियों को बताया था कि उसने अपनी जमीन की वरासत कराने के लिए क्षेत्रीय लेखपाल विकास वर्मा से कहा था। काफी समय बाद भी लेखपाल उसकी जमीन की वरासत न कर उसे दौड़ा रहा था। जब उसने लेखपाल से उसका काम करने को कहा तो लेखपाल ने उससे काम के एवज में पांच हजार रुपये मांगे। इससे परेशान होकर उसने इसकी जानकारी भ्रष्टाचार निवारण संगठन टीम को दी। इस पर सोमवार को सफीपुर तहसील में जब पीड़ित लेखपाल को रुपये देने पहुंचा तो लखनऊ यूनिट की एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को रुपये लेते ही रंगे हाथ दबोच लिया। टीम के सदस्य लेखपाल को हिरासत में लेकर सदर कोतवाली लाए और उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई।

### करंट की चपेट में आने से युवक की गई जान

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत गांव शेखपुर नरी के मजरा दुर्गा खेड़ा निवासी आशीष (32) चाय की दुकान किए था। वह घर के सामने फूस की झोपड़ी में सोता था। रात 12 बजे वह उठा तभी झोपड़ी में रखे फर्राटा के कटे तार पर उसका पैर पड़ गया और वह करंट की चपेट में आ गया और गिरकर अचेत हो गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से उसे कानपुर रेफर किया गया। लेकिन परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

## सार-संक्षेप


गंगा नदी में डूबे किशोर की तलाश करती टीम। अमृत विचार

### एसडीआरएफ भी नहीं ढूंढ सकी गंगा में डूबा किशोर

**बांगरमऊ।** गुरु पूर्णिमा के पर्व पर गंगातट पर लगने वाले मेले में दुकान लगाने गये 17 वर्षीय किशोर के कथित तौर पर स्नान के दौरान गंगा में डूबने के तीसरे दिन भी उसका पता नहीं लग सका। लखनऊ से आई राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने सोमवार को कई किमी तक उसकी तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चला। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के नानामऊ घाट पर गुरु पूर्णिमा पर मेला लगता है। शनिवार को मेले में दुकान लगाने के लिए राजकिशोर गुप्ता का बेटा अर्पित (17) गंगातट पर गया था। अर्पित इसके बाद अपना मोबाइल व कपड़े पड़ोसी दुकान पर रखकर गंगा नहाने की बात कहकर वहां से निकला था। लेकिन कई घंटे तक वह वापस नहीं लौटा। इस पर पड़ोसी दुकानदार ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। मां अनीता ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी थी। एसडीएम नम्रता सिंह ने किशोर की तलाश के निर्देश दिए। रविवार को स्थानीय नाविकों की मदद से उसकी तलाश कराई गई थी। लेकिन उसका पता नहीं चला। सोमवार को एसडीआरएफ टीम पहुंची और मोटरबोट से नदी के दोनों तरफ दो-तीन किमी तक सर्च अभियान चलाया। लेकिन, अर्पित का पता नहीं लग सका।

### ग्राम सचिव पर पैसे मांगने का लगाया आरोप

**फतेहपुर चौरासी।** छप्पर के नीचे रहकर गुजर कर रहे युवक ने पक्का आवास न मिलने पर सीएम को पत्र भेजकर शिकायत की है। उसने ग्राम सचिव द्वारा गलत रिपोर्ट लगाने व सुविधा शुल्क मांगने का भी आरोप लगाया है। क्षेत्र के गांव हयासपुर निवासी विपिन कुमार पुत्र शंकर लाल ने मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री आवास में धांधली किए जाने की शिकायत की है। मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में विपिन ने कहा कि वह गांव में छप्पर की झोपड़ी बनाकर गुजर-बसर कर रहा है। उसका प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था। ग्राम विकास अधिकारी शुभम वर्मा ने प्रधान प्रतिनिधि के कहने पर जिला परियोजना अधिकारी को भेजी गई रिपोर्ट में उसका पक्का आवास दिखाकर पल्ला झाड़ लिया है। विपिन ने बताया कि गलत रिपोर्ट में सुधार के लिए ग्राम सचिव द्वारा उससे 10 हजार रुपये सुविधा शुल्क मांगा गया। विपिन ने मुख्यमंत्री से मामले की जांच कराकर उसे प्रधानमंत्री आवास दिलाने की मांग की है।


छप्पर के नीचे बच्चे के साथ बैठी महिला।


नवीन पुल के रास्ते पर लगा जाम। अमृत विचार

### ई-बस के फंसने से नवीन पुल पर पीक ऑवर में लगा जाम

**शुक्लागंज उन्नाव।** सोमवार सुबह पीक ऑवर के समय नवीन पुल पर वाहनों का भार बढ़ गया। बालूघाट मोड़ से नवीन पुल तक मार्ग संकरा होने के कारण सुबह पीक ऑवर के समय भीषण जाम लगा रहा। जाम में फंसकर वाहन सवार खासे परेशान दिखे। सोमवार सुबह दस बजे नवीन पुल से एक ई बस आ रही थी, मार्ग संकरा होने के कारण वह बालूघाट मोड़ पर फंस गई। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। संकरा मार्ग होने के कारण टेंपो, ई रिक्शा, कार, दोपहिया, चौपहिया वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में पोनी रोड मोड़ तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम होने के कारण लोग पैदल तक नहीं निकल सके। वहीं जाम छुड़ाने के लिये पिकेट पुलिस भी काफी मशक्कत करती रही। इसके बावजूद साढ़े ग्यारह बजे तक वाहन रेंगते हुये निकले। दोपहर में वाहनों का भार कम होने पर जाम हट सका। वहीं शाम के समय भी पीक ऑवर में जाम की स्थिति बन गई। जिससे कानपुर से ड्यूटी कर वापस आ रहे लोगों को एक बार फिर जाम का दंश झेलना पड़ा। सुबह से लग रहे घंटों जाम के कारण राहगीरों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है।

**तहसील दिवस** — फरियादियों की शिकायतें सुनकर अधिकारियों ने समाधान कराने का दिया आश्वासन

# समस्याओं का समय से गुणवत्तापूर्ण हो समाधान : गौरांग राठी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** हसनगंज तहसील में डीएम गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना की मौजूदगी में हुए संपूर्ण समाधान दिवस पर जन सुनवाई करते हुए समस्याओं व शिकायतों का निस्तारण कराया गया। पंजीकृत 275 में 16 प्रकरणों को मौके पर निपटारा कराते हुए अन्य शिकायती पत्र संबंधित विभागाध्यक्षों को गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण को सौंपे गए। समाधान दिवस पर सबसे अधिक 113 मामले रजस्व विभाग से संबंधित रहे, जबकि पुलिस से संबंधित 36, विकास विभाग के 41, खाद्य एवं रसद विभाग के 39 व अन्य विभागों से संबंधित 46 प्रकरण शामिल रहे।

तय समय से करीब ढाई घंटे विलंब से डीएम के पहुंचते ही गैलरी में बैठकर इंतजार कर रहे फरियादियों में शामिल मेहदीखेड़ा निवासी शकुंतला शुक्ला स्टे के बाद भी विपक्षी प्रमोद द्वारा जबरन कब्जा करने की शिकायत की, जिस पर उच्चाधिकारी ने एसडीएम को जांच कर कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। सैरपुर निवासी महेंद्र सिंह ने कराए गए विद्युत कनेक्शन को जरूरत न रहने से कटवाने के बाद भी लगातार बिजली बिल आने की समस्या सुनाई। इसी तरह मिर्जापुर कला निवासी बेचेलाल ने पुस्तैनी जमीन पर पड़ोसी लोचनखेड़ा गांव निवासी कुंवारे द्वारा किया गया कब्जा कई बार समाधान दिवस में फरियाद सुनाने के बाद भी राहत न मिलने की बात कही। डीएम ने कहा शिकायतों का समयबद्धता से गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक निस्तारण होना चाहिए, जिससे फरियादियों को बार-बार समाधान दिवस सहित विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने से निजात मिल सके। अगले समाधान दिवस तक सभी मामलों का दोनों पक्षों की सहमति लेते हुए निस्तारण करा लिया जाए। इस मौके पर डीआरडीए के पीडी कमलेश कुमार, एसओसी डा. सुरेश सागर, एसडीएम रामदेव निषाद, सीओ संतोष कुमार सिंह, डीडी (कृषि प्रसार) मुकुल तिवारी, बीएसए संगीता सिंह, जिला मत्स्य अधिकारी बीके दुबे, डीएसओ राज बहादुर सिंह, जिला प्रोबशन अधिकारी क्षमानाथ राय, अधिशासी अभियंता जल निगम अजीत कुमार सिंह, एलडीएम सुनील वर्मा व सीडीपीओ हसनगंज मीना यादव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार,** तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा पंजीकृत कराए गए 96 में 12 मामले मौके पर निस्तारित हुए। इस मौके पर सीओ अरविंद कुमार, तहसीलदार रामाश्रय, बेहटा मुजावर बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी राजकुमार व अन्यमौजूद रहे।

**पुरवा संवाददाता के अनुसार,** सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पंजीकृत 161 में सात प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। क्षेत्र के पितनाखेड़ा निवासी विनोद कुमार ने चकरोड पर अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराई। इस मौके पर एसडीएम उदित नारायण सेंगर, साक्षी राय, सीओ सोमोनेद्र विश्वास व संतोष श्रीवास्तव आदि रहे।


शूटिंग खिलाड़ी (लेखपाल) श्रद्धा शर्मा को सम्मानित करते जिलाधिकारी गौरांग राठी।


पुरवा में आयोजित समाधान दिवस में फरियाद सुनते सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा।

### महिला लेखपाल को किया सम्मानित

**हसनगंज।** यूपी एयर पिस्टल शूटिंग (10 मीटर रेंज) प्रतियोगिता में कांस्य पदक पाने वाली सदर तहसील की लेखपाल श्रद्धा शर्मा को सम्मानित करते हुए अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र व 75, 000 रुपये की चेक प्रदान की।

### लाभार्थियों को सौंपा पट्टा आवंटन पत्र

**हसनगंज।** डीएम ने 10 चयनित लाभार्थियों को कुम्हारी कला संबंधी पट्टा आवंदन पत्र सौंपा। कहा कि सरकार सभी को स्वावलंबी बनाना चाहती है। इसके लिए प्रदेश के साथ केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन करा रहीं है।

### हास्पिटल सीज कर दर्ज कराई रिपोर्ट

मोहद्दीनपुर के दिनेश कुमार ने शिकायती पत्र में बताया कि मोहान स्थित ग्लोब हास्पिटल में पत्नी रीना की बच्चेदानी का 20 हजार रुपये लेकर लापरवाही से आपरेशन कर केस बिगाड़ दिया गया, जिससे लखनऊ के सन हास्पिटल में इलाज पर एक लाख रुपये खर्च करने पड़े। डीएम के निर्देश पर एसडीएम रामदेव निषाद व एसीएमओ नरेंद्र सिंह ने मौके पर जाकर हास्पिटल सीज कराया।

### जिलाधिकारी ने कराया अन्नप्राशन

हसनगंज। संपूर्ण समाधान दिवस के निपटाने के बाद डीएम व एसपी ने तहसील परिसर में आयोजित बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के शिविर का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने दो बेटियों अर्चिता सिंह व प्रज्ञा सिंह का अन्नप्राशन कराया।

# जलस्तर घटने से संक्रामक बीमारियों का बढ़ा खतरा

## पिछले दिनों गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु पार कर गया था, अब तेजी से जलस्तर में दर्ज की गई गिरावट

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पहाड़ों और मैदानी क्षेत्रों में बारिश होने के कारण पश्चिम के बांधों से अधिक मात्रा में पानी छोड़ा गया था। जिस कारण पिछले दिनों गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु पार कर गया था। इधर जितनी तेज जलस्तर बढ़ा, उतनी ही तेज जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई। तटवर्ती इलाकों से पानी तो निकल गया लेकिन खाली पड़े प्लाट और गड्ढों में बाढ़ का पानी भरा होने के साथ ही गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ गई है।

पश्चिमी के बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण पिछले सप्ताह गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु 112 मीटर पार कर गया था। जलस्तर बढ़ने के कारण तटवर्ती इलाके गोताखोर, शाह नगर, मोहम्मद नगर, कर्बला, हुसैन नगर, सैय्यद कम्पाउंड, चंपा पुरवा, तेजी पुरवा, मनसुख खेड़ा के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया था। जिससे यहां के रहने वाले लोग घरों में कैद हो गये थे। इधर कई दिनों से जलस्तर में गिरावट दर्ज की जा रही है। जिससे जिन क्षेत्रों में बाढ़ का पानी पहुंच गया था, वहां से पानी निकल गया लेकिन निचला इलाका होने के कारण घरों के आस पास पानी भरा हुआ है। जिसके कारण लोगों को गंदे पानी के बीच गुजर कर आवागमन करने की परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा गंदा पानी भरा होने से मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ गया है। यहां पर संक्रामक बीमारी का खतरा मंडरा रहा है।



चंपापुरवा के निचले इलाके में रुका बाढ़ का पानी। अमृत विचार

### बोले जिम्मेदार

जिन तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का पानी भर गया है, उन क्षेत्रों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जायेगा। इसके साथ ही चूना डलवाया जायेगा। जिससे संक्रामक बीमारियां ने फैल सके।

-अनूप शुक्ला, एसवीएम प्रभारी

### गंगा का जलस्तर घटने से नजर आने लगी रेती

■ **शुक्लागंज।** गंगा के जलस्तर में पिछले कई दिनों से गिरावट जारी है, रविवार से लेकर सोमवार के बीच कई सेंटीमीटर जलस्तर में गिरवट दर्ज की गई है। जिससे तटवर्ती इलाकों से बाढ़ का पानी धीरे-धीरे निकल रहा है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार गंगा का जलस्तर सोमवार दोपहर दो बजे 110.700 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद शाम पांच बजे 110.590 मीटर ही रह गया। हर घंटे गंगा का जलस्तर घटने से तटवर्ती इलाकों से पानी निकल गया है। वहीं अब गंगा की रेती भी दिखने लगी है। आयोग की माने तो अभी जलस्तर में इजाफा दर्ज किया जा सकता है। क्योंकि पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में रुक-रुककर बारिश हो रही है।



मरीजों की ओपीडी करतीं डॉ. रश्मि वर्मा।



सुभाष नगर में साफ सफाई करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

### चार गुना बढ़े दाद, खाज, खुजली के मरीज

■ **शुक्लागंज उन्नाव।** जुलाई माह में बारिश न होने के कारण पड़ रही उमस भरी गर्मी ने हर किसी को बेहाल कर दिया है। जिससे लोग गर्मी से इस कदर परेशान हैं कि वह बीमार पड़ रहे हैं। वहीं दाद, खाज, खुजली के मरीज चार गुना बढ़ गये हैं। सोमवार ओपीडी के दौरान पीएचसी में मौजूद तीन डॉक्टरों के कक्ष के बाहर लंबी लाइनें लगी रही। जहां सुबह से दोपहर तक मरीजों की ओपीडी करते हुये बदलते मौसम से बचाव करने की सलाह दी गई। जुलाई माह के पहले सप्ताह में बारिश हुई। जिसके बाद से बारिश न होने के कारण पड़ रही गर्मी से आम लोग बेहाल हो गये हैं। सोमवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी के दौरान नगर व आस पास से लोग पहुंचे। जहां मौजूद प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान, महिला डॉक्टर रश्मि वर्मा, शिप्रा झा ने सभी की ओपीडी की। ओपीडी सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक चली। इस दौरान तीनों डॉक्टरों के पास मरीजों की लाइनें लगी रही। पीएचसी प्रभारी ने बताया कि उमस भरी गर्मी के कारण सर्दी, जुकाम, बुखार, डायरिया अन्य रोगों से संबंधित मरीज पहुंचे हैं। जहां उनका इलाज कर दवाइयां दी गई है। वहीं बदलते मौसम में ठंडा पानी पीने के कारण लोगों के गले में दर्द की भी शिकायत वाले मरीज पहुंचे। वहीं दाद, खाज, खुजली के मरीज चार गुना बढ़ गये हैं वह भी बड़ी तादाद में अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिस पर डॉक्टर ने उन्हें धूप से आने पर ठंडा पानी न पीने की हिदायत दी। इसके साथ ही गर्मी पानी पीने की सलाह दी। जिससे गले का दर्द जल्द ठीक हो सके।

### नगर पालिका ने वार्ड 22 में कराई साफ सफाई

■ **शुक्लागंज उन्नाव।** शासन के निर्देश पर 1 जुलाई से 31 जुलाई के बीच संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये सोमवार को नगर पालिका की ओर से वार्ड 22 में साफ सफाई कराई गई। जहां पालिका कर्मियों ने सभी गलियों को साफ करने के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव किया। सोमवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला की देख रेख में पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 22 सुभाष नगर पहुंचे। जहां पालिका कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में झाड़ू लगाया। जिसके बाद चूना छलवाया गया। वहीं मच्छरों को देखते हुये एंटी लार्वा का छिड़काव भी किया गया। ईओ ने बताया कि इसी तरह 31 जुलाई तक पालिका क्षेत्र में साफ सफाई कराई जायेगी।

# दहेज के लिए पत्नी की हत्या में 10 वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● 15 अगस्त-2019 को हुई थी घटना

**अमृत विचार।** दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित कर उसकी हत्या करने के आरोपी पति को कोर्ट ने दोषी ठहराया है। कोर्ट ने उसे 10 साल की सजा के साथ आठ हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

रायबरेली जिला निवासी रामबहादुर ने तहरीर में बताया था कि उन्होंने सन-2018 में अपनी बेटी कविता की शादी बारासगवर थानाक्षेत्र के सगवर गांव निवासी सुमन कुमार से की थी। शादी के बाद से ही वह दहेज में बाइक न मिलने की बात कहकर बेटी को प्रताड़ित करता था। 15 अगस्त-2019 को दामाद ने उसे फोन पर बताया कि कविता ने कीटनाशक निगल लिया है। उसकी हालत गंभीर है वह उसे इलाज के लिए उन्नाव ले जा रहा है। 12 बजे दामाद ने फिर फोन कर बताया कि कानपुर ले जाते समय कविता की मौत हो गई। पिता ने दामाद सुमन पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया था। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद एडीजे मो. असलम सिद्दकी ने शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार की दलील व साक्ष्य के आधार पर सुमन को 10 साल की सजा सुनाई है।



### गैंगस्टर एक्ट के दोषी को दो साल की सजा

**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली पुलिस ने गैंग बनाकर क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में 30 अप्रैल-2008 में सदर कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर मोहल्ला निवासी रामबाबू लोध पुत्र हरिकिशन के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी। एसओ अचलगंज दुर्गेश मिश्रा ने आरोपी के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर 18 मार्च-2009 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी।। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद एडीजे जयवीर नागर ने शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, विश्वास त्रिपाठी व अलंकार द्विवेदी की दलील व साक्ष्य के आधार पर रामबाबू लोध को दो साल की सजा व पांच हजार अर्थदंड लगाया है।



प्रबंधक को सम्मानित करते आचार्य शिव सिंह। अमृत विचार

## अटल टिंकरिंग लैब में बच्चों को मिला तकनीकी ज्ञान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यशाला का सोमवार को समापन हुआ। जहां स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को अटल इंचार्ज ने तमाम प्रकार की तकनीकी जानकारियां दी।

एसवीएम स्कूल में आयोजित अटल टिंकरिंग लैब कार्याशाला के समापन के दौरान सोमवार को वैभव चौधरी, अमन राठौर व अटल इंचार्ज राहुल पांडेय ने बच्चों को साइबर सिक्योरिटी और एआई का के विषय पर छात्रों को प्रशिक्षित किया। जिसके बाद प्रबंधक राकेश कुमार ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने कहा कि भविष्य में नगर के अन्य विद्यालय के छात्रों को भी अटल टिंकरिंग लैब से बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस मौके पर शिव सिंह के अलावा स्कूल के शिक्षक मौजूद रहे।

## शिक्षामित्रों ने भी मांगा आयुष्मान कार्ड

**उन्नाव।** आदर्श समायोजित शिक्षक (शिक्षा मित्र) वेलफेयर एसोसिएशन के पुरवा ब्लाक अध्यक्ष मनोज कुमार के तत्वावधान में सात सूत्रीय मागों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन बीईओ को सौंपा। ज्ञापन में शिक्षा मित्रों को पूर्व की भांति सहायक अध्यापक पद पर समायोजित करने, यह प्रक्रिया पूर्ण होने तक सामान्य कार्य का 12 माह का वेतन देने व समान सुविधाएं देने और महिला शिक्षा मित्रों को उनकी ससुराल के जिलों के विद्यालयों में स्थानांतरित करने का अवसर प्रदान किया जाए। इसके अलावा चिकित्सीय अवकाश, कैसलेश चिकित्सा सुविधा व आयुष्मान कार्ड की सुविधा भी दी जाए। इस दौरान अमरेंद्र सिंह, अरविंद सिंह आदि शिक्षा मित्र मौजूद रहे। बीईओ विनय कुमार ने बताया कि शिक्षा मित्रों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे 15 लाख

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** बाप नंबरी बेटा 10 नंबरी फिल्म की कहानी भी यहां के बाप-बेटे ने फेल कर दी। बाप-बेटे ने मिलकर लखनऊ हाईकोर्ट में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक किसान से 15 लाख रुपये ठग लिये। ठगी का एहसास होने पर किसान ने रुपये वापस मांगे तो बाप-बेटों ने किसान से गालीगलौज कर उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित किसान ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर बाप बेटे की तलाश में जुट गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जगत नगर के मजरा लोहान पुरवा निवासी पप्पू पुत्र श्यामलाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि क्षेत्र के गांव हसनापुर निवासी राजबहादुर कटियार पुत्र रामचंद्र व उसके पुत्र दीपू से एक ट्रेन यात्रा के दौरान जान पहचान हो गई थी। इसके बाद राज बहादुर व उसका पुत्र दीपू का मेरे घर आना जाना शुरू हो गया। राजबहादुर ने पप्पू से बताया कि वह हाईकोर्ट लखनऊ में नौकरी करता है और लोगों की नौकरी भी लगवाता है। पप्पू के अनुसार राजबहादुर ने कहा कि लखनऊ हाईकोर्ट में वैकेंसी निकली है। यदि आपके बच्चे पढ़े लिखे हैं तो मैं वहां उनकी नौकरी लगवा दूंगा। इसके लिए जज साहब के खाते में 15 लाख रुपये जमा होंगे। जिसकी पक्की रसीद मिलेगी। नौकरी लगने के 6 माह बाद रुपये वापस हो जाएंगे। बाप-बेटों के झांसे में आकर पप्पू ने अपना खेत बेच दिया और बिक्री में मिले 12 लाख रुपये राजबहादुर कटियार तथा तीन लाख रुपये उसके बेटे दीपू को दे दिए। रुपए लेने के बाद बाप-बेटे ने कहा कि दो माह में आपके बच्चों को नियुक्ति पत्र मिल जाएगा। दो माह बीतने के बाद जब नियुक्ति पत्र नहीं मिला तो पप्पू ने पूछा कि मेरे पुत्र और पुत्री की नौकरी कब लगेगी। जिस पर उन्होंने बताया कि जिन जज साहब के खाते में रुपये जमा किए गए थे उनका तो ट्रांसफर हो गया। अब दूसरे जज साहब आए हैं। उनसे बात चल रही है। जल्द ही नौकरी लग जाएगी। यह सुन पप्पू को शंका हुई तो उसने क्षेत्र के लोगों से उनके बारे में तहकीकात की। इसमें पता चला कि बाप-बेटे ठग हैं। कई लोगों से नौकरी लगवाने का झांसा देकर रुपये ठग चुके हैं। इस पर पीड़ित ने बाप-बेटे से रुपये वापस मांगे तो उन्होंने उससे गाली गलौज की और जान से मार देने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाप-बेटे की तलाश शुरू कर दी है।




● पिता-पुत्र ने हाईकोर्ट में नौकरी दिलाने का झांसा देकर किसान को बनाया था शिकार

## सार-संक्षेप

### चित्रकूट में हुए हादसे में असोहा के युवक की मौत

**पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के गांव कांथा निवासी होरीलाल चौरसिया का 28 वर्षीय बेटा राम सागर 20 जुलाई को चित्रकूट दर्शन करने गया था। जहां एक ऑटो में बैठकर वह कहीं जा रहा था। तभी अचानक अनियंत्रित ऑटो पलट गया था। जिसमें रामसागर की मौके पर मौत हो गई थी। चित्रकूट पुलिस ने उसके परिजनों को जानकारी दी। पिता होरीलाल अन्य परिजनों के साथ चित्रकूट पहुंचे। सोमवार को रामसागर का शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया।

### कल्याणी नदी में डूबने से किशोर की मौत

**परियर।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के देवी पुरवा गांव में एक किशोर की कल्याणी नदी में डूबने से मौत हो गई। देवी पुरवा गांव निवासी सुनील निषाद का 12 वर्षीय बेटा साहिल सोमवार शाम जानवरों के लिए चारा लेकर कल्याणी नदी पार कर घर आ रहा था। तभी नदी के गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। परियर चौकी प्रभारी दिनेश सिंह ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कांवड़ यात्रा व कानून व्यवस्था को लेकर एडीजी ने दिये निर्देश

**उन्नाव।** एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिरोडकर सोमवार देरशाम उन्नाव पहुंचे। उन्होंने कांवड़ यात्रा और सावन मेले के संबंध में जानकारी लेते हुए जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए बैठक की और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। पुलिस लाइन पहुंचे एडीजी का स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर से किया गया। उन्होंने मौजूद पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन परिसर में निरीक्षण किया। सोमवार से शुरू कांवड़ यात्रा और जिले में लगने वाले सावन के मेलो में चौकसी बरतने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने व पुरानी विवेचनाओं के निस्तारण के निर्देश दिए। जिले की सीमा पर पुलिस की विशेष चौकसी के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह व दक्षिणी प्रेमचंद सहित सभी सर्किल के सीओ मौजूद रहे।

# अब खड़ंजे पर डाली जा रही है मिट्टी

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** खड़ंजा की रिपेयरिंग के बाद अधिकारियों ने मामले में लीपापोती करना शुरू कर दिया है। साथ ही मामले को लेकर ब्लॉक अधिकारियों ने चुप्पी भी साध रखी है। वहीं सचिव और प्रधान की मिलीभगत से सोमवार को खड़ंजे पर मिट्टी डालकर अनियमितताएं छिपाने का प्रयास जारी रहा।

वहीं एडीओ पंचायत ने तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है। क्षेत्र के भड़सर नौशहरा गांव के मजरा हीराखेड़ा में 400 मीटर खड़ंजा और नाली की मरम्मत का कार्य कराया गया था। जिसके बाद करीब आठ लाख की धनराशि निकाली गई। मरम्मत में खड़ंजे में पुरानी ईंट लगाकर कार्य कराया गया। वहीं नाली कुछ ही मीटर बनाई गई थी। साथ ही कुछ जगह खड़ंजे पर ईंट ही नहीं लगाई थी।सोमवार को सचिव और प्रधान की मिलीभगत से खड़ंजे पर मिट्टी डलवाई गई। अनिमितताओं के खुलासे के डर से अधिकारी पूरी कोशिश से जुटे हुए है। मामले को दबाने में एडीओ पंचायत ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। बीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जांच जेई आरईएस से कराई जायेगी।



खड़ंजे पर डाली गई मिट्टी।

### बोले जिम्मेदार

डीपीआरओ शाश्वत आनंद ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।

### बोले क्षेत्रीय विधायक

क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पत्र के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराकर इसकी जांच कराई जाएगी।

## अधेड़ की तालाब में डूबने से मौत

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुल्लाह नगर निवासी शिवराम (55) ईंट भठ्ठे पर मजदूरी करता था। सोमवार को अपने भतीजे अशोक के साथ उसके ई-रिक्शा से माखी थानाक्षेत्र निवासी बहन कोकिला के घर प्यारेपुर आया था। करीब तीन बजे वह गांव से 200 मीटर दूर ज्वार तालाब के पास चला गया। जहां अचानक उसका पैर फिसला और वह गहरे पानी में चला गया। काफी देर तक उसके बाहर न निकलने पर ग्रामीणों ने उसके बहनोई छेदीलाल को सूचना दी। ग्रामीण एक घंटे बाद उसे बाहर निकालकर डाक्टर के यहां लाए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में चलीं गोलियां, 12 घायल

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव मऊ में सोमवार देरशाम दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले और कई राउंड फायरिंग भी हुई। झगड़े में दोनों से पक्षों से करीब 12 लोग घायल हो गये। पुलिस ने 3 की हालत गंभीर देखते हुये जिला अस्पताल भेजा।

लखनऊ मार्ग स्थित मऊ गांव में सोमवार दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के आरिफ़ और मुहीब के बीच विवाद हो गया। तभी दोनों पक्षों की ओर से तमाम लोग आमने-सामने आ गये और लाठी-डंडे और ईट-पत्थर चलाने लगे। इसी बीच दोनों ओर से फायरिग भी हुई। झगड़े में एक पक्ष के ताहिर के भांजे जुनैद और मुहीब निवासी मऊ बांगरमऊ सहित 6 लोग तथा दूसरे पक्ष के नियाजुद्दीन सहित 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। आरिफ द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया कि वह गांव के अपने मित्र समीर के घर मोहर्रम के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। तभी फहीमुद्दीन, सुजाउद्दीन, नियाजुद्दीन, इस्लामुद्दीन व बदरुद्दीन सहित करीब दो दर्जन लोगों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों व तमंचे से हमला कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से मुहीब का आरोप है कि वह अपने पुराने घर से वापस अपने नए घर आ रहा था। तभी पहले से ही लाठी-डंडों और असलहों से लैस होकर घात लगाए बैठे पप्पू, दिलशाद, जावेद, सुशील, आरिफ व इरफान निवासी मऊ व शाहनूर सहित करीब 12 लोगों ने उस पर हमला कर दिया और फायरिग की।



डंडा लेकर गाड़ी तोड़ता युवक। अमृत विचार

### पुलिस ने फायरिंग से किया इनकार

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव में हुए बवाल पर उन्नाव पुलिस ने अपने अधिकृत शोसल मीडिया ग्रुप पर बताया कि पुरानी रंजिश के लेकर गांव के फहीम पुत्र नईम (प्रधान पति) व सात-आठ व्यक्ति एवं प्रधान पद के प्रत्याशी रहे ।जावेद व 11-12 व्यक्ति के बीच फहीम के घर के बाहर मारपीट हो गई। जिसमें प्रधान के घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। मारपीट में प्रधान पक्ष से मुहीब, जुनैद नियाजुद्दीन घायल हुए। पुलिस ने उन्हे सीएचसी भेजा। पुलिस ने फायरिंग होने से इनकार किया है।

**मांग** प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित 20 सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रणवीर सिंह को सौंपा

# शिक्षकों व कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की जिला इकाई के बैनर तले एकत्र होकर शिक्षकों व राज्यकर्मियों सहित अन्य ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। प्रदर्शनकारियों ने कलक्ट्रेट में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रणवीर सिंह को 20 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रशासनिक अधिकारी ने प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिलाया कि कार्रवाई के लिए ज्ञापन भेज दिया जाएगा।

तय कार्यक्रम के तहत प्रदर्शनकारी दोपहर बाद आंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए, जहां से शिक्षक-कर्मचारी एकता जिंदाबाद सहित अन्य नारे लगाते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने डीएम गौरांग राठी के प्रतिनिधि के तौर पर ज्ञापन की प्रति ली। उन्होंने कर्मचारियों की मांगे पूरी कराने के लिए ज्ञापन पीएम व सीएम के पास भेजने का भरोसा दिया। ज्ञापन में पदोन्नति के लिए आरक्षण का शासनादेश जारी कर 26 सितंबर 2018 को जारी सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का लाभ दिलाने की मांग की है। साथ ही लोकसभा में पदोन्नति में आरक्षण का 117वां संविधान संशोधन पास कर 9वीं अनुसूची में डालते हुए सभी शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों की पदावनति वापस लिए जाने की मांग भी की। वर्ष 2005 के बाद नियुक्त सभी शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों को ओपीएस पुरानी पेंशन योजना से लाभांवित किया जाए। ज्ञापन देने वालों में सेवानिवृत्त शिक्षक शिवबालक राम सरोज, प्रांतीय पदाधिकारी राजेश कुमार भारतीय, विमल आज़ाद भारतीय, अनिल कुमार दिवाकर, रामाशीष मौर्य, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश, वीरेंद्र बहादुर, उमेशचंद्र रावत, डीजी कुरील, राजेश कुमार, सुनील चौधरी, महेश कुमार, फूलचंद्र, सोहन अंबेडकर, संजय कनौजिया, राकेश कुमार, अमर बहादुर, सुनील कुमार व उमेश चंद्र आदि मौजूद थे।



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते प्रदर्शनकारी। अमृत विचार

### बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर किया विचार

**उन्नाव।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला इकाई की बैठक में शिक्षक समस्याओं पर विचार किया गया। जिलाध्यक्ष भरत चित्रांशी ने दावा किया कि सुमेरपुर, हिलौली व नवाबगंज आदि ब्लाक क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षको, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के रोके गए वेतन की बहाली नहीं की जा रही है। साथ ही अंतर्जनपदीय स्थानांतरण पर आए शिक्षकों के वेतन/एरियर भुगतान में भी दिक्कत आ रही है। बेतहाशा मूल्य वृद्धि के बाद भी लंबे समय से शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि होना अनुचित है। इसी तरह जिले में रिक्त चल रहे रसोइया के पद न भरे जाने से एमडीएम तैयार कराना शिक्षकों के लिए मुश्किल हो रहा है। बैठक में जिला महामंत्री संकल्प मिश्रा, कोषाध्यक्ष सोनू वाजपेयी, कपिल त्रिवेदी व अंबिका प्रसाद चौरसिया आदि रहे।

# समाधान दिवस की भेंट चढ़ी शिक्षक-बीएसए की वार्ता

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● तीन बजे बैठक आहूत कर पांच बजे तक नहीं पहुंचीं बीएसए

**अमृत विचार।** विभिन्न शिक्षक संगठनों को डिजिटलाइशन संबंधी बैठक के समय बीएसए संगीता सिंह कार्यालय में उपलब्ध नहीं रह सकीं। इससे उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल के पदाधिकारी लौट गए।

पिछले दिनों विभिन्न पंजिकाओं के डिजिटलाइजेशन सहित आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर शिक्षकों ने राज्य व्यापी विरोध जताया था। इसके बाद विभागीय मुख्य सचिव को डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा द्वारा जारी आनलाइन उपस्थित आदेश दो माह के लिए स्थगित करने का निर्णय लेना पड़ा था। हालांकि विभाग डिजिटल पंजिकाओं को उपयोग में लाना चाहता है। इसे लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ पशोपेश में है। शिक्षक दूरस्थ विद्यालयों में इंटरनेट नेटवर्क के अभाव का दावा करते आ रहे हैं। बीएसए ने शनिवार को शिक्षक संगठनों के साथ सोमवार को बैठक करने का फैसला लिया था। यह बैठक दोपहर बाद तीन बजे प्रस्तावित थी, लेकिन शनिवार को पौधरोपण अभियान की वजह से स्थगित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस शासन के निर्देश पर सोमवार को आयोजित किया गया। इसलिए बीएसए को हसनगंज तहसील मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जाना पड़ा। इससे वह शाम पांच बजे तक वापस कार्यालय नहीं लौटीं। इसलिए जूनियर शिक्षक संघ के प्रांतीय नेता संजय कुमार कनौजिया सहित जिला पदाधिकारियों कार्यालय में अपना लिखित पक्ष देकर चलते बने।

## डीएम ने की स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा

**उन्नाव।** कलक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम गौरांग राठी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व मीजल्स-रुबेला उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आशाओं के भुगतान, नियमित टीकाकरण, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, ई-संजीवनी टेली कंसल्टेशन, राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण, मलेरिया उन्मूलन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, पीएम आयुष्मान भारत योजना, ओपीडी व आईपीडी, सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सीएचओ सहित चिकित्सकों की उपलब्धता, कुष्ठ रोग नियंत्रण कार्यक्रम व वीएचएनडी उपकरणों की उपलब्धता आदि की समीक्षा की।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,502.08 | 24,509.25 |
| गिरावट | 102.57 | 21.65 |
| प्रतिशत में | 0.13 | 0.09 |



## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूँदड़ा 2450-2460 आर.आर.21 2550-2600 गेहूँफारम 2600-2700 जौ 2300-2400 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2100-2150 मकाई 2200-2400 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6300-6400 अरहर 9000-10000 मसूर 5500-5600 मटर 3700-3800 उड़दहरा 11000-11500 उड़दकाला 8000-9000 मूँग 8000-8200 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 16300-16400 अरहर स्पेशल 13900-14000 चना दाल 8000-8100 मटर दाल4450-4550 मसूर मलका 7150-7225 मसूरदाल 7375-7425 उड़द दाल 9000-13300 उड़द धोवा10000- 13000 मूँगदाल 8100-9700 मूँग धोवा9700-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500 - 11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000-8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा1460-1500 मैदा 1420-1470 सूजी1480-1520 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1380-1420 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5600-5800 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11000- 11500 मूँगफली दाना षिवपुरी9300- 10800 बटाली 8600-10100 सेहुआं 4000 - 4500 सरसों सरसोंकोल्हू 12200-12300 अलसी 10100-10200 अण्डी 12800-13000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1570-1569 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 4900-5000 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1565- 1564 मयूर1565 1564 मंगलौरलडडू 4900-4950

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 90900 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 75000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55900-56100 |

# निवेशकों की अधिक रिटर्न की उम्मीद चिंता की बात

## संसद में पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा: खुदरा निवेशकों की भागीदारी बाजार को प्रदान करती है स्थिरता

नई दिल्ली, एजेंसी

आर्थिक समीक्षा में शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की बढ़ती संख्या को लेकर आगाह करते हुए कहा गया है कि बाजार की वास्तविक स्थितियों को समझे बिना अधिक रिटर्न की उम्मीद कर पैसा लगाना चिंता का विषय है।

संसद में सोमवार को पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि खुदरा निवेशकों की बढ़ी हुई भागीदारी पूंजी बाजार को स्थिरता प्रदान करती है। पिछले कुछ साल में भारतीय पूंजी बाजार में गतिविधियां बढ़ी हैं। लोग डिमैट खातों के माध्यम से शेयरों की प्रत्यक्ष खरीद-बिक्री कर रहे हैं या फिर परोक्ष रूप से म्यूचुअल फंड से बाजार में निवेश कर रहे हैं। इक्विटी नकदी खंड कारोबार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 2023-24 में 35.9 प्रतिशत थी। दोनों डिपॉजिटरी के पास डीमैट खातों की संख्या वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 15.14 करोड़ हो गई, जो 2022-23 में 11.45 करोड़ थी। बाजार में निवेशकों की इस भागीदारी का असर शेयर बाजारों में नए निवेशक पंजीकरण, कुल कारोबार मूल्य में उनकी हिस्सेदारी, शुद्ध निवेश और सूचीबद्ध कंपनियों में स्वामित्व में भी दिखता है। उदाहरण के लिए, एनएसई में पंजीकृत निवेशकों की संख्या मार्च, 2020 के मुकाबले तीन गुना बढ़कर 31 मार्च, 2024 तक 9.2 करोड़ हो गई है।



● इक्विटी कारोबार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 2023-24 में 35.9 प्रतिशत

### दोनों सदनों में बजट पर होगी 20 घंटे चर्चा

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा में आम बजट पर 20-20 घंटे चर्चा होने की संभावना है, वहीं निचले सदन में रेलवे, शिक्षा, स्वास्थ्य, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालयों पर अलग से बहस होने की उम्मीद है। लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति ने सोमवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया। समिति में विभिन्न दलों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं।

### दो साल में जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतें बढ़ीं

दो साल में खराब मौसम, जलाशयों के निचले स्तर और फसल क्षति ने कृषि उत्पादन को प्रभावित किया है, जिससे खाद्य कीमतों में वृद्धि हुई है। प्रतिकूल मौसम की स्थिति ने विशेष रूप से सब्जियों और दालों के उत्पादन की संभावनाओं को प्रभावित किया है। पिछले वर्ष की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर एकीकृत रिपोर्ट में कहा गया है, 2022-23 और 2023-24 में कृषि क्षेत्र खराब मौसम की घटनाओं, जलाशयों के निचले स्तर और क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हुआ है जिसने कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक पर आधारित खाद्य मुद्रास्फीति 2021-22 के 3.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 6.6 प्रतिशत और 2023-24 में 7.5 प्रतिशत हो गई। जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि हो रही है - जिनमें लू, असमान मानसून, बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, और ऐतिहासिक शुष्क परिस्थितियां शामिल हैं।

### फसल बीमा में 2024 से वृद्धि देखने को मिलेगी

कृषि बीमा क्षेत्र में वर्ष 2024 से वृद्धि दर्ज होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी। साधारण बीमा बाजार में लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले कृषि बीमा में खरीफ फसल मौसम के दौरान प्रीमियम दरों में भारी गिरावट से 2022-23 में स्थिर वृद्धि देखी गई। इस गिरावट की भरपाई सत्र के दौरान बीमित भूमि क्षेत्र और किसानों के नामांकन में वृद्धि से हुई। वर्ष 2024 से कृषि प्रीमियम में वृद्धि होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी, जिसे मोबाइल एप्लिकेशन और फसल नुकसान की निगरानी के लिए रिमोट सेंसिंग जैसे बीमा बुनियादी ढांचे में सुधार का समर्थन प्राप्त होगा। फसल बीमा से जुड़ी मौजूदा चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार ने कई तकनीकी पहल शुरू की हैं। इनमें यस-टेक मैनुअल, विंड्स पोर्टल और सैटेलाइट आधारित उन्नत तकनीकों के माध्यम से फसल क्षति का आकलन करने के लिए नामांकन ऐप एआईडीई/सहायक शामिल हैं।

### आर्थिक समीक्षा की मुख्य बातें

- 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 से 7% रहने का अनुमान, 2023-24 में यह 8.2% रहने का अनुमान।
- अनिश्चित वैश्विक आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद घरेलू स्तर पर वृद्धि को बढ़ावा देने वाले तत्वों ने आर्थिक वृद्धि को सहारा दिया।
- अल्पकालिक मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान अनुकूल है, लेकिन दलहनों में कमी और परिणामस्वरूप मूल्य दबाव का सामना करना पड़ रहा है।
- मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद और आयात कीमतों में नरमी से मुद्रास्फीति को बल मिलता है।
- यह पता लगाने के तरीके सुझाए गए हैं कि क्या भारत के मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढांचे को खाद्य वस्तुओं को छोड़कर मुद्रास्फीति दर को लक्षित करना चाहिए।
- भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि तथा इसका प्रभाव आरबीआई की मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकता है।
- भारत के वित्तीय क्षेत्र का परिदृश्य उज्ज्वल है।
- चूंकि वित्तीय क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रहा है, इसलिए इसे वैश्विक या स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली संभावित कमजोरियों के लिए तैयार रहना चाहिए।
- बेहतर कॉरपोरेट और बैंकों के बही-खाते से निजी निवेश को और मजबूती मिलेगी।
- भारत की नीतियां चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपट पाई, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मूल्य स्थिरता सुनिश्चित की गई।
- कर अनुपालन लाभ, व्यय संयम और डिजिटलीकरण ने भारत को सरकार के राजकोषीय प्रबंधन में बेहतर संतुलन हासिल करने में मदद की।
- भारत की वृद्धि गाथा में पूंजी बाजार प्रमुख बन रहा है; बाजार वैश्विक भू-राजनीतिक, आर्थिक झटकों से निपटने में समक्ष बना हुआ है।
- कृत्रिम मेधा (एआई) के सभी कौशल स्तर के श्रमिकों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर काफी अनिश्चितता।
- चीन से एफडीआई प्रवाह में वृद्धि से वैश्विक आपूर्ति शृंखला में भागीदारी बढ़ाने और निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।
- देश में 54 प्रतिशत रोग अस्वास्थ्यकर आहार के कारण होते हैं, संतुलित, विविध आहार की ओर बदलाव की जरूरत।
- देश में विदेश में बसे भारतीयों द्वारा भेजा गया धन 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़कर 124 अरब डॉलर हुआ। 2025 में इसके 129 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान।
- खिलौना उद्योग को निर्यात बढ़ाने, चीन से आयात कम करने में सरकार से मिली मदद।
- आय असमानता की चुनौतियों से निपटने में कर नीतियों की प्रमुख भूमिका होगी।
- भारत में बुजुर्गों की देखभाल के लिए एक समग्र नीति की आवश्यकता है।
- रेल यात्री सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत की वृद्धि।
- आर्थिक समीक्षा में आयुष्मान भारत के विभिन्न लाभों को रेखांकित किया गया।

# आरबीआई बंद करे खाद्य मुद्रास्फीति पर गौर करना

● खाने के सामान की ऊंची कीमतों को कम करने के लिए देना चाहिए कूपन

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई को नीतिगत दर तय करने में खाद्य वस्तुओं की महंगाई पर गौर करना बंद करना चाहिए और सरकार को गरीबों पर खाने के सामान की ऊंची कीमतों का असर कम करने को उन्हें कूपन देने या सीधे नकदी हस्तांतरण पर विचार करना चाहिए।

आरबीआई ने बढ़ी हुई खाद्य मुद्रास्फीति का हवाला देते हुए नीतिगत दर में कटौती से परहेज किया है। आरबीआई की नीतिगत दर के आधार पर ही बैंक आवास, व्यक्तिगत और कंपनी ऋण की ब्याज तय करते हैं। भारत ने 2016 में मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण को लेकर रूपरेखा पेश की थी। इसके तहत रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। केंद्रीय बैंक हर दो महीने पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आधार पर नीतिगत दर रेपो तय करता है। इसमें भोजन, ईंधन, विनिर्मित सामान और चुनिंदा सेवाएं शामिल हैं। खाद्य पदार्थों को छोड़कर, महंगाई का लक्ष्य तय करने पर विचार करना चाहिए। प्रायः खाद्य वस्तुओं की ऊंची कीमतें मांग के बजाय आपूर्ति की समस्या के कारण होती हैं।

### मौद्रिक नीति मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार

खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.36 प्रतिशत थी। आरबीआई ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने जून में कहा था कि मौजूदा समय में, खाद्य मूल्य परिदृश्य से जुड़ी अनिश्चितताओं पर कड़ाई से नजर रखने की जरूरत है। मौद्रिक नीति केवल मांग आधारित मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार है। आपूर्ति बाधाओं के कारण होने वाली महंगाई से निपटने के लिए उसके उपयोग का प्रतिकूल असर हो सकता है।

# मातृत्व दंड की चुनौती पर देखभाल अर्थव्यवस्था पर निवेश की जरूरत

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत को बच्चों की परवरिश के समय महिला श्रम बल भागीदारी दर में गिरावट के रूप में मातृत्व दंड की चुनौती का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए देश में देखभाल से संबंधित ठोस अर्थव्यवस्था बनाने के लिए रणनीतिक सुधारों की जरूरत है।

सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश से बच्चों की देखभाल से संबंधित 1.1 करोड़ नौकरियां पैदा हो सकती हैं, जिनमें से 70% महिलाओं के हिस्से में आएंगी। देखभाल सेवाओं को सब्सिडी देने पर विचार किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, ब्राजील और अमेरिका के सफल अंतर्राष्ट्रीय मॉडल भारत के लिए मददगार हो सकते हैं। इन देशों में देखभाल कर्मियों को आय, बच्चे की आयु व संख्या पर खरीद और कर में छूट दी जाती है।

### महिला बजट 3.1 लाख करोड़

महिलाओं का बजट 2013-14 के 97,134 करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 3.1 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। लैंगिंग बजट में इस साल 2023-24 की तुलना में 38.7 प्रतिशत और 2013-14 की तुलना में 218.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह राशि कुल केंद्रीय बजट का 6.5 प्रतिशत है।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### बस मेट्रो खंभे से टकराई महिला की मौत, 23 घायल

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में डीटीसी (दिल्ली परिवहन निगम) की एक इलेक्ट्रिक बस के सोमवार सुबह मेट्रो खंभे से टकरा जाने से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 23 अन्य यात्री घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि पंजाबी बाग थाने को सुबह सात बजकर 42 मिनट पर रोहतक रोड पर शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के निकट बस दुर्घटना की सूचना मिली। मंगोलपुरी और आनंद विहार में चलने वाली डीटीसी बस मेट्रो खंभे से टकरा गई।

#### ऑडी ने दो ऑटोरिक्शा को मारी टक्कर, चार घायल

**मुंबई।** मुलुंड इलाके में सोमवार को तेज रफ्तार ऑडी ने दो खड़े ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी जिससे चार लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार सुबह करीब आठ बजे डम्पिंग रोड पर हुई और हादसे के बाद चालक ऑडी कार वहीं पर छोड़कर फरार हो गया। वाहन को जब्त कर लिया गया है। घायलों में दो ऑटोरिक्शा चालक और उनमें सवार दो यात्री हैं जिनमें से एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है।

#### 3 करोड़ रुपये, 3100 डॉलर के साथ एक गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर आयुक्त पुलिस ने हवाला कारोबार में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से करीब तीन करोड़ रुपये और 3100 अमेरिकी डॉलर बरामद किये हैं। पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने बताया कि पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस स्टेशन न्यू बारादरी जालंधर की एक टीम टी-पॉइंट बशीरपुरा जालंधर के पास जांच कर रही थी।

# मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, एक जवान घायल

## जम्मू-कश्मीर : राजौरी में सेना की चौकी, वीडीजी के घर पर आतंकी हमले की कोशिश नाकाम

● एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल

राजौरी/जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना के जवानों ने सैन्य चौकी और ग्राम रक्षा दल सदस्य (वीडीजी) के आवास पर आतंकी हमले की कोशिश सोमवार तड़के नाकाम की। सेना के अधिकारियों ने बताया कि घटना में संलिप्त आतंकियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया और इस दौरान उनकी आतंकियों से मुठभेड़ हो गई। वीडीजी आवास पर हमले में शामिल आतंकी को मार गिराया गया। इसमें एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल हुआ है।

व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर बताया कि राजौरी के गुंधा इलाके में आतंकियों ने वीडीसी (सदस्य) के घर पर तड़के तीन बजकर 10 मिनट पर हमला किया। नजदीक मौजूद सैन्य टुकड़ी ने जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई। अभियान अब भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने वीडीजी और पूर्व सैनिक परषोत्तम कुमार के ख्वास तहसील के गुंधा इलाके स्थित आवास पर गोलीबारी की। कुमार शौर्य चक्र से भी सम्मानित हैं। आतंकियों के ग्रेनेड फेंकने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद उन्होंने सुबह चार बजे क्षेत्र में नव स्थापित सेना चौकी पर हमला किया, जिसको सेना ने नाकाम कर दिया है। एक स्थानीय महिला ने कहा कि हम इस हमले से भयभीत हैं, क्योंकि सालों बाद इलाके में आतंकी वारदात हुई है। यह इलाका शांतिपूर्ण था। तड़के तीन बजे गोलीबारी शुरू हुई और यह जारी है। ग्रामीण ने कहा कि वीडीजी को आधुनिक हथियारों और संचार प्रौद्योगिकी से लैस करने की जरूरत है, ताकि वे जम्मू के पहाड़ी इलाकों में आतंकवादियों का मुकाबला कर सकें।



राजौरी जिले के गुंधा इलाके में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुए मुठभेड़ के दौरान आगे बढ़े सेना के वाहन। एजेंसी

### सिद्धरमैया को फंसाने के आरोप में ईडी अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में 187 करोड़ के कथित घोटाले में सोमवार को उस वक्त नया मोड़ आ गया, जब राज्य सरकार के अधिकारी पर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और वित्त विभाग को फंसाने के लिए दबाव डालने के आरोप में ईडी के दो अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

समाज कल्याण विभाग के अतिरिक्त निदेशक कल्लेश बी. की शिकायत पर विल्सन गार्डन पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ है। कर्नाटक सरकार द्वारा गठित एसआईटी के अलावा, सीबीआई भी मामले की जांच कर रही है, जिसमें हैदराबाद के कंपनियों को 88 करोड़ का अवैध हस्तांतरण भी शामिल है।

# बजट में एमएसपी की कानूनी गारंटी की घोषणा होनी चाहिए



● कर्ज और कृषि ऋण माफी की निगरानी को आयोग जरूरत: रमेश

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने केंद्रीय बजट पेश किए जाने से एक दिन पहले सोमवार को कहा कि इस बजट में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की घोषणा करने की जरूरत है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सरकार से आग्रह किया कि किसान कर्ज माफी की आवश्यकता, परिमाण का आकलन करने और कृषि ऋण माफी के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक स्थायी आयोग की स्थापना की जानी चहिए।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, केंद्र सरकार की तमाम विफलताओं में से कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की क्षमताहीनता और दुर्भावना से भरा व्यवहार सबसे अधिक हानिकारक है। उन्होंने दावा किया कि जहां संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) ने गेहूं की एमएसपी 119 प्रतिशत और धान की एमएसपी 134 प्रतिशत बढ़ाई थी, वहीं मोदी सरकार ने इसे क्रमशः 47 प्रतिशत और 50 प्रतिशत बढ़ाया है। यह महंगाई और कृषि इनपुट की बढ़ती कीमतों के हिसाब से बिल्कुल भी पर्याप्त नहीं है। रमेश ने कहा कि किसानों का कर्ज बहुत बढ़ गया है। एनएसएसओ के अनुसार, 2013 के बाद से बकाया ऋण में 58 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# सेंट्रल विस्टा: कोर्ट ने वक्फ बोर्ड से कहा केंद्र कार्रवाई करे तो याचिका दायर करें

● हाईकोर्ट ने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड से कहा कि जब भी केंद्र 'सेंट्रल विस्टा' पुनर्विकास परियोजना के संबंध में उसकी संपत्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करे तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि परियोजना को उच्चतम न्यायालय की मंजूरी मिली हुई है और उन्होंने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा।

बोर्ड ने इस याचिका में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों की सुरक्षा के लिए निर्देश देने का आग्रह किया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील ने कहा कि वक्फ बोर्ड यह नहीं कह रहा है कि सेंट्रल विस्टा परियोजना को खत्म करना होगा, बल्कि वह केवल यह आश्वासन चाह रहा है कि उसे उसकी संपत्तियों से बेदखल नहीं किया जाएगा। न्यायाधीश ने कहा कि इस याचिका को वापस ले लीजिए। हम मामले को उलझाना नहीं चाहते। जब भी वे कोई कार्रवाई करेंगे, आप आ सकते हैं। अदालत ने कहा कि यदि आवश्यक हो तो वह नई याचिका दायर कर सकता है। बोर्ड ने 2021 में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए कोर्ट का रुख किया था।

### खालिद की याचिका पर सुनवाई से अलग हुए हाईकोर्ट के न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश अमित शर्मा ने फरवरी 2020 में हुए दंगों के पीछे कथित साजिश से संबंधित यूएपीए मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई से सोमवार को खुद को अलग कर लिया। इस मामले को न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति शर्मा की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। सिंह ने कहा कि इसे किसी अन्य पीठ के समक्ष भेजा जाना है। इस मामले पर 24 जुलाई को सुनवाई होगी।

# नकली सोने के व्यापारी के घर के नीचे सुरंग मिलने से राज्यपाल चिंतित

● यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय : आनंद बोस

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने दक्षिण 24 परगना जिले में नकली सोने की मूर्ति का कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार व्यापारी के घर के नीचे सुरंग मिलने पर रविवार को चिंता जताई और कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है।

पुलिस को 15 जुलाई को कुलतली में आरोपी व्यापारी के घर के नीचे एक सुरंग मिली थी। यह सुरंग पास की उस नहर तक जाती है, जो मतला नदी में मिलती है। राजभवन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सुनियोजित ढंग से निर्मित सुरंग, जो कथित तौर पर सुंदरबन में मतला नदी में बहने वाली एक नहर तक जाती है, जिसके आगे भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा है, स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा करती है। पुलिस की छापेमारी के दौरान घर के मालिक और नकली सोने के व्यापारी सद्दाम सरदार के इस सुरंग के रास्ते भागने का संदेह था। हालांकि, बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### कांवड़ यात्रा : उप्र सरकार के निर्देश पर चर्चा के लिए विपक्ष का नोटिस खारिज

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को विपक्षी सदस्यों के वे नोटिस नियमों का हवाला देते हुए खारिज कर दिए जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में दिए गए निर्देश को लेकर नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा की मांग की गई थी।

विपक्षी सांसदों ने नियम 267 के तहत नोटिस दिये थे जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में दिए गए निर्देश को लेकर आज का नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा की मांग की गई थी। धनखड़ ने कहा कि ये नोटिस न तो नियम 267 की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और न ही आसन की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुरूप हैं... इसलिए इन्हें अस्वीकार स्वीकार किया जाता है।

# संघ में सहभागिता पर रोक हटाना सराहनीय

नई दिल्ली, एजेंसी



● आरएसएस ने कहा- देश की लोकतांत्रिक प्रणाली होगी मजबूत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने सरकारी कर्मचारियों के संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का सोमवार को स्वागत किया। आरएसएस ने कहा कि फैसले से देश की लोकतांत्रिक प्रणाली मजबूत होगी। उसने पूर्ववर्ती सरकारों पर अपने राजनीतिक हितों के कारण सरकारी कर्मचारियों को संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित करने का आरोप भी लगाया।

प्रतिबंध हटाने संबंधी सरकारी आदेश के सार्वजनिक होने के एक दिन बाद आरएसएस प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने कहा कि सरकार का ताजा फैसला उचित है और यह भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करेगा। विपक्ष के कई नेताओं ने सरकारी कर्मचारियों पर संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने पर लगा प्रतिबंध हटाने के केंद्र के फैसले की आलोचना की है। आंबेकर ने कहा कि संघ 99 वर्षों से लगातार राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में सक्रिय है।

### प्रतिबंध हटाना मोदी की खीज का नतीजा : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्मचारियों के आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटाने का विरोध करते हुए कहा है कि यह प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा में अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाने की खीज का नतीजा है और ऐसा कर वह कर्मचारियों को विचारधारा विभाजित करना चाहते है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आरएसएस ने तिरंगे का विरोध किया था और गांधी जी की हत्या के बाद इस पर प्रतिबंध लगा था। मोदी ने इसको हटाकर न केवल विचारधारा बांटने का काम किया है, बल्कि उनकी निष्पक्षता तथा संविधान के सर्वोच्च होने के भाव को संदेहास्पद बना दिया है।

### कंगना मानहानि मामले में 9 सितंबर को अदालत के सामने होगी पेश

**मुंबई।** फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत गीतकार जावेद अख्तर द्वारा दायर मानहानि मामले में नौ सितंबर को मुंबई की एक अदालत में पेश होगी। रनौत के शनिवार को अदालत में पेश नहीं होने पर अख्तर ने एक आवेदन दायर की और इस मामले में अभिनेत्री के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आग्रह किया। अख्तर के अधिवक्ता जय भारद्वाज ने बताया कि रनौत अदालत में उपस्थित होने के लिए स्थायी रुप से छूट चाहती थी।

# ममता बंगाल में घुसपैठ को न्यायोचित ठहराने का कर रहीं प्रयास : भाजपा

● पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के बयान की जमकर की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि वह बांग्लादेश में संकट में फंसे लोगों को आश्रय देने को तैयार हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि बनर्जी का यह बयान राज्य में घुसपैठ को न्यायोचित्त ठहराने वाला है।

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बनर्जी की उस कथित टिप्पणी के लिए उन पर निशाना साधा जिसमें उन्होंने कहा था कि वह चाहती हैं कि बंगाल भारत के साथ अच्छे संबंध रखे। उन्होंने सवाल किया कि उनके (ममता के) इस बयान का क्या मतलब है? उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है। कोलकाता में एक रैली में बनर्जी ने कहा था कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर वह पड़ोसी देश से परेशान लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण देंगी। प्रसाद ने कहा कि ऐसे मुद्दे पूरी तरह से भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि यह केंद्र सरकार ही थी जिसने 1971 के युद्ध के बाद बांग्लादेशियों को शरण देने का फैसला किया था।

## एक नजर

### यूएई में प्रदर्शन पर तीन बांग्लादेशियों को उम्रकैद

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात की एक अदालत ने दर्जनों बांग्लादेशियों को अपने देश की सरकार के खिलाफ यहां प्रदर्शन करने पर कारावास की सजा सुनाई है। इनमें से तीन को उम्रकैद की सजा दी गई है। सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम की खबर के मुताबिक अबू धाबी की संघीय अपीलीय अदालत ने रविवार को 53 बांग्लादेशियों को 10-10 साल कारावास, एक बांग्लादेशी को 11 साल कारावास और तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इन बांग्लादेशियों को सजा पूरी होने के बाद देश से निष्कासित करने का भी आदेश दिया है।

### अमेरिका में सामूहिक गोलीबारी में 3 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रांत मिसिसिपी में सामूहिक गोलीबारी में तीन लोग मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए। डब्ल्यूटीवीए टीवी चैनल ने स्थानीय पुलिस के हवाले से बताया है कि वारदात इंडियनोला शहर में हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। मृतकों की उम्र 19 साल थी। फिलहाल, कोई संदिग्ध नहीं होने के कारण चश्मदीद गवाहों से पूछताछ की प्रक्रिया जारी है।

### यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद प्रोफेसर बर्खास्त

**हांगकांग।** चीन के एक शीर्ष विश्वविद्यालय ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगने के बाद सोमवार को एक प्रोफेसर को बर्खास्त कर दिया। एक दिन पहले ही एक स्नातक छात्रा ने प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और अपने आरोपों के समर्थन में कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग साझा की थी। इसे लेकर व्यापक स्तर पर लोगों ने रोष व्यक्त किया था। वांग डी नाम की छात्रा ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'वीबो' पर 59 मिनट लंबा एक वीडियो जारी कर कहा कि वह चीन के रेनमिन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स में डॉक्टरेट कार्यक्रम में अध्ययन कर रही हैं। वांग ने आरोप लगाया कि उनके पर्यवेक्षक ने उनका यौन शोषण किया है।

### रूसी पत्रकार को सेना के दुष्प्रचार के आरोप में सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार द्वारा वित्तपोषित 'रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी' की रूसी मूल की अमेरिकी पत्रकार अलसु कुरमाशेवा को रूस की अदालत ने गोपनीय सुनवाई करके रूसी सेना के खिलाफ दुष्प्रचार करने का दोषी करार दिया और साढ़े छह साल कारावास की सजा सुनाई। कुरमाशेवा को काजान शहर की अदालत ने दोषी करार दिया। इसी दिन रूसी शहर येकातेरिनबर्ग की अदालत ने वॉल स्ट्रीट जनरल के संवाददाता इवान गेरश्कोविच को जासूसी करने का दोषी करार देते हुए 16 वर्ष कारावास की सजा सुनाई थी। अमेरिका ने इस फैसले को राजनीति से प्रेरित करार दिया था।

### झेलम के स्लीपर कोच के ब्रेक जाम, चिंगारी निकली

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर और झांसी के बीच आज दोपहर झेलम एक्सप्रेस की एक बोगी के ब्रेक जाम होने से उसमें चिंगारी निकलने लगी। यह चिंगारी आग पकड़ती उससे पहले ही ट्रेन स्टाफ ने ट्रेन को रुकवाकर अग्निशमन यंत्र से उस पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक ग्वालियर से झांसी की ओर जा रही झेलम एक्सप्रेस 11078 अप जैसे ही सिथौली संदलपुर के बीच पहुंची तो उसकी स्लीपर एस टू बोगी के पहिये के ब्रेक ब्लाक जाम होने से उसमें चिंगारी और धुआं निकलन लगा। इसकी जानकारी कुछ यात्रियों ने ट्रेन स्टाफ को दी, जिसके बाद तत्काल झेलम एक्सप्रेस को रोका गया।

# पिछले साल भारत में 1.92 करोड़ विदेशी पर्यटक आए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दी जानकारी

पर्यटन मंत्रालय के अनुसार पिछले साल कुल 1.92 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए, जो 2021 में कोरोना वायरस महामारी के समय आए 10.54 लाख विदेशी नागरिकों से काफी अधिक हैं।

संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में 2021 से 2023 तक भारत आए विदेशी यात्रियों का आंकड़ा दिया। आंकड़ों के अनुसार, 2023 में 1,92,45,817 विदेशी पर्यटक आए थे। यह संख्या 2022 में 85,87,562 और 2021 में 10,54,642 थी।



दिल्ली में भी विदेशी पर्यटकों की संख्या में इजाफा देखा गया। 2021 में 1,00,178 विदेशी नागरिकों ने राष्ट्रीय राजधानी की यात्रा की थी और 2023 में यह संख्या बढ़कर 18,28,116 हो गई। इसी तरह, गोवा में विदेशी पर्यटकों का आगमन 2021 के 22,128 से बढ़कर 2023 में 4,52,692 बार हुआ।

# हिंसक प्रदर्शनों के बाद स्थिति शांत, इंटरनेट सेवाएं अब भी ठप

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद सरकारी नौकरियों में आरक्षण घटाने के उच्चतम न्यायालय के फैसले से स्थिति शांत होने के बावजूद लगातार पांचवें दिन इंटरनेट सेवाएं ठप रहीं और सरकार ने सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया। देश में कुछ ही दिन पहले देखते ही गोली मारने के आदेश के साथ कर्फ्यू लगा दिया गया था और सैन्यकर्मी राजधानी ढाका और अन्य क्षेत्रों में गश्त करते देखे गए।

देश में पुलिस और मुख्य रूप से छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारी 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम लड़ने वाले (पूर्व) सैनिकों के रिश्तेदारों के लिए सरकारी

**बांग्लादेश में हिंसा**

- सैन्यकर्मी राजधानी ढाका और अन्य क्षेत्रों में गश्त करते देखे गए



बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सड़कों पर बाड़ लगाते सुरक्षा बल।

नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। कम से कम चार स्थानीय समाचार पत्रों में बताया गया है कि हिंसा में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार के अपने फैसले में कहा कि 93 प्रतिशत सरकारी नौकरियां योग्यता आधारित प्रणाली के आधार पर आवंटित की जाएं। पांच प्रतिशत 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भाग लेने वालों के परिजनों तथा अन्य श्रेणियों के लिए दो प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी जाएं।

रविवार रात को कुछ छात्र प्रदर्शनकारियों ने सरकार से इंटरनेट सेवाएं बहाल करने का आग्रह किया। भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयक हसनत अब्दुल्ला ने बताया कि जिस पूर्ण बंद के आह्वान को उन्होंने पिछले सप्ताह लागू करने का प्रयास किया था, उसे अब वापस ले रहे हैं। उन्होंने कहा, "लेकिन हम 'डिजिटल कार्रवाई' को रोकने और इंटरनेट सेवाएं बहाल करने के लिए 48 घंटे का समय दे रहे हैं।" अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि वे चाहते हैं कि सरकार कर्फ्यू खत्म करे और सुनिश्चित करे कि देश दो दिनों के भीतर सामान्य स्थिति में वापस आ जाए।

### कोलकाता-ढाका मैत्री एक्सप्रेस सेवा स्थगित

**कोलकाता।** कोलकाता को बांग्लादेश की राजधानी ढाका से जोड़ने वाली 'मैत्री एक्सप्रेस' की सेवाओं को परिचालन संबंधी कारणों से मंगलवार तक स्थगित किया गया है। यह निर्णय बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर हो रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच आया है। इन हिंसक प्रदर्शन में अब तक 100 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन की सेवाएं शनिवार से ही बंद कर दी गई हैं। इसके अतिरिक्त कोलकाता-खुलना-कोलकाता बंधन एक्सप्रेस भी रविवार को रद कर दी गई।

# अब बाइडन की जगह हैरिस का चुनाव अभियान चलाएगी रैपिड रिस्पॉन्स टीम

## 'एक्स' पर बाइडन के प्रचार अभियान दल के खाते का नाम कमला एचक्यू किया

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनाव मैदान से हटने और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का अनुमोदन करने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बाइडन के प्रचार अभियान दल के खाते का नाम बदलकर 'कमला एचक्यू' कर दिया गया है। इसे कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार के तौर पर समर्थन करने के लिए बड़ा कदम माना जा रहा है।

प्रचार अभियान दल अपने संदेशों को प्रसारित करने और प्रतिद्वंद्वियों के हमलों का जवाब देने के लिए इस खाते का इस्तेमाल करता है। 'सीएनएन' ने बताया कि बाइडन-हैरिस अभियान के लिए 'एक्स' पर सोशल मीडिया त्वरित प्रतिक्रिया खाते 'बाइडन एचक्यू' का नाम बदलकर आधिकारिक रूप से 'कमला एचक्यू' कर दिया गया है। बाइडन के फैसले के बाद डेमोक्रेटिक कन्वेंशन नियम समिति



बाइडन द्वारा अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के बाद एक महिला व्हाइट हाउस के बाहर उनका आभार जताते हुए।

बुधवार को नामांकन की रूपरेखा पर चर्चा करेगी।

59 वर्षीय कमला हैरिस बड़े अमेरिकी राजनीतिक दल की पहली अश्वेत महिला और उपराष्ट्रपति हैं। वहीं बाइडन का समर्थन मिलने के बाद कमला हैरिस ने कहा कि वह सम्मानित महसूस कर रही हैं। अब वह डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन मिलने के बाद जीतने के लिए काम करेंगीं।

बाइडन के 5 नवंबर को व्हाइट से हाउस बाहर होने के फैसले के बाद डेमोक्रेटिक कन्वेंशन रूल्स कमेटी बुधवार को नामांकन को लेकर चर्चा करेगी। कमेटी के सह उपाध्यक्ष और गर्वनर टिम वॉल्ज और डेमोक्रेटिक पार्टी के लिआ ड्रौटी ने कहा कि नए उम्मीदवार के चयन की जिम्मेदारी कमेटी है। यह पारदर्शी, साफ और व्यवस्थित होगा। इस विचार को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया व्यापक और निष्पक्ष होगी।

**ट्रंप को लेकर मस्क से भिड़े भारतवंशी अरबपति**

### खोसला ने पूर्व राष्ट्रपति को बताया- झूठा और धोखेबाज

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी को लेकर अरबपति टेक कारोबारी एलन मस्क और भारतीय-अमेरिकी उद्यम पूंजीपति विनोद खोसला के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में खोसला ने ट्रंप को एक ऐसा रिपब्लिकन नेता करार दिया, जिसमें कोई कोई नैतिकता नहीं है, जो झूठ बोलता है, धोखा देता है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म, अपमान करता है और उनके जैसे प्रवासियों से नफरत करता है। खोसला ने कहा कि उनके लिए ट्रंप जैसे व्यक्ति का समर्थन करना बहुत मुश्किल है। खोसला की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने कहा कि ट्रंप आपसे नफरत नहीं करते हैं। अलबत्ता, वह आपको पसंद करते हैं। उनसे मिलिए और अपने बारे में उनके विचार जानिए।

### ओबामा ने बाइडेन की तारीफ की, हैरिस पर चुप्पी साधी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से पीछे हटने के राष्ट्रपति जो बाइडन के फैसले की रविवार को प्रशंसा की। हालांकि राष्ट्रपति चुनावों के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार के रूप में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का तत्काल समर्थन करने से परहेज किया। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने एक बयान में कहा कि आने वाले दिनों में हम अज्ञात रास्तों से गुजरेंगे, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी पार्टी के नेता एक ऐसी प्रक्रिया बनाने में सक्षम होंगे, जिससे एक उत्कृष्ट उम्मीदवार उभरकर सामने आएगा।

### नेपालः भूस्खलन के कारण नदी में डूबी बसें, 25 शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल में गत 12 जुलाई को भूस्खलन के कारण कुछ बसें नदी में बह गई थी और उसके बाद से अब तक 25 यात्रियों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि 37 अन्य लापता हैं। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि बसों में यात्रा करने वाले लोगों की संख्या पहले 65 बताई गई थी, लेकिन सत्यापन के बाद इसे संशोधित कर 62 कर दिया गया। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्रदेव यादव ने कहा, "तीन यात्री तैरकर नदी से बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि 25 के शव बरामद किए गए हैं।" उन्होंने बताया कि अन्य लोगों और दो बसों का अभी भी पता नहीं चल पाया है।

# इमरान की पार्टी के सूचना सचिव रऊफ गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

- हसन रऊफ के खिलाफ अभी आरोप स्पष्ट नहीं

पाकिस्तान पुलिस ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सूचना सचिव रऊफ हसन को पार्टी के केंद्रीय सचिवालय पर सोमवार को छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया।

शुरुआत में यह चर्चा थी कि पीटीआई के चेयरमैन गौहर अली खान को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, पार्टी प्रवक्ता जुल्फी बुखारी ने खान की गिरफ्तारी की खबर को खारिज कर दिया, जबकि हसन की गिरफ्तारी की पुष्टि की। यह स्पष्ट नहीं है कि हसन के खिलाफ क्या आरोप हैं। हसन पर कुछ सप्ताह पहले अज्ञात लोगों ने हमला किया था, जिससे उनके चेहरे पर चोटें आई थीं।

पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट में हसन की गिरफ्तारी की निंदा की और इस्लामाबाद पुलिस की आलोचना की। पार्टी ने कहा कि यह शर्मनाक है कि इस्लामाबाद पुलिस इस देश के हर कानून का पूरी तरह से मजाक बना रही है और उसकी अवहेलना कर रही है। पीटीआई नेता खुर्रम शेर जमां ने दावा किया कि पुलिसकर्मी पार्टी के कार्यालय से दस्तावेज और उपकरण जब्त कर रहे हैं।

# कुछ लोग नहीं चाहते कश्मीर में शांतिः अब्दुल्ला

**श्रीनगर, एजेंसी**

- नेकां अध्यक्ष ने भारत-पाक के 'कुछ' लोगों पर लगाए आरोप



जम्मू-कश्मीर के जम्मू संभाग में आतंकवादी हमलों में वृद्धि के बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारत और पाकिस्तान में कुछ लोग हैं, जो जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं चाहते हैं। फारूक ने सोमवार को श्रीनगर में मीडिया से कहा, "मैं समझता हूं कि जम्मू-कश्मीर में हिंसा जारी रहने से उनकी खिचड़ी पकती है।"

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा "यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि दोनों देशों में ऐसे लोग हैं जो जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "लोग शांति से रहना चाहते हैं और इसे कायम रखने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। स्थिति बिगड़ने पर जम्मू संभाग की पर्वतीय श्रृंखला में स्थिति से निपटने के लिए 7000 से अधिक सैनिकों को बुलाया गया है।" उन्होंने कहा कि हम कितना भी चिल्लाएं, कुछ नहीं होगा।

# ट्रंप पर हमले को खुफिया सेवा प्रमुख ने सबसे बड़ी चूक माना

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- कई सांसदों ने खुफिया प्रमुख चीटल से इस्तीफा देने या राष्ट्रपति द्वारा उन्हें बर्खास्त करने की मांग की

अमेरिका की खुफिया सेवा की निदेशक किंबरली चीटल ने कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का प्रयास किया जाना दशकों में एजेंसी की सबसे बड़ी चूक है।



चीटल ने सोमवार को संसद में अपनी पेशी के दौरान सांसदों को बताया, "13 जुलाई को हमसे चूक हुई।" उन्होंने कहा कि वह इस महीने की शुरुआत में पेनसिल्वेनिया में ट्रंप पर हुए हमले में एजेंसी से हुई चूक की पूरी जिम्मेदारी लेती हैं। रैली के दौरान 20 वर्षीय युवक ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप की हत्या का प्रयास करते हुए उनपर गोली चलाई थी। इस मामले में सुरक्षा चूक को लेकर चीटल के इस्तीफे की मांग की जा रही है।

थॉमस मैथ्यू क्रुक्स नामक युवक ने पास की इमारत की छत पर चढ़कर गोली चलाई, जो ट्रंप के कान में लगी, जबकि और दो अन्य उपस्थित लोग गोलीबारी में घायल हो गए थे। सांसद इस बात से हैरान हैं कि बंदूकधारी ट्रंप के इतने करीब कैसे पहुंच गया। गृह मंत्री एलेजांद्रो मेयरकास ने घटना को चूक बताया है, जबकि कई सांसदों ने चीटल से इस्तीफा देने या राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है। खुफिया सेवा ने कहा है कि चीटल इस्तीफा नहीं देना चाहतीं। अब तक उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं बाइडन और मेयरकास का समर्थन हासिल है।

### बोलीविया में सड़क हादसे में 22 लोगों की मौत

**ला पॉज।** बोलीविया के पटाकामाया शहर और उत्तरी चिली के टैम्बो क्वेमाडो शहर के बीच एक राजमार्ग पर बस और ट्रक की टक्कर में 22 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। यह राजमार्ग बोलीविया और चिली को जोड़ता है। अल जजीरा ने पुलिस के हवाले से बताया कि 14 मृतकों की पहचान कर ली गई है।

दुर्घटना में मारे गए लोगों में चिली का एक नागरिक भी शामिल है। बस चिली की ओर जा रही थी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि एक कार को ओवरटेक करने की कोशिश में ट्रक गलत लेन में प्रवेश कर गया था। इसके बाद ट्रक एक बस से टकरा गया। बोलीविया में हर साल सड़क दुर्घटना में लगभग 1,400 मौतें होती हैं। इसकी वजह वहां की लचर ट्रांसपोर्ट व्यवस्था भी है।

# हरियाणाः कड़ी सुरक्षा के बीच नूंह में ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा संपन्न

**नूंह (हरियाणा), एजेंसी**

पिछले साल हिंसा से प्रभावित हुई ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा सोमवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां शुरू हुई। यात्रा नल्हड़ महादेव मंदिर से शुरू हुई, जहां से श्रद्धालु फिरोजपुर झिरका स्थित झिर मंदिर पहुंचे। यात्रा का मार्ग करीब 80 किलोमीटर लंबा है।

यात्रा शुरू होने से पहले बड़ी संख्या में महिलाएं पूर्वाह्न करीब 11 बजे यहां भूतेश्वर मंदिर से नल्हड़ महादेव मंदिर पहुंचीं। तिरंगा चौक पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इससे पहले सुबह, यात्रा में भाग लेने वाले कई भक्त नल्हड़ मंदिर के लिए रवाना होने से पहले गुरुग्राम के सेक्टर 10 में राधा कृष्ण मंदिर में एकत्र हुए। हरियाणा सरकार ने यात्रा के मद्देनजर नूंह जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गई और



ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा की शुरुआत से पहले नूंह के नल्हड़ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़। • एजेंसी

उसने मोबाइल इंटरनेट एवं एक साथ कई लोगों को एसएमएस भेजने की सेवाओं को 24 घंटे के लिए निलंबित करने का रविवार को आदेश दिया।

पिछले साल 31 जुलाई को नूंह में विश्व हिंदू परिषद की शोभा यात्रा पर भीड़ द्वारा हमला किए जाने के बाद हुई झड़पों में दो होमगार्ड और गुरुग्राम की एक मस्जिद के एक मौलवी समेत छह लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारियों के अनुसार, इस बार यात्रा के दौरान पुख्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले में पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 2,000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया गया है।

### अमरनाथ यात्राः जम्मू से 3,281 तीर्थयात्रियों का 25वां जत्था रवाना

**जम्मू।** जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से 3,281 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार तड़के रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 111 वाहनों में सवार 3,281 तीर्थयात्रियों के 25वें जत्थे ने तड़के 2 बज कर 55 मिनट पर भगवती नगर आधार शिविर से आगे की यात्रा शुरू की। सीआरपीएफ के जवानों ने जत्थे को सुरक्षा मुहैया कराई।

अधिकारियों के मुताबिक, जत्थे में शामिल 1,979 तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे मार्ग से अमरनाथ गुफा मंदिर जाने के लिए पहलगाम पहुंचेंगे, जबकि बाकी 1,302 तीर्थयात्रियों ने गांदेरबल जिले में 14 किलोमीटर के अपेक्षाकृत छोटे, लेकिन कठिन बालटाल मार्ग को यात्रा के लिए चुना है।

# इजराइल ने गाजा के एक हिस्से को खाली करने का दिया आदेश

**गाजा पट्टी, एजेंसी**

- हमास के खिलाफ एक घातक अभियान शुरू करने की योजना बना रही सेना

इजराइली सेना ने सोमवार को गाजा पट्टी में उस हिस्से को खाली करने का आदेश दिया, जिसे उसने मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। सेना ने कहा कि वह हमास के आतंकवादियों के खिलाफ एक अभियान शुरू करने की योजना बना रही है, जो इस क्षेत्र में छिपे हुए हैं और इसका इस्तेमाल इजराइल की ओर रॉकेट छोड़ने के लिए किया है। इस इलाके में मुवासी मानवीय क्षेत्र का पूर्वी हिस्सा शामिल है, जो दक्षिणी गाजा पट्टी पर स्थित है।

इस महीने की शुरुआत में, इजराइल ने कहा था कि उसका अनुमान है कि कम से कम 18 लाख फलस्तीनी अब मानवीय क्षेत्र में हैं। उसने भूमध्य सागर के साथ लगते लगभग 14 किलोमीटर (8.6 मील) की दूरी के हिस्से को मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। संयुक्त राष्ट्र तथा मानवीय समूहों का कहना है कि इस क्षेत्र का ज्यादातर इलाका अब अस्थायी शिविरों से घिरा हुआ है, जहां साफ-सफाई तथा चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है।

यह घोषणा गाजा में संघर्ष विराम की मांग को लेकर हो रही नाजुक वार्ता के दौरान की गई है। अमेरिका और इजराइली अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि संघर्ष विराम को लेकर एक समझौता होने के करीब है।

### आईएएस पूजा खेडकर की मां को न्यायिक हिरासत में भेजा

**पुणे।** पुणे जिले की एक अदालत ने भूमि विवाद को लेकर कथित तौर पर कुछ लोगों को बंदूक दिखाकर धमकाने के आरोप में गिरफ्तार परिवीक्षाधीन आईएएस पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

सोमवार को पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद मनोरमा को प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पिछले साल पुणे की मुलशी तहसील के धडवाली गांव में एक भूमि विवाद को लेकर मनोरमा द्वारा कुछ लोगों को कथित तौर पर बंदूक का भय दिखाकर धमकाने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उनकी और उनके पति दिलीप खेडकर की तलाश शुरू कर दी थी।


**पहली बार ...** रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने तस्वीरों को किया जारी

# न्यूट्रॉन तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद, अंग्रेजी के 'एस' जैसी

**संवाददाता, नैनीताल**

अमृत विचारः वैज्ञानिकों को पहली बार न्यूट्रॉन तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद करने में सफलता मिली है। यह जेट बगीचे में स्प्रे करने वाले फुहारे (स्प्रिंकलर) की तरह है। रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने तस्वीरों को जारी किया है।

तारों की महिमा अपरंपार है। हमारा मध्यम आकार का तारा यानी सूर्य हमारे पूरे सौर मंडल का संचालन करता है, तो समझ सकते हैं कि बड़े विशाल तारों की दुनिया कैसी होती होगी और ब्रह्मांड में किस तरह से अपना वर्चस्व रखते होंगे, जिनके बारे में हम एक तिनका जितनी ही जानकारी हासिल कर सके हैं।



इन्हें पूर्णरूप से समझने के लिए न जाने अभी और कितना समय लगेगा। खगोलीय दुनिया से जुड़े लोगों का कहना है कि हम जितनी भी जानकारी ग्रह नक्षत्रों की जुटाते हैं, उससे कई गुना अधिक जिज्ञासा बढ़ जाती है।

बता दें कि आधुनिक खगोल विज्ञान का अतीत चार सौ साल पुराना है। इस अंतराल में हमारी जानकारी क्षणिकमात्र है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ब्रह्मांड को जानने के लिए अभी कितना लंबा समय और लगेगा।

बहरहाल, चार सदी के बाद न्यूट्रॉन तारे के जेट की पहली तस्वीर देखने को मिली है। बेहद अजीब, किसी गार्डन में पानी का छिड़काव करने वाले फुहारे की तरह है। इस न्यूट्रॉन तारे का आकार अंग्रेजी शब्द 'एस' के समान है। यह जेट सर्किनस एक्स-1 बाइनरी स्टार सिस्टम का हिस्सा है। फुहारे की तरह स्प्रे करने के पीछे कारण तारे के चारों ओर गर्म गैस के कंपन करना है। जिस कारण वह दिशा बदलता है।

रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने विगत 16 जुलाई को यह मूल लेख प्रकाशित किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के खगोलविदों की टीम ने दक्षिण अफ्रीका स्थित रेडियो दूरबीन से यह कामयाबी हासिल की। खोजकर्ता खगोलविदों का कहना है कि उन्होंने पहले ब्लैक होल के चारों ओर जेट के साथ पूर्वता तो देखी थी, लेकिन न्यूट्रॉन सितारों के साथ नहीं देखा था।

यह न्यूट्रॉन तारा बाइनरी सिस्टम सर्सिनस एक्स-1 में स्थित है, जो पृथ्वी से 30,000 प्रकाश वर्ष से अधिक दूर है। इसका निर्माण एक विशाल महादानव तारे के मूल से हुआ था, जो स्टोनहेंज के निर्माण के समय ही नष्ट हो गया था। यह इतना घना है कि इसके एक चम्मच पदार्थ का वजन माउंट एवरेस्ट के बराबर है।

### न्यूट्रॉन तारा व ब्लैक होल में अंतर

**नैनीताल :** न्यूट्रॉन तारे व ब्लैक होल ब्रह्माण्ड के राक्षस के समान हैं। ये तब बनते हैं, जब ब्रह्मांड के सबसे बड़े तारे अपने ही गुरुत्वाकर्षण के कारण खत्म हो जाते हैं। ब्लैक होल काफी अधिक विशाल होते हैं। केवल उनके गुरुत्वाकर्षण प्रभावों के माध्यम से ही उनका पता लगा सकते हैं। न्यूट्रॉन तारों को उनकी सघनता के बावजूद सीधे देख सकते हैं। न्यूट्रॉन तारे ब्रह्मांड में सबसे चरम वस्तुओं में से कुछ हैं और इनका आंतरिक भाग लगभग पूरी तरह से न्यूट्रॉन से बना होता है।